हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

रांची, औरंगाबाद एवं आरा से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.sonvarshavani.com

● रांची ● वर्ष -04 ● अंक - 109 ● रविवार 02 जून 2024 ● रजि नं. - JHAHIN/2022/82776 ● पृष्ठ -12 ● मूल्य : 2 रुपये

## चेन्नई-मुंबई इंडिगो फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

● अफरा-तफरी का माहौल, मचा हड़कंप

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई से मुंबई जाने वाली इंडिगो को एक फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी के बाद अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक 6ए-5314 विमान के एक क्रू को टॉयलट में एक नोट मिला था जिसमें लिखा था कि विमान में बम है। इसके बाद मुंबई एयरपोर्ट पर लगभग पौने नौ बजे




विमान कि इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई और सभी यात्रियों को सुरक्षित निकालकर आइसोलेशन में भेज दिया गया। लैंडिंग के बाद विमान की जांच की जा रही है। वहीं मुंबई एयरपोर्ट पर इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। बता दें कि एक सप्ताह के भीतर ही यह दूसरी बार है जब विमान को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इससे पहले दिल्ली में इंडिगो के विमान को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी।

## पीएम मोदी की 45 घंटे की 'ध्यान' साधना हुई पूरी

### कन्याकुमारी के प्रसिद्ध विवेकानंद रॉक मेमोरियल में की साधना

**चेन्नई (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 45 घंटे की ध्यान साधना पूरी हो गई है। पीएम मोदी ने गुरुवार शाम से देश के सबसे दक्षिणी छोर पर स्थित कन्याकुमारी के प्रसिद्ध विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 45 घंटे की ध्यान साधना शुरू की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विवेकानंद रॉक मेमोरियल में सूर्योदय के समय 'सूर्य अर्घ्य' देने के बाद शनिवार को तीसरे और अंतिम दिन अपनी ध्यान साधना शुरू की थी। पीएम ने एक लोटे से समुद्र में सूर्य को जल अर्पित किया और माला जपी। उन्होंने भगवा वस्त्र पहने हुए थे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। बता दें कि पंजाब के होशियारपुर में चुनावी रैली को संबोधित करने के बाद पीएम मोदी हेलीकॉप्टर से सीधे कन्याकुमारी पहुंचे थे। यहां उन्होंने भगवती अम्मन मंदिर में पूजा-अर्चना की थी। उसके बाद वह नांव पर सवार होकर तट से करीब 500 मीटर दूर समुद्र में चट्टान पर स्थित विवेकानंद रॉक मेमोरियल पहुंचे। यहां उन्होंने अपने 45 घंटे का ध्यान शुरू किया था। उनकी ध्यान साधना आज पूरी हो गई है और अब वो वापस दिल्ली लोट रहे हैं। अंतिम दिन पीएम मोदी ने भगवा वस्त्र पहने हुए थे।



## खड़गे के दिल्ली आवास पर इंडिया ब्लॉक की बैठक

● राहुल-सोनिया, केजरीवाल, अखिलेश समेत 23 नेता रहे मौजूद

### लोकसभा चुनाव रिजल्ट को लेकर रणनीति पर की गई चर्चा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के नेताओं की बैठक शनिवार (1 जून) को कांग्रेस प्रेसीडेंट मल्लिकाजुर्न खड़गे के दिल्ली निवास पर संपन्न हो गई है। इसमें कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, केसी वेणुगोपाल, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, झारखंड सीएम चंपई सोरेन, नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारुक अब्दुल्ला, शरद पवार, एएपी के संयोजक दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव सहित अन्य नेता मौजूद रहे। आज की बैठक में डीएमके और टीएमसी नेताओं ने भाग नहीं लिया है। न्यूज एजेंसी



की खबर के मुताबिक,इंडिया ब्लॉक की बैठक में 4 जून को आने वाले चुनाव नतीजों को लेकर रणनीति तैयार की जा रही है। इंडिया अलायंस की ये 6वीं बैठक है। इससे पहले गठबंधन के नेता पटना, बेंगलुरु, मुंबई और दिल्ली में बैठक कर चुके हैं। एक बार वर्चुअल मीटिंग हुई थी। खड़गे ने पहले ही कहा था कि यह एक अनौपचारिक बैठक है, जहां वे केवल इस बात पर चर्चा करेंगे कि मतगणना के दिन उन्हें किस तरह की तैयारी करनी चाहिए और लोगों को कैसे सतर्क रहना चाहिए, चाहे वो ईवीएम को लेकर हो या फॉर्म 17 सी के को लेकर हो। कांग्रेस पहले ही अपनी स्टेट यूनिट को फॉर्म 17सी को लेकर सतर्क रहने का कह चुकी है। वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस बैठक में शामिल नहीं हुई हैं। ममता ने कहा था कि 1 जून को मेरे घर (बंगाल) में चुनाव है। ममता के अलावा महबूबा मुफ्ती और लालू यादव भी इस मीटिंग में शामिल नहीं हो रहे हैं।

**बंगाल में बवाल**

## हिमाचल-झारखंड में बंपर वोटिंग

### ओडिसा और बिहार फिर पिछड़े, यूपी में वोट देने पहुंचे बुजुर्ग की मौत



नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव-2024 के सातवें और अंतिम फेज में शनिवार को 7 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की 57 सीटों पर वोटिंग संपन्न हो गई है। चुनाव आयोग के वोटर टर्नआउट एप के मुताबिक शाम तक 60 फीसदी से ज्यादा वोटिंग हो चुकी है। सबसे ज्यादा वोटिंग हिमाचल प्रदेश में और सबसे कम वोटिंग बिहार में हुई है। इसके अलावा ओडिशा में विधानसभा चुनाव के लिए कम वोटिंग हुई। 4 राज्यों की 9 विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव की वोटिंग संपन्न हो गई है। बलिया में वोट देने पहुंचे एक बुजुर्ग की पोलिंग बूथ पर मौत हो गई। डॉक्टरों का कहना है कि बुजुर्ग की मौत गर्मी की वजह से हुई। सातवें चरण में भी पश्चिम बंगाल से हिंसा की खबरें आई हैं। पश्चिम बंगाल के भांगर में सीपीएम (एम) और आईएफएस के कार्यकर्ताओं ने टीएमसी समर्थकों पर बम से हमले का आरोप लगाया है। वहीं राज्य के मुख्य निर्वाचन कार्यालय ने ट्वीट करके बताया कि जयनगर के बेनीमाधवपुर स्कूल के पास सेक्टर ऑफीसर से भीड़ ने रिजर्व ईवीएम और कागजात लूट लिए। मशीनों को तालाब में फेंक दिया गया। लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण में यूपी की 13 सीटों पर वोटिंग संपन्न हो गई है। सबसे ज्यादा चंदौली में और सबसे कम सलेमपुर में वोटिंग हुई। गाजीपुर से सांसद अफजाल ने चुनाव आयोग से मतदाताओं को बूथ से भगाने का आरोप लगाया है। अफजाल ने कहा- बूथ संख्या 201 कमपोजिट स्कूल मूर्तजीपुर पर दबंगों ने मतदाताओं को डरा धमकाकर भगा दिया गया है। एकतरफा वोट डाले जा रहे हैं। सपा ने चुनाव आयोग से 7 घंटे में 80 से ज्यादा शिकायतें की हैं। ज्यादातर शिकायतें ईवीएम से जुड़ी हुई हैं। गाजीपुर में गर्मी से दरोगा समेत 3 पुलिसकर्मी बेहोश हो गए। तीनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं, बलिया में वोट देने पहुंचे एक बुजुर्ग की पोलिंग बूथ पर मौत हो गई।



## सीएम केजरीवाल को कोर्ट से नहीं मिली राहत

### तिहाड़ से देखने पड़ेंगे लोकसभा चुनाव के नतीजे

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की एक कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई 7 जून तक के लिए स्थगित कर दी। इसका मतलब है कि केजरीवाल को कल यानी 2 जून को जेल लौटना होगा, जो अंतरिम जमानत की समय सीमा थी, जिसके तहत वह आम आदमी पार्टी (आप) और विपक्षी दल इंडिया गठबंधन के लिए प्रचार कर सकते थे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली शराब नीति मामले से जुड़े कथित धन शोधन को लेकर केजरीवाल द्वारा दायर जमानत याचिका का विरोध किया। ईडी ने विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा को बताया कि केजरीवाल ने तथ्यों को दबा दिया है तथा अपने स्वास्थ्य सहित अन्य मुद्दों पर गलत बयान दिए हैं। ईडी के वकील सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केजरीवाल ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भ्रामक दावा किया कि वह 2 जून को सरेंडर करने जा रहे हैं।



## मोदीजी की साधना से बेहतर हुआ मौसम...

● गर्मी कम होने पर 'कन्याकुमारी' वाला दिया ज्ञान

लखनऊ (एजेंसी)। एक जून को महीना बदलने के साथ ही उत्तर प्रदेश में मौसम भी थोड़ा खुशनुमा सा महसूस हुआ। बीते कई दिनों से भीषण गर्मी झेल रहे लोगों को थोड़ी राहत महसूस हुई। हालांकि गोरखपुर से सांसद रवि किशन के अनुसार मौसम के बदलाव की वजह



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। रवि ने कहा है कि कन्याकुमारी में पीएम के साधना करने की वजह से ही मौसम खुशनुमा हो गया है। रवि किशन ने शनिवार को कहा, प्रधानमंत्री जी जैसे ही साधना में लीन हुए, वैसे ही मौसम में बदलाव आने लगा। वो जैसे ही लीन होते हैं पूरा मौसम बदल जाता है। प्रधानमंत्री की साधना से ही मौसम बेहतरीन हुआ है। वो जब साधना करते हैं तो उनके साथ शक्तियां होती हैं।

## वो ना मुझसे मिले, ना ही फोन पर की कोई बात

● मालीवाल बोलीं-केजरीवाल के बर्ताव से मैं बहुत आहत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एएपी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल का कहना है कि उनके साथ हुई मारपीट मामले में वे पार्टी प्रमुख और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के रवैये से बहुत दुखी और आहत हैं। मालीवाल ने कहा कि इस घटना के बाद से वे ना तो मुझसे मिले और ना ही उन्होंने मुझसे बात की, जबकि मैं तब से उनके साथ हूं जब उनके पास कोई पद और प्रतिष्ठा नहीं थी। शुक्रवार को एएनआई से बात कहते हुए मालीवाल ने कहा, मैं अरविंद केजरीवाल जी के बर्ताव से बहुत आहत हूं, बहुत दुखी हूं। मैं और मेरा पूरा परिवार ट्रॉमा में हैं क्योंकि मैं 2006 से काम कर रही हूं। मैं तब से काम कर रही हूं, जब कोई पद और प्रतिष्ठा नहीं थी, तब दो राज्यों में सरकारें नहीं थीं। मैं तब से शिद्दत से, निःस्वार्थ तरीके से, बहुत मेहनत से और ईमानदारी से काम करती आई हूं। पर सच तो यह है कि मुझे ड्राइंग रूम में जब बुरी तरह से लात-घूंसों और थप्पड़ों से मारा-पीटा जा रहा था, तब वो नहीं आए।

# फिर आएगी मोदी सरकार

### 5 एग्जिट पोल में एनडीए 350 पार, इंडिया को 125 से 150 सीटें

### एग्जिट पोल में 'एनडीए' बम-बम, हर ओर लहर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदान संपन्न हो चुका है। अब एग्जिट पोल के परिणाम सामने आ गए हैं। एग्जिट पोल के नतीजों पर गौर करें तो बीजेपी ने 2019 की तुलना में अपने वोट शेयर और सीटों की संख्या में इजाफा करती दिख रही है। इतना ही नहीं, अगर एग्जिट पोल के परिणाम फाइनल नतीजे में बदलते हैं तो एनडीए इस चुनाव में पीएम मोदी के द्वारा दिए गए नारे अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को हासिल करता दिख रहा है। लोकसभा चुनाव के सातों फेज की वोटिंग खत्म, नतीजे 4 जून को आएंगे लेकिन उससे पहले तमाम न्यूज चैनलों और एजेंसियों के एग्जिट पोल आ गए हैं। 5 एग्जिट पोल में एनडीए को 350 से ज्यादा तो इंडिया को 125 से 150 सीटें मिलने का अनुमान है। अगर गठबंधन की बात करें तो एनडीए दो तिहाई बहुमत के साथ सरकार बनाता दिख रहा है। एनडीए के खाते में 367-403 सीटें जाती दिख रही हैं। वहीं, इंडिया गठबंधन को 129-161 सीटों से संतोष करना पड़ सकता है। अन्य के खाते में महज 7-18 सीटें जा रही हैं। एग्जिट पोल के पूर्वानुमान के मुताबिक, बीजेपी को अकेले 318-342 सीटें जाती दिख रही हैं। कांग्रेस को 53-66 सीटों पर ही संतोष करना पड़ सकता है। वहीं, पश्चिम बंगाल में अपने दम पर चुनाव लड़ रही टीएमसी को 19-23 सीटें मिल रही हैं।

## भारत ने चेताया तो ऐक्शन में आई श्रीलंका पुलिस

● आईएसआईएस का हैंडलर गिरफ्तार, भारत के खिलाफ रच रहा था साजिश

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका की पुलिस ने प्रतिबंधित इस्लामिक स्टेट आतंकी संगठन के साथ कथित संबंधों के कारण भारत में अहमदाबाद हवाई अड्डे से गिरफ्तार किए गए चार श्रीलंकाई नागरिकों के संदिग्ध आका (हैंडलर) को गिरफ्तार कर लिया है। 'डेली मिरर' पोर्टल ने बताया कि कोलंबो में आपराधिक जांच विभाग ने गेरार्ड पुष्पराजा उस्मान को गिरफ्तार किया। श्रीलंकाई पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी में मददगार साबित होने वाली विश्वसनीय जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपए नकद इनाम देने की घोषणा की थी। गुजरात के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने आईएसआईएस से संबंध रखने के आरोप में चार श्रीलंकाई नागरिकों को अहमदाबाद में हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया था। ये लोग 'इंडिगो' की उड़ान के जरिए श्रीलंका की राजधानी कोलंबो से 19 मई को चेन्नई पहुंचे थे।

## सलमान खान पर हमले की बड़ी साजिश नाकाम

● रेकी करते पकड़े गए लॉरेंस बिश्नोई गैंग के 4 शूटर

मुंबई (एजेंसी)। नवी मुंबई पुलिस ने शनिवार को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के चार शूटरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक ये चारों पनवेल में सलमान खान की कार पर हमले की साजिश कर रहे थे। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान से हथियार मंगवाने की भी योजना बनाई जा रही थी। सलमान खान के पनवेल स्थित फार्म हाउस



के पास से ही इन शूटरों को गिरफ्तार किया गया है। नवी मुंबई पुलिस ने इस साजिश का पर्दाफाश किया है। जानकारी के मुताबिक ये चारों देर रात रेकी कर रहे थे। पहले ही पुलिस को जानकारी मिली थी कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग के कुछ लोग पनवेल में हैं और सलमान खान को मारने की साजिश कर रहे हैं। यह भी सामने आया है कि तीन तरह के हथियारों की डील पाकिस्तान के सप्लायर से हुई थी। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने पूरी प्लानिंग कर ली थी।

**ना कागज, ना हाजिरी!**

## संसद में नए अंदाज में होगा नए सांसदों का स्वागत

● लोकसभा सचिवालय ने शुरू की तैयारी, स्पेशल टीम का गठन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनावों का सातवां और आखिरी चरण का मतदान शनिवार को समाप्त हो गया। उसके बाद 4 जून को मतों की गिनती होने वाली है। यानी 4 जून को यह तय हो जाएगा कि 18वीं लोकसभा के माननीय सदस्य कौन-कौन बने हैं। नए सदस्यों के स्वागत और उनकी खातिरदारी के लिए लोकसभा सचिवालय भी पूरे जोर-शोर से लगा हुआ है। इसके लिए कई व्यवस्थाएं की गई हैं। इतना ही नहीं अधिकारियों की एक स्पेशल टीम को इस काम के लिए लगाया गया है। इस बार लोकसभा सचिवालय ने नए सांसदों के पंजीकरण प्रक्रिया को पूरी तरह से पेपरलेस और तकनीक आधारित बनाया है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया ऑनलाइन एकीकृत सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन के माध्यम से की जाएगी। पंजीकरण प्रक्रिया 5 जून से 14 जून के बीच जारी रहेगी और शनिवार- रविवार को भी रजिस्ट्रेशन जारी रहेगा। 4 जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना के बाद सबसे पहले चुनाव आयोग निर्वाचित उम्मीदवारों की अधिसूचना जारी करेगा। इसके बाद नवनिर्वाचित सांसदों का दिल्ली आना शुरू हो जाएगा। उनकी यात्रा से पहले लोकसभा सचिवालय के नोडल अधिकारी उनसे संपर्क करेंगे और दिल्ली पहुंचने पर एयरपोर्ट या रेलवे स्टेशनों पर उनका स्वागत करेंगे।



## 'पशु बलि' को लेकर केरल कर्नाटक सरकार में ठनी

### केरल सरकार का दावा-झूठ बोल रहे हैं डीके शिवकुमार

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** केरल सरकार ने शनिवार को कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के उस दावे को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि उत्तरी केरल में एक मंदिर के पास उनके (शिवकुमार), मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और कांग्रेस सरकार को लक्ष्य करके पशु बलि दी गई थी। केरल के देवस्वोम मंत्री के राधाकृष्णन ने कहा कि शिवकुमार ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और कांग्रेस सरकार और खुद उनके (शिवकुमार) को लक्ष्य करके राज्य के कन्नूर जिले के तालीपरम्बा में राजराजेश्वर मंदिर के पास पशु की बलि दिए जाने का बड़ा आरोप लगाया है। मंत्री ने कहा, हमने दावे की जांच की और मालाबार देवस्वोम बोर्ड से भी संपर्क किया। हमें जो प्रारंभिक रिपोर्ट मिली है उसके अनुसार मंदिर में या उसके आसपास ऐसा कुछ नहीं हुआ है। देवस्वोम बोर्ड ने भी इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि इस बात की जांच होनी चाहिए कि शिवकुमार ने ऐसा आरोप क्यों लगाया। राधाकृष्णन ने यह भी कहा कि सरकार इस बात की जांच कर रही है कि क्या कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री द्वारा लगाए गए आरोपों जैसा कुछ केरल में कहीं और हुआ है, लेकिन शुरुआती जांच के अनुसार राज्य में ऐसी कोई घटना नहीं हुई है।



## खास खबर

## एक्सट्रीम बार डीजे हत्याकांड : तीन अन्य गिरफ्तार

### संदीप को गोली मारने के बाद राइफल को छिपाया था बड़े भाई के दुकान में

**रांची।** चुटिया इलाके में बीते 26 मई की रात डीजे संदीप की गोली मारकर हत्या मामले में रांची पुलिस को सफलता हाथ लगी है। रांची पुलिस की टीम ने हत्या में इस्तेमाल .315 बोर की राइफल को जब्त कर लिया है। पुलिस ने 30 राउंड जिंदा गोली, तीन पीस खोखा भी जब्त किया है। उक्त जानकारी एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने कहा कि घटना में इस्तेमाल चार गाड़ी जब्त किया है। हत्याकांड के इस्तेमाल हथियार को छिपाने में सहयोग करने वाले तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसमें पंकज कुमार उर्फ सोनू सिंह, सुमित सिंह उर्फ रोबिन्स कुमार और आलोक कुमार शामिल है।

## झारखंड में नहीं थम रहा खूनी खेल

• हर दिन पांच मर्डर, तीन महीने में 434 हत्या

**रांची।** राजधानी रांची समेत झारखंड में इन दिनों खूनी खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। झारखंड पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक झारखंड में साल 2023 की तुलना में साल 2024 में हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं। साल 2023 में जनवरी-मार्च महीने तक हत्या की 399 घटनाएं हुई थीं। वहीं साल 2024 में यह घटना बढ़ कर 434 हो गयी। यानी हर दिन पांच लोगों की हत्या झारखंड में हो रही है। इसके अलावा संगीन अपराध की बात की जाए, तो राज्य में साल 2024 में पिछले तीन महीने के दौरान 2,744 चोरी, 100 लूट और 338 दुष्कर्म की घटनाएं हुई हैं।

**• सबसे अधिक राजनीतिक हत्याएं**

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार देशभर में सबसे अधिक राजनीतिक कारणों से हत्या झारखंड में हुई है। देशभर में राजनीतिक कारणों से 59 व्यक्तियों की हत्या हुई है, जिनमें सबसे अधिक 17 झारखंड में हुई है। हालांकि हत्या के सबसे अधिक मामले यूपी में दर्ज किये गये हैं। वहीं हत्या के मामले में झारखंड देश में आठवें पायदान पर है।

**• पुलिस फाइल से केस डायरीः-**

- 31 मई 2024: पलामू में ग्रामीण की गोली मारकर हत्या
- 31 मई 2024: रामगढ़ में लूट के दौरान बुजुर्ग महिला की हत्या
- 21 मई 2024: सराइकेला में शौच के लिए खेत में गयी महिला की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या
- 08 मई 2024: धनबाद में स्कूल से घर लौट रही छात्रा की धारदार हथियार से हत्या
- 17 अप्रैल 2024: हजारीबाग में मेला देखकर लौट रहे युवक की गोली मारकर हत्या
- 03 अप्रैल 2024: लातेहार में तीन लोगों की हत्या कर शव को तालाब में फेंक दिया
- 5 मई 2024: गिरिडीह कोर्ट में गवाही देने आ रहे युवक की हत्या
- 25 मार्च 2024: बोकारो में महिला की हत्या कर शव को जलाया

## भारत निर्वाचन आयोग ने जारी की रिपोर्ट

### सोशल मीडिया परफॉर्मेंस इंडेक्स में झारखंड को पहला स्थान



**रांची।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाने में सक्रियता के आधार पर देशभर के टॉप 10 राज्यों की सूची में झारखंड पहले पायदान पर रहा है।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गुरुवार की शाम को जारी किए गए 'सोशल मीडिया परफॉर्मेंस इंडेक्स' में झारखंड को पहला स्थान प्राप्त हुआ है। बता दें कि झारखंड में मतदाता जागरूकता को लेकर लगातार कई बड़े सोशल मीडिया अभियान चलाए गए हैं। झारखंड के सीईओ (मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी) के रवि कुमार ने कहा कि किसी भी सामाजिक मुद्दों को लेकर जागरूकता अभियान चलाने में सोशल मीडिया की भूमिका अहम है। झारखंड के सीईओ (मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी) के रवि कुमार ने कहा कि वर्तमान परिवेश में मतदाता जागरूकता जैसे किसी भी सामाजिक मुद्दों को लेकर जागरूकता अभियान चलाने के लिए सोशल मीडिया एक सशक्त और प्रभावी माध्यम है। इस बार झारखंड में इस दिशा में सोशल मीडिया का सकारात्मक प्रयोग किया गया। न केवल मुख्यालय स्तर से कई सोशल मीडिया अभियान चलाए गए, बल्कि राज्य के कुछ जिला निर्वाचन पदाधिकारियों ने भी अपने स्तर पर कई हैशटैग अभियान चलाए। इनमें आम लोगों की भी अहम सहभागिता रही। कई हैशटैग अभियान देशभर में ट्रेंड भी हुए। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी आम नागरिकों से इसी तरह की सकारात्मक भूमिका की अपेक्षा होगी।

## प्रेरणास्रोत के रूप में याद किये जायेंगे राधेश्याम अग्रवालः रघुवर दास



**रांची।** ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास ने वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम अग्रवाल के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। श्री दास ने कहा कि यह अविश्वसनीय है कि राधेश्याम अग्रवाल इतनी शीघ्र दुनिया को छोड़कर दूसरे लोक चले जायेंगे। जमशेदपुर दौरे के दौरान श्री अग्रवाल का आवास पर मिलना अंतिम हो गया, ऐसा विश्वास से परे है। रघुवर दास ने कहा है कि 1980 में जमशेदपुर से उदितवाणी के रूप में पहला हिंदी दैनिक शुरू करने के बाद से ही उनका श्री अग्रवाल के साथ मधुर संबंध था। श्री दास ने कहा है कि जमशेदपुर ने एक ऐसा पत्रकार खो दिया है, जिसने अपनी लेखनी से मानवता की सेवा की और प्रशासन और जनता की शिकायतों के बीच सेतु के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। उन्हें जमशेदपुर में दैनिक समाचार पत्रों के प्रकाशन के प्रेरणास्रोत के रूप में याद किया जायेगा। श्री दास ने राधेश्याम अग्रवाल के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा है कि मृत्यु पर आदमी का वश नहीं चलता है। हानि-लाभ, जीवन-मरण, यश-अपयश ऊपर वाले के हाथ में है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिजनों को दुःख सहने की शक्ति दें। श्री दास ने स्व अग्रवाल के पुत्र से बात कर सांत्वना दी।

**अर्जुन मुंडा ने जताया शोक**

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शोक संदेश में कहा कि जमशेदपुर के पत्रकार राधेश्याम अग्रवाल के निधन का दुःखद समाचार मिला। उनके निधन से पत्रकारिता जगत को क्षति हुई है। ईश्वर उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें। उनके परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति दें।

## डोरंडा में चली गोली 9 साल के बच्चे के पैर में लगी

**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र के मिस्त्री मोहल्ला में अब से कुछ देर पहले गोली चली है। मिली जानकारी के अनुसार 9 साल के बच्चे के पैर में गोली लगी है। बच्चे को सदर अस्पताल ले जाया गया है। सदर अस्पताल ने बच्चे को रिम्स रेफर कर दिया। गोली मिर्जा अरशद बेग को लगी है। मौके पर डोरंडा थाना की पुलिस पहुंच गई है। गोली किसने व क्यों चलाई इसकी छानबीन की जा रही है।

# गरीब रथ के छूटने का समय होने के बाद अचानक बदला गया प्लेटफार्म

## रांची रेलवे स्टेशन में अफरा-तफरी, कई यात्री हुए घायल



**रांची।** यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिए चाहे जितने दावे कर लिए जाएं, समय-समय पर रेल यात्रियों की कुप्रबंधन का खामियाजा भुगतना ही पड़ता है। ऐसा ही कुछ हुआ शुक्रवार को रांची से नई दिल्ली जाने वाली गरीब रथ एक्सप्रेस के यात्रियों के साथ।

**स्टेशन में मची अफरा-तफरी से कई यात्री हुए घायल :-** ट्रेन के रवाना होने का समय पार कर जाने के बाद इस ट्रेन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर आने की सूचना प्रसारित की गई। ट्रेन के समय से ज्यादा समय बीत चुका था इस वजह से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। प्लेटफार्म संख्या एक पर खचाखच भरे यात्री एक साथ हड़बड़ी में प्लेटफार्म संख्या तीन पर पहुंचने के लिए जद्दोजहद करने लगे। ऐसे में फुट ओवरब्रिज के समीप भगदड़ की स्थिति बन गई। इस अफरातफरी के बीच कई यात्रियों को दूसरे यात्रियों के सामान से चोटें आई। एक-दूसरे कई यात्री उलझ भी पड़े। तमाम यात्री रेलवे की व्यवस्था को कोसते हुए नजर आए।

**पूछताछ केंद्र पर नहीं मिल रही थी जानकारी :-** आमतौर पर यह ट्रेन रांची रेलवे स्टेशन के एक नंबर प्लेटफार्म से रवाना होती है। ट्रेन रांची से चलती है तो जाहिर है कि बड़ी संख्या में लोग इसमें सवार होते हैं। इस ट्रेन के रवाना होने का समय शाम का 4.25 बजे है। शाम चार बजे से पहले ही यात्रियों का जमावड़ा प्लेटफार्म संख्या एक पर शुरू हो गया। यात्री निश्चिंत थे कि ट्रेन इसी प्लेटफार्म से छूटेगी। हालांकि उस समय इस प्लेटफार्म पर रांची से पटना जानेवाली वंदे भारत ट्रेन खड़ी थी। वंदेभारत में ज्यादातर यात्री सवार हो चुके थे और खचाखच भरे प्लेटफार्म पर जो भीड़ थी वह गरीब रथ के यात्रियों की थी।

स्टेशन के बाहरी हिस्से में बने पूछताछ केंद्र पर यात्री जा-जाकर पूछते रहे कि गरीब रथ कब आएगी। यह भी सुनिश्चित करने की कोशिश में रहे कि क्या यह ट्रेन प्लेटफार्म संख्या एक से ही छूटेगी? पूछताछ केंद्र पर इस महत्वपूर्ण ट्रेन के बारे में कोई अपडेट नहीं दिया जा रहा था। इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले बोर्ड पर ट्रेन का नाम व नंबर तो डिस्प्ले हो रहा था लेकिन प्लेटफार्म संख्या नहीं।

**ट्रेन के समय से ज्यादा समय बीत जाने पर उतावले हुए यात्री :-** घड़ी की सुई जैसे-जैसे ट्रेन के निर्धारित समय 4.25 की ओर बढ़ रही थी, यात्रियों का धैर्य जवाब दे रहा था। ट्रेन का निर्धारित समय बीत जाने के बाद अचानक उद्घोषणा की गई कि गरीब रथ के आने की सूचना हो गई है और यह ट्रेन प्लेटफार्म संख्या तीन पर आएगी। फिर क्या था, अपने-अपने सामान उठाकर हड़बड़ी में यात्री फुट ओवरब्रिज की ओर बढ़ चले। इस अफरातफरी में यात्रियों के मन में यह भय समा गया कि ट्रेन का समय हो चुका है और कहीं उनकी ट्रेन छूट न जाए। फुट ओवरब्रिज पर धक्कामुक्की होने लगी। हालांकि गनीमत यह रही कि ट्रेन लेट से प्लेटफार्म पर आई। करीब चालीस मिनट विलंब से रवाना हुई। तब तक किसी तरह सभी यात्री सवार हो गए थे।

## किसी को दी गई जमानत तब तक निरस्त नहीं होगी... जब तक शर्तों का उल्लंघन न किया गया होः हाई कोर्ट




**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एके चौधरी की अदालत ने एक मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि अगर किसी अभियुक्त को एक बार जमानत दे दिया जाता है, उसकी जमानत तब तक निरस्त नहीं की जा सकती जब तक कि वह जमानत की शर्तों का उल्लंघन न करे या निष्पक्ष सुनवाई में बाधा न डाले। हाई कोर्ट ने निचली अदालत के आदेश को सही मानते हुए उसमें हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया और प्रार्थी की याचिका खारिज कर दी। जमशेदपुर सिविल कोर्ट ने दीक्षा कुमारी को एक आपराधिक मामले में आपसी समझौते के आधार पर जमानत दी थी। जिसके खिलाफ अमित कुमार ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर जमानत निरस्त करने का आग्रह किया। सुनवाई के दौरान प्रार्थी अमित कुमार के अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि प्रतिवादी दोनों पक्षों के बीच हुए समझौते की शर्तों का पालन करने में विफल रहा है। राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि समझौते की शर्तों का पालन न करना जमानत निरस्त करने का आधार नहीं बन सकता है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने जमशेदपुर कोर्ट के द्वारा दीक्षा कुमारी को दी गई जमानत को निरस्त करने से इनकार कर दिया और अमित कुमार की याचिका खारिज कर दी। जमशेदपुर कोर्ट ने दीक्षा कुमार को वर्ष 2022 में जमानत दी थी।

## कुख्यात अमन साहू का सहयोगी 3 लाख का इनामी प्रमोद यादव मुठभेड़ में ढेर



**रांची।** कोसी-सीमांचल क्षेत्र के साथ-साथ कई इलाकों में अपना आतंक फैला चुका कुख्यात प्रमोद यादव मुठभेड़ में ढेर हो गया. कुख्यात प्रमोद यादव झारखंड के कुख्यात अमन साहू का बहुत खास सहयोगी था. अमन साहू साहू के सदस्यों को पनाह प्रमोद यादव देता था. मुठभेड़ में मारा गया कुख्यात प्रमोद यादव पर बिहार पोलिस ने 3 लाख का इनाम भी रखा था. मृतक प्रमोद पर डेढ़ दर्जन से ज्यादा हत्या, लूट, डकैती समेत अन्य मामले दर्ज है। वर्ष 2020 के जनवरी माह में हथियार से लैस प्रमोद यादव गैंग ने पूर्णिया जिले के धमदाहा थाना क्षेत्र में पुलिस टीम पर जानलेवा हमला किया था. उसी वर्ष जून माह में जमीन पर अवैध कब्जा करने को लेकर वह पुलिस बनकर आया और अपने गांव हथिऔंधा के ही इन्द्रदेव की गोली मारकर हत्या कर दी थी. वहीं, 2021 में उसने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर पूर्णिया जिले के बड़हारा थाना क्षेत्र के मोजमपट्टी गांव के अरुण कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी थी, जो अपनी पत्नी के हत्याकांड के मुख्य गवाह थे।

## मंत्री आलमगीर आलम,पीएस संजीव लाल,निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम समेत 9 आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ी






**रांची ।** झारखंड की चर्चित टेंडर घोटाला मामले मे मंत्री आलमगीर आलम समेत 9 आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है. अब इनकी अगली पेशी 15 जून को होगी. मंत्री आलमगीर आलम, उनके पीएस संजीव लाल एवं सहायक जहांगीर आलम, निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम समेत सभी 9 आरोपियों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) से पीएमएलए की विशेष कोर्ट में शनिवार को हुई। दरअसल टेंडर घोटाला मामले में ईडी की पहली कार्रवाई 21 फरवरी 2023 को की थी. इस समय ग्रामीण विकास विभाग के तत्कालीन चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के कई ठिकाने पर ईडी ने छापेमारी की थी. इसके बाद 23 फरवरी 2023 को ईडी ने वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था. जिसके बाद वीरेंद्र राम के करीबी और सहयोगियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था. वीरेंद्र राम को रिमांड पर लेकर हुई ईडी की पूछताछ में टेंडर कमीशन में कई लोगों के शामिल होने की जानकारी ईडी को मिली थी. जिसके आधार पर ईडी ने कार्रवाई करते हुए 6 मई 2024 को कई इंजिनियर ठेकदार, कॉन्ट्रेक्टर और मंत्री आलमगीर आलम के पर्सनल सेक्रेटरी संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने पर छापेमारी की थी. उस छापेमारी में संजीव लाल के सहायक जहांगीर आलम के आवास से 37 करोड़ से अधिक कैश ईडी की टीम ने बरामद किया था. 6 मई को मंत्री संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम को पूछताछ के बाद 7 मई को ईडी ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया और 14 दिनों तक रिमांड पर लेकर ईडी ने दोनो से पूछताछ की. वहीं इस मामले में मंत्री आलमगीर आलम को दो दिनों की पूछताछ के बाद 15 मई को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया और 14 दिनों तक रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई. 30 मई को आलमगीर आलम को पीएमएलए की विशेष कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# हत्यारोपित अभिषेक को लेकर बड़ा खुलासा

**रांची।** तुपुदाना ओपी की पुलिस ने बार में डीजे संदीप प्रमाणिक की हत्या करने वाले आरोपित अभिषेक सिंह उसके भाई रौशन, राहुल रंजन, अनिश कुमार, रोहित सिंह, आलम खान और अनवर आलम के खिलाफ वाहन चोरी कर बेचने के आरोप में केस किया है। इस मामले में तुपुदाना ओपी प्रभारी दुलाल महतो के बयान पर केस हुआ है। दुलाल महतो का कहना है कि उन्हें सूचना मिली मिली थी कि तुपुदाना ओपी क्षेत्र में एक व्यक्ति कार से संदिग्ध हालत में घूम रहा है। पुलिस की मौके पर पहुंची तो कार चालक भागने लगा। पुलिस ने कार चालक को घेरकर पकड़ा तो उसने अपना नाम राहुल रंजन बताया। गाड़ी की जांच की गई तो वह चोरी की निकली। पुलिस ने राहुल से पूछताछ की तो उसने इस बात का खुलासा किया कि तुपुदाना इलाके में रौशन सिंह का गैरेज है। इस गिरोह के सदस्य अभिषेक सिंह, रौशन, अनिश कुमार, रोहित सिंह, आलम खान और अनवर आलम वाहन चोरी कर उसे बेचने का काम करते हैं। गिरोह के हर सदस्य को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। इस गिरोह के द्वारा धुर्वा, जगन्नाथपुर, अरगोड़ा और तुपुदाना इलाके से स्कार्पियो चोरी कर बेचा जा चुका है। अभिषेक सिंह को पुलिस हत्या के केस में जेल भेज चुकी है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है। पुलिस के सामने राहुल रंजन ने खुलासा किया है कि इस गिरोह द्वारा गाड़ी चोरी करने के बाद गाड़ी को रौशन सिंह और अभिषेक सिंह के गैरेज में लाया जाता था। वहां गाड़ी का नंबर प्लेट बदला जाता था। गाड़ी का रंग भी बदल दिया जाता था। इसके बाद गाड़ी को गिरोह के सदस्य सीवान ले जाते थे और वहां बेच देते थे। कुछ दिन पहले ही राहुल, अनिश, अभिषेक, रौशन और अनवर चोरी का स्कार्पियो लेकर सीवन गए थे और सीवान में रहने वाले आलम खान और रोहित को बेचा था। पुलिस ने राहुल के पास से जो कार बरामद किया है उसमें से भी चार नंबर प्लेट पुलिस ने बरामद किया था। चुटिया थाना की पुलिस अभिषेक सिंह से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने अभिषेक को चार दिन के लिए रिमांड पर लिया है। अभिषेक ने अपने कई साथियों का नाम पुलिस को बताया है। पुलिस सभी का सत्यापन कर रही है। अभी तक अभिषेक सिंह ने पुलिस को यह नहीं बताया है कि जिस हथियार से गोली मारी गई थी, वह कहां है। पुलिस की जांच में इस बात का खुलासा हो गया है कि अभिषेक के पास जो हथियार था उसका लाइसेंस फर्जी है।




भाई और साले के साथ चला रहा था वाहन चोरी गैंग

**मुख्य आरोपित अभिषेक सिंह का साला है राहुल रंजनः** तुपुदाना पुलिस ने चोरी की गाड़ी के साथ आरोपित राहुल रंजन को पकड़ा तो पता चला कि राहुल मुख्य आरोपित अभिषेक सिंह का साला है। अभिषेक सिंह अपने भाई रौशन और साला राहुल के साथ मिलकर कई दिनों से वाहन चोरी कर बेचने का काम करता था। इनके द्वारा दर्जनों वाहनों को बेच दिया गया है। पुलिस इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही है कि किस किस इलाके से इनके द्वारा वाहन चोरी किया गया है।

## मिट्टी खुदाई के दौरान हादसा,दो की मौत,कई लोगों को बचाया गया



**रांची ।** रांची के बेड़ो इलाके में मिट्टी खुदाई के दौरान हुए हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है. मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है. मिली जानकारी के अनुसार इलाके में व्हाइट मिट्टी की कटाई चल रही थी इसी दौरान जमीन धंस गई जिसमें कई लोग दब गए. मौके पर मौजूद लोगों के द्वारा ही तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया इसमें दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया लेकिन दो लोगों की मौत हो गई। रांची के बेड़ो थाना क्षेत्र के बोदो गांव में मिट्टी खुदाई का कार्य पिछले दो दिनों से चल रहा था. जिसमें ग्रामीण बड़ी संख्या में खुदाई के कार्य में लगे हुए थे, खुदाई के दौरान ही अचानक मिट्टी का एक बड़ा हिस्सा धंस गया. इस घटना में मिट्टी खुदाई का कार्य कर रहे चार लोग अंदर ही दब गए. स्थानीय लोगों ने पहले खुद से बचाव कार्य शुरू किया, जानकारी मिलने के बाद बेड़ो बीडीओ, सीओ और बेड़ो थाना प्रभारी भी जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे और मिट्टी के अंदर दबे दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया लेकिन इस हादसे में दो की दर्दनाक मौत हो गई। बेड़ो थाना प्रभारी प्रताप मिंज ने बताया कि दो लोगों को जमीन के अंदर से सुरक्षित निकाल लिया गया है हालांकि इस घटना में दो लोगों की मौत भी हो गई है. दोनों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया गया है।

# आचार संहिता के बाद एमपी की तर्ज पर ट्रिपल टेस्ट की तैयारी

## अगस्त तक निकाय चुनाव करा सकती है सरकार

**रांची।** हाइकोर्ट की सख्ती के बाद राज्य सरकार और राज्य पिछड़ा आयोग नगर निकाय चुनाव की तैयारी में जुट गयी है। लोकसभा चुनाव आचार संहिता के दौरान भी आयोग की टीम अपने काम में जुटी रही। आयोग की एक टीम मध्य प्रदेश गयी थी, जहां पर सरकार ने ट्रिपल टेस्ट कराया था। यह टीम मध्यप्रदेश में अध्ययन करके वापस झारखंड लौट चुकी है। टीम ने अपनी रिपोर्ट आयोग को सौंपी। इसकी समीक्षा करने के बाद आयोग ने अपनी रिपोर्ट सरकार को दे दी है। सरकार के साथ आयोग भी चार जून का इंतजार कर रहा है। चार जून को आचार संहिता खत्म होने के बाद आयोग 48 नगर निकाय में ट्रिपट टेस्ट की कवायद तेज होगी। इसके जरिये सरकार राज्य में रह रहे पिछड़ा वर्ग के लोगों की गणना की करायेगी। पिछले साल मध्य प्रदेश सरकार ने ट्रिपल टेस्ट कराकर पिछड़ों की गणना करायी थी। इसलिए राज्य पिछड़ा आयोग ने अपनी टीम को मध्य प्रदेश भेजा था, ताकि ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया और बारीकियों को समझा जा सके। आयोग ने दावा किया है कि सरकार की अनुमति प्रदान होते ही ट्रिपल टेस्ट का काम 15 दिनों में पूरी कर लिया जायेगा। इसके बाद 48 नगर निकायों के विभिन्न वार्डों को चिह्नित कर एक रिपोर्ट दी जायेगी कि कौन सा वार्ड ओबीसी के लिए आरक्षित होगा।

**28 अप्रैल को समाप्त हो चुका है कार्यकाल**

रांची नगर निगम समेत राज्य के 34 नगर निकायों का कार्यकाल 28 अप्रैल को समाप्त हो गया है। इसके बाद सरकार नगर निकायों में जनता द्वारा चुने गये जनप्रतिनिधियों के अधिकार समाप्त हो गये। निकायों के बोर्ड भी भंग हो गये हैं। इसके बाद मेयर, डिप्टी मेयर, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, वार्ड पार्षद सभी अधिकारविहीन हो गये हैं। शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राज्य को मिलने वाली अनुदान राशि भी बंद है।

# दिल्ली से रांची आ रही राजधानी एक्सप्रेस के पहिए में लगी आग

**रांची ।** दिल्ली से रांची आ रही राजधानी एक्सप्रेस के पहिए में अचानक आग लग गई, जिससे यात्रियों के होश उड़ गए. यह घटना रफीगंज स्टेशन के पास घटी. जिससे ट्रेन में बैठे यात्रियों के बीच अफरा तफरी का माहौल में हो गया. यह घटना शनिवार अहले सुबह करीब 3:30 बजे की है। धुआं दिखते ही ट्रेन को अचानक रोका गया और फिर लगभग एक घंटे तक ट्रेन के चक्कों की जांच की गई. ट्रेन के चक्कों के पास धुआं देखते ही सभी यात्री ट्रेन से उतर गए और मदद की गुहार लगाने लगे. यात्रियों की परेशानी को देखते हुए ट्रेन की टेक्निकल टीम ने पूरे ट्रेन को चेक किया और जब पूरी तरह से धुआं समाप्त हो गया तब फिर ट्रेन को चालू किया गया। वहीं कुछ यात्रियों ने बताया कि ट्रेन में चेन पुलिंग की गई थी. जिस वजह से चक्के से धुआं निकलने लगा. हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, घटना की वजह से ट्रेन अपने निर्धारित समय से करीब एक घंटे लेट रांची पहुंची है। पूरी घटना पर रेलवे अधिकारी निशांत कुमार ने बताया कि ट्रेन सुरक्षित रूप से रांची पहुंच गई है. घटना को लेकर विस्तृत जानकारी ली जाएगी कि आखिर किन वजह से चक्कों से धुआं निकलना शुरू हुआ. यह किसी की गलती है या फिर तकनीकी खराबी की वजह से हुई है. उन्होंने कहा कि इन सभी पहलुओं पर जांच की जाएगी।



## संक्षिप्त समाचार

### प्योर ईभी सचदेवा इलेक्ट्रिक राइड उपभोक्ता के साथ कर रहा धोखाधड़ी

**आदित्यपुर** । टाटा कांड्रा रोड स्थित आशियाना चौक के नजदीक प्योर ईभी स्कूटर के डिस्ट्रीब्यूटर सचदेवा इलेक्ट्रिक राइट द्वारा ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी किया जा रहा है । गाड़ी में बैटरी का 5 साल की वारंटी दिया जा रहा है परंतु साल भर के अंदर में बैटरी खराब हो जा रहा है । सैकड़ो लोगों द्वारा इस संबंध में डिस्ट्रीब्यूटर के समक्ष का दर्ज किया गया है। इस संबंध मे पत्रकार प्रेम सिंह द्वारा आदित्यपुर थाना प्रभारी नितिन कुमार सिंह शिकायत किया गया। प्रेम सिंह द्वारा बताया गया की 30 नवंबर 2022 को सचदेवा इलेक्ट्रिकल राइट से एट्रेंस नियो ई भी स्कूटर सताशी हजार नौ सौ निनांबे (87999/-) एवं बैटरी वारंटी एक्सटेंशन के लिए 3000 अधिक भुगतान कर अपनी भागना एंड्रॉयड सागर के नाम पर गाड़ी खरीदे। इस दौरान मुझे बताया गया की गाड़ी के बैटरी का वारंटी 5 साल या 40000 किलोमीटर जो पहले होगा का लाभ मिलेगा। परंतु तीन माह के उपरांत थी गाड़ी के बैटरी में प्रॉब्लम आने लगा इस दौरान सर्विस सेंटर में संपर्क करने पर बताया कि इसका किट बदलना होगा इसके लिए लगभग 1400 रुपया लगेगा उक्त राशि का भुगतान कर मैं गाड़ी का सर्विसिंग कराया। 6 माह मे गाड़ी लॉक खराब हो गया जिसको भी लगभग 1400 रुपए भुगतान कर लॉक बदली करवा। वर्तमान में गाड़ी का बैटरी पूर्णता बैठ जाने के कारण दिनांक 10 अप्रैल 24 को बैटरी बदली करने हेतु गाड़ी को सर्विसिंग सेंटर में भेजें। वर्तमान में बैटरी के अभाव में गाड़ी सर्विस सेंटर में ही पड़ा है। शोरूम के मालिक नवीन सचदेवा से संपर्क करने पर उन्होंने बताया है कि वर्तमान में आपको वारंटी नहीं मिलेगा। दूसरा बैटरी खरीद कर लगवा लीजिए। बैटरी का दाम 80000 हैं। इस तरह के सैकड़ो ग्राहक लगभग 6 माह से बैटरी रिप्लेसमेंट का इंतजार कर रहे हैं परंतु सबको नई बैटरी पैसे का भुगतान कर खरीदने को बोला जा रहा है। अन्यथा कहां जा रहा है कि जो करना कर लो जहां जाना है जाओ।

### 7 जून से गार्ड बारीक चक्रधरपुर में माता पूजा का होगा शुभारंभ:के गणेश राव

- आप सभी माता के भक्त आमंत्रित है
- 5 जून को होगा राटा पूजा
- पंडाल का निर्माण शुरू,भक्तों में उत्साह



**रामगोपाल जेना। चक्रधरपुर** । रेल नगरी चक्रधरपुर में फिर एक बार माता पूजा की आराधना डूबेंगे लोग ।स्थानीय गार्ड बारीक में माता पूजा सात जन को शुभारंभ होगा।। इसके लिए पांच जून को राटा पूजा होगा। माता पूजा समिति गार्ड बारीक में महिलाओ की अहम भूमिका रहती है प्रत्येक बर्ष गार्ड बारीक में आयोजित होती है माता पूजा।। सात जून से लेकर 11 जून तक चलेगा माता पूजा । सात जून को माता का शोभा यात्रा निकाली जाएगी। श्री राव ने बताया की शाम साढ़े चार बजे निकाली जाएगी माता का शोभा यात्रा। स्थानीय पत्रकारों को जानकारी देते हुए के गणेश राव ने बताया की सात जून से होने वाली माता पूजा को लेकर तैयारी जोर शोर से की जा रही है उन्होंने शहर के सभी भक्तों से अपील की है की माता पूजा के दौरान आयोजित होने वाली महाभोग में शामिल होकर महाभोग का आनंद उठाएं और माता शीतला का आशीर्वाद प्राप्त करे ।जय मां शीतला

### चाईबासा की वर्षा अरोड़ा बनी मिस नोएडा

**केपीसी मूवीस इंडिया के शो चैलेंजर से मॉडलिंग की वर्षा के की थी शुरुआत**



**रामगोपाल जेना। चाईबासा।** दिल्ली के नोएडा में आयोजित मॉडलिंग प्रतियोगिता में चाईबासा शहर की बेटी वर्षा अरोड़ा ने मिस नोएडा का खिताब जीतकर पूरे शहर को गौरवान्वित किया है। वह चाईबासा के महादेव कॉलोनी की रहने वाली है। वह अपनी प्रतिभा के बल पर इस मुकाम तक पहुंची है। मॉडलिंग प्रतियोगिता में पूरे देश से प्रतिभागियों ने भाग लिया था। जिसमें नव्य दृश्य के द्वारा आयोजित फैशन शो इंडिया 2024 लगातार प्रयास के बाद वर्षा आरोडा मिस नोएडा बनी । इससे पूर्व वर्षा आरोड़ा ने नव्य दृश्य के मॉडलिंग शो में मिस ब्यूटीफुल का खिताब जीत चुकी है। वर्षा की मॉडलिंग की शुरुआत चाईबासा में आयोजित केपीसी मूवीस इंडिया के शो से शुरु हुई थी। शो चैलेंजर सीजन 2 प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ था। वर्षा ने बताया कि उसे बचपन से ही मॉडलिंग का शौक है जो अब दिल्ली में रहकर पूरा कर रही है और इसे करियर बनाना चाहती है। उसकी सफलता से सभी खुश हैं। इस कामयाबी के लिए केपीसी मूवीस इंडिया के डायरेक्टर तिलक कुमार वर्मा व फिल्म लेखक मोअज्जम बिहारी और उसके परिवार वाले ने उसे शुभकामना दी है।

### मुआवजे की मांग को ले शवों के साथ परिजन व जेबीकेएसएस नेताओं ने किया क्रॉस कंपनी गेट पर प्रदर्शन



**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित क्रॉस कंपनी में बीते गुरुवार को भीषण गर्मी में लू लगने से ठेका मजदूर और सुरक्षा गार्ड की हुई मौत के मामले में मुआवजे की मांग को लेकर मृतक के परिजनों और जेबीकेएसएस नेताओं ने दोनों शवों को रखकर कंपनी गेट के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कंपनी गेट को पूरी तरह जाम कर दिया गया था। इस मामले में प्रबंधन के समक्ष दोनों मृतक के परिजनों को 25- 25 लाख रुपए बतौर मुआवजा देने की मांग की गई है। लेकर ख़ातियानी भाषा संघर्ष समिति, जेबीकेएसएस के सदस्यों ने कंपनी गेट जमकर दोनों लाशो के साथ प्रदर्शन किया। विदित है कि इससे पूर्व भी बीते शुक्रवार को मुआवजे को लेकर कंपनी परिसर में वार्ता हुई थी जिसमे प्रबंधन द्वारा मृतक की पत्नी को एक वर्ष तक बिना कार्य कराए वेतन देने और उसके बाद नौकरी देने की बात कही गई थी। किन्तु, जेबीकेएसएस नेता और परिजन अपनी मांग पर डटे रहे। इस कारण वार्ता विफल रही थी थी। शनिवार को समाचार लिखे जाने तक गेट जाम जारी था। प्रबंधन की ओर से वार्ता की कोई पहल नही शुरू की गई है। वहीं, गेट जाम की सूचना पर आदित्यपुर पुलिस मौके पर पहुंची। शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से धरना स्थल पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई है।

# जिला ताइक्वांडो संघ का 17 दिवसीय समर कैम्प का हुआ समापन

**मुख्यातिथि जिला खेल पदाधिकारी श्रीमती रूपारानी तिर्की एवं झारंखड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नितिन प्रकाश जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी जय गिरि गोस्वामी उपस्थित रहे**






**रामगोपाल जेना। चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम जिला ताइक्वांडो संघ के द्वारा बिहारी क्लब, चाईबासा में आयोजित 17 दिवसीय समर कैम्प का समापन समारोह कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर *मुख्यातिथि जिला खेल पदाधिकारी , पश्चिमी सिंहभूम श्रीमती रूपारानी तिर्की एवं झारंखड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नितिन प्रकाश जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी जय गिरि गोस्वामी उपस्थित रहे। सर्व प्रथम कोच सह सचिव अनुराग शर्माऔर कैम्प को.ऑडिनेटर दिनकर शर्मा ने स्मृति-चिन्ह भेंट कर मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया। सत्रह दिनों तक चले इस समर कैंप में बच्चों को ताइक्वांडो के बेसिक मूव्स के साथ आत्मरक्षा, व्यक्तित्व विकास, बॉडी मूवमेंट, बॉडी कंट्रोल एवं विभिन्न प्रकार के थियेटर गेम्स का प्रशिक्षण कोच सह जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव अनुराग शर्माऔर फिल्म-सिरियल अभिनेता सह सह स्टोरी टेलर दिनकर शर्मा के द्वारा दिया गया। इस समर कैम्प का उद्देश्य बच्चों मानसिक व शारीरिक रूप से मजबूत बनाकर जीवन में आनेवाली चुनौतियों से विचलित न होकर संघर्ष करने तथा परिश्रम और समय प्रबंधन की महत्ता को समझना था। बच्चों में प्रशिक्षण के दौरान गजब का उत्साह रहा। समापन समारोह में बच्चों ने कैम्प के दौरान सीखे विभिन्न किक्स, बेसिक पुमसे व फ्री स्टाइल पुमसे का प्रदर्शन उपस्थित दर्शकों और अतिथियों के समक्ष किया। जिसे अतिथियों और दर्शकों की भरपूर सराहना मिली। खेल पदाधिकारी रूपारानी तिर्की ने उपस्थित खिलाड़ियों के बीच अपने खेल जीवन के अनुभव को साझा करते हुए परिश्रम, अभ्यास और अनुशासन के साथ मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व को समझाते हुए समर कैम्प और कोच अनुराग शर्मा की प्रशंसा की। झारखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नितिन प्रकाश ने खेलकूद के महत्व को बताते हुए भविष्य में हरसंभव सहयोग करने की बात कही। कैम्प के दौरान राष्ट्र और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का भी सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया था। इस समर कैम्प में प्रत्यूष कुमार, शादाब सलीम,सनाउल मुस्तफा, महेश जोंको, खुशी कु. गुप्ता, ओम कु. राम, अतुल रंजन, पायल दत्ता, हरेंद्र कु.टुडू, स्वेच्छा यादव, अदिती सवैंया, नुपुर सवैंया, निशा बिरुवा, संजना कुरली, रिमिल रिया हांसदा, नंदलाल चातर, सोनाली लुगुन, अशजीत सावन पूर्ती, ईशा किरण पूर्ती, प्रीशी पाड़ेया, अलीशा सिंह कुंटिया, अभीजीत लागूरी, अनुप्रिया बोदरा, सरस्वती आलडा, नमन मुरली हेंब्रम, अंशुमन बानरा, प्रतीक्षा भारती, शौलभ शौर्य सुंबरुई,नेंसी टोपनो, जैजलीन कोर, शिवम कुजूर, अरनव सिन्हा, आकृति पूर्ती,अदिति सुंडी, सुशील सुंडी, हेतवी दरबार, यशनील सुंडी, नैतिक बिनोद कुदादा, गोपाल अग्रवाल, ईशा बिरुआ, हिमांशु बिरुआ, प्रेरना पाड़ेया, राहुल आदित्य बिरुआ, मिस्टी पाड़ेया, कृतिका सामड, हर्षित मुंडा, रोहित देवगम, अराध्या गोप, नमन तियू, सोहित कुमार, मोहित कुमार और अमन सवैंया ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन समारोह में सभी बच्चों को अतिथियों के कर कमलों से प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में श्री अजय यादव, नवजीत सिंह जी, प्रकाश कु. गुप्ता और देवेन्द्र कु. मिश्र का सराहनीय सहयोग रहा।

## पूर्व मंत्री एवं झारखंड आंदोलनकारी स्वर्गीय यदुनाथ बास्केजी जी का तृतीय पुण्यतिथि मनाया गया, जिसमें विधायक रामदास सोरेन हुए शामिल



**मुसाबनीः** पूर्व मंत्री एवं झारखन्ड आंदोलनकारी स्व यदुनाथ बास्के जी का तीसरा पुण्य तिथि उनके समाधी स्थल एवं झामुमो कार्यालय के समक्ष मैदान पर मनाया गया। इस समारोह में स्व यदुनाथ बास्के जी के समाधि स्थल पर उनके परिवारों के साथ विधायक रामदास सोरेन शामिल हुए एवं पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें याद किया गया। वहीं मुसाबनी एक नंबर स्थित मैदान में मुसाबनी प्रखंड माझी महाल के तत्वाधान में पुर्व मंत्री एवं झारखंड आंदोलनकारी स्वर्गीय यदुनाथ बास्के का पुण्यतिथि मनाया गया। इस समारोह में लोकप्रिय विधायक रामदास सोरेन जी एवं उपस्थित ग्राम प्रधानों समेत ग्रामीणों ने स्व यदुनाथ बास्के बाबू की तस्वीर पर फूल चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें याद किया गया। इस मौके पर स्व बास्के जी के पुत्र श्री जगदीश बास्के ,प्रियनाथ बास्के एवं परिवारजनों के साथ झामुमो केंद्रीय सदस्य कान्हु सामंत विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत प्रखंड अध्यक्ष प्रधान सोरेन सचिव सोमाय सोरेन सड़क घुटू ग्राम प्रधान फगूलाल किस्कू लवकेश्वरा ग्राम प्रधान मातु मार्डी धोबोनी ग्राम प्रधान चादराय मुर्मू मेड़िया ग्राम प्रधान परसंजित हांसदा व तेरेंगा ग्राम प्रधान भगीरथी सोरेन झामुमो नेता कान्हु टुडू झामुमो नेता सुनील किस्कू समेत कई ग्राम प्रधान एवं सम्मानित जन मौजूद थे। इस मौके पर लोकप्रिय विधायक रामदास सोरेन जी उपस्थित परिजनों एवं ग्राम प्रधानों द्वारा स्वर्गीय बास्के बाबू की तस्वीर पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें याद किया गया।

## घाटशिला कॉलेज में यूजी सेमेस्टर वन में नामांकन को लेकर चांसलर पोर्टल पर 19 जून तक करें आवेदन

**आवेदन केवल मेजर विषय में करें - प्राचार्य**

**घाटशिला।** घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने बताया कि 4 वर्षीय स्नातक यूजी सेमेस्टर वन में नामांकन को लेकर इंटर पास इच्छुक छात्र-छात्राएं चांसलर पोर्टल पर 19 जून तक ऑनलाइन आवेदन करेंगे। जो विद्यार्थी सीयूईटी परीक्षा में शामिल हुए हों या नहीं भी हुई हों, सभी नामांकन हेतु चांसलर पोर्टल पर आवेदन करेंगे। चांसलर पोर्टल पर केवल मेजर विषय के लिए आवेदन करना है। आवेदन के बाद घाटशिला महाविद्यालय में 24 जून को नामांकन की प्रथम सूची प्रकाशित की जाएगी तथा 24 जून से 4 जुलाई तक नामांकन लिया जाएगा। रिक्त बचे सीट पर दूसरी एवं तीसरी सूची भी प्रकाशित की जाएगी। नामांकन के बाद 18 जुलाई से कक्षा प्रारंभ करवा दिया जाएगा। प्राचार्य डॉ चौधरी ने बताया कि विद्यार्थी अभी अपना मेजर विषय के लिए ही आवेदन करेंगे तथा उस विषय के प्राप्तांक के आधार पर मेरिट लिस्ट निकाली जाएगी। छात्र जब नामांकन के लिए कॉलेज आएंगे तब उन्हें मेजर विषय के साथ अन्य विषयों में माइनर विषय क्या होगा तथा एमडीसी विषय क्या रखना होगा, इसका निर्धारण विभागीय शिक्षकों से मिलकर नामांकन प्रपत्र सत्यापन के समय विद्यार्थी तय करेंगे। इसके साथ अनिवार्य कोन कोन से विषय सभी विद्यार्थियों को पढ़ना होगा, वह भी बताया जाएगा। प्राचार्य डॉ चौधरी ने यह भी बताया कि नामांकन के समय विद्यार्थियों को एबीसी- आईडी नंबर जमा करना होगा। जो विद्यार्थी अभी तक अपना एबीसी आईडी नहीं बना पाए हैं, वे शीघ्र बनवा लें। साथ ही उन्होंने कहा कि नामांकन के समय विषय निर्धारण में कोई और सुविधा न हो इसके लिए एक हेल्प डेस्क भी लगाई जाएगी। प्राचार्य ने यह भी बताया कि ऑनलाइन फॉर्म भरने में अगर कोई परेशानी हो तो विद्यार्थी दिन के 10 बजे से 4:00 बजे के बीच कॉलेज के लेल्पडेस्क प्रभारी शिक्षक समीर कुमार राय के मोबाइल नंबर 7004426056 पर संपर्क कर सकते हैं।

## बच्चों के लिए आयोजित 15 दिवसीय समर कैंप का शनिवार को हुआ समापन




**गम्हरियाः** टाटा-आदित्यपुर काम्प्लेक्स, गम्हरिया स्थित विद्या ज्योति स्पोर्ट्स ग्राउंड में टाटा स्टील ग्रोथ शाप की ओर से बच्चों के लिए आयोजित 15 दिवसीय समर कैंप का शनिवार को समापन हुआ। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि टीजीएस के महाप्रबंधक शरद कुमार शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि टिस्को मजदूर यूनियन के महामंत्री शिवलखन सिंह उपस्थित थे। जीएम शरद कुमार शर्मा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस तरह का कार्यक्रम हर मौसम में होनी चाहिए और आगे जाड़े के मौसम मे भी करने की कोशिश की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन दिलीप भारद्वाज ने किया। समापन समारोह के सम्मानित अतिथि के रूप में टीजीएस हेड (मैन्युफैक्चरिंग) पंचम प्रेमलाल टांक, टीजीएस एडमिन एंड इंजीनियरिंग के सिनियर मैनेजर संजय सिंह, मैनेजर (स्पोर्ट्स) संजीव कुमार, अनन्या लिपि, सतीश कुमार सिंह, अजीत कुमार सिंह आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में उदय शंकर पाठक, विकास वर्मा, रूस्तम कुमार बेज, प्रवीर मैती, रामेश्वर प्रधान, आशुतोष महंती आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में टिस्को मजदूर यूनियन के कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार महतो, यूनियन के सदस्य प्रभुनाथ कर्ण, रंजन मिश्रा, ओम प्रकाश पाठक, कौशल कुमार उपस्थित आदि उपस्थित थे। समर कैंप में विभिन्न स्पोर्ट्स गतिविधियों को संचालित करने में मुख्य रूप से समर कैंप के स्पोर्ट्स कार्डिनेटर निर्मल कुमार पाण्डेय, क्रिकेट कोच लालू प्रसाद, फुटबॉल कोच रौनक कुमार, टेबल टेनिस कोच केबी शुक्ला, कराटे कोच शेरगिल, चेस कोच आरके सिंह एवं राक क्लाइंबिंग की कोच सुश्री पूजा व सुश्री नीतू भी उपस्थित थी।

## छोटा रायकमान के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार भेंगरा की लू लगने से मौत



**रामगोपाल जेना। चाईबासाः** -कुमारडुंगी प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय,छोटा रायकमान के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार भेंगरा का लू लगने से मौत हो गई। ग्रीष्म अवकाश के बीच 8वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ है।शिक्षक ने बुधवार को परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के स्थानांतरण प्रमाण-पत्र निर्गत करने के लिए खूंटी से मोटरसाइकिल से अपने विद्यालय गए। गुरुवार को खूंटी लौटने के बाद घर में तबीयत बिगड़ने से गिर गए और तत्काल उसे खूंटी अस्पताल में भर्ती किया गया। शुक्रवार को 2 बजे अपराह्न में उनका देहांत हो गया। करीब 45 वर्षीय शादीशुदा संजय कुमार 2015 बैच के शिक्षक थे।वे कर्तव्यनिष्ठ, हंसमुख और मिलनसार व्यक्ति थे। संजय कुमार भेंगरा के अचानक निधन से जिले के शिक्षकों में कृष्णा देवगम,दामु सुंडी,संजय हेरेंज, नारायण सिरका, दुर्गाचरण तुबिद,राजेन्द्र बिरुवा,योगेश सामड,अमन नाग,क्लेमेंट मिंज ,ललित स्वांसी,प्रभु सहाय बुढ़ आदि ने शोक व्यक्त किया है। शिक्षकों ने कहा कि हमने एक कर्तव्यनिष्ठ और मिलनसार व्यक्ति को अचानक खो दिया है।

## हिंदी दैनिक 'उदितवाणी' के संस्थापक संपादक राधेश्याम अग्रवाल का निधन



**जमशेदपुरः** हिंदी दैनिक 'उदितवाणी' के संस्थापक संपादक राधेश्याम अग्रवाल का शनिवार को यहां एक अस्पताल में हृदयाघात से निधन हो गया। उनके परिवार ने यह जानकारी दी। वह 84 वर्ष के थे। उनके परिवार में दो बेटे और एक बेटी हैं। राधेश्याम अग्रवाल के बेटे और दैनिक अखबार के संपादक उदित अग्रवाल ने को बताया कि बृहस्पतिवार रात हल्का दिल का दौरा पड़ने के बाद उनके पिता को यहां टाटा मेन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था तथा शनिवार को एक और गंभीर हृदयाघात के बाद उनका निधन हो गया। ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। दास ने 'एक्स' पर एक बयान में कहा, "जमशेदपुर ने एक ऐसा पत्रकार खो दिया, जिन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से मानवता की सेवा की तथा प्रशासन और जनता के बीच एक सेतु के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई...वह मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्ति थे। झारखंड में पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनकी कमी हमेशा खलेगी।" सोरेन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उनका निधन झारखंड के पत्रकारिता जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। मुंडा ने एक बयान में कहा कि राधेश्याम अग्रवाल के निधन से पत्रकारिता जगत को बड़ी क्षति हुई है और उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि उनके परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति मिले। राज्य के स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता ने भी अग्रवाल के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "आज पत्रकारिता जगत ने एक सितारा खो दिया। मेरे संघर्षपूर्ण जीवन में हमेशा उनका साथ और आशीर्वाद रहा। ईश्वर उनके परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति दे।" अग्रवाल ने 1980 में मध्य प्रदेश में बिक्री कर विभाग के सहायक आयुक्त के पद से इस्तीफा देने के बाद दैनिक समाचार पत्र की शुरुआत की थी। उन्होंने 14 साल तक बिक्री कर विभाग में सेवा दी थी। वह रांची विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर भी रहे थे।

**जमशेदपुर पत्रकारिता के मजबूत स्तंभ उदितवाणी के संपादक राधेश्याम अग्रवाल जी का जाना मेरे लिए निजी क्षति : विकास सिंह**

जमशेदपुर पत्रकारिता के मजबूत स्तंभ उदितवाणी के संपादक राधेश्याम अग्रवाल जी निधन पर ब्रह्मर्षि विकास मंच के अध्यक्ष के के बिल्डर के निदेशक प्रसिद्ध समाजसेवी विकास सिंह ने अपने शोक संदेश में कहा है कि राधेश्याम जी पत्रकारिता जगत की भीष्म पितामह थे मेरा व्यक्तिगत लगाव उनके परिवार के साथ रहा है उनका जाना मेरी निजी क्षति है श्री विकास सिंह ने कहा कि जाते वक्त भी उन्होंने मुझे याद किया मैं शहर से बाहर था और नेटवर्क नहीं रहने के कारण उनके पुत्र ने उनसे बात नहीं करा पाई मेरा उनके यहां आना-जाना लगा रहता था स्थानीय और राष्ट्रीय मुद्दों पर विचार विमर्श भी होता था घंटों बैठकर हम लोग कई मुद्दे पर विचार करते थे और उनका आशीर्वाद हमेशा मुझे मिलता रहा है मेरे परिवार का लगभग 25 वर्षों से उनके परिवार के साथ रिश्ता रहा है श्री विकास सिंह ने कहा की राधेश्याम जी के साथ मेरे आत्मीय लगाव की भर-फाई निकट भविष्य में असंभव दिख रहा है दुख के इस घड़ी में भगवान परिवार को सहनशक्ति शक्ति प्रदान करें और उन्हें भगवान श्री चरणों में स्थान दें

**उदितवाणी समाचार पत्र के संपादक राधेश्याम अग्रवाल जी के निधन से गहरा दुःख : मुकेश मित्तल-** पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष मुकेश मित्तल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की हम सबके प्रिय श्री राधेश्याम अग्रवाल जी, उदितवाणी समाचार पत्र के संस्थापक और संपादक, के निधन से गहरा दुःख हुआ है। जमशेदपुर के पत्रकारिता जगत में उनका योगदान अविस्मरणीय है।

**पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षतिः पप्पू-** जमशेदपुर :सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने दैनिक उदितवाणी के संस्थापक संपादक राधेश्याम अग्रवाल के निधन को पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। उदितवाणी के संस्थापक राधे श्याम जी अग्रवाल के अंतिम यात्रा में पहुंचे भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी, दी श्रद्धांजलि

## संक्षिप्त समाचार

### लौहनगरी के अखबार जगत के पितामह राधेश्याम अग्रवाल जी के निधन पर भरत सिंह ने जताया शोक

**जमशेदपुर** – जमशेदपुर से निकलने वाली पहली अखबार उदित वाणी के संस्थापक सह संपादक राधेश्याम अग्रवाल जी का शनिवार की सुबह निधन हो गया। जिनके प्रति शोक व्यक्त करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह समाजसेवी भरत सिंह ने कहा कि जमशेदपुर लौहनगरी से निकलने वाले पहली अख़बार उदित वाणी के सम्पादक श्री राधेश्याम अग्रवाल जी के आकस्मिक निधन से मन व्यथित है, स्वर्गीय राधेश्याम अग्रवाल जी से मेरे व्यक्तिगत संबंध थे। मैं हमेशा से उन्हें एक अभिभावक के रूप में मानता था। उनका स्नेह, मार्गदर्शन और आशीर्वाद हमें हमेशा मिला। उनके इस तरह चले जाने से यक़ीन ही नहीं हो रहा की वे आज हमारे बीच नहीं है, पर स्वर्गीय राधेश्याम अग्रवाल जी सदैव हमारे दिल में रहेंगे। ईश्वर स्वर्गीय राधेश्याम अग्रवाल जी की आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान तथा उनके परिवार को इस दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। साथ ही श्री सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले जी की माता जी के निधन और सीतारामडेरा भाजपा के मंडल अध्यक्ष श्री सुरेश शर्मा जी की भाभी जी के निधन पर भी शोक व्यक्त किया।

### राधेश्याम अग्रवाल के निधन से पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति : विद्युत वरण महतो

**जमशेदपुर**। उदितवाणी दैनिक हिंदी समाचार के संपादक सह संस्थापक राधेश्याम अग्रवाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए सांसद बिद्युत बरण महतो ने कहा कि उनके निधन से पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। राधेश्याम अग्रवाल न सिर्फ कोल्हान बल्कि पूरे झारखंड के लिए एक विभूति थे। उन्होंने जमशेदपुर और आसपास में पत्रकारिता को एक नया मुकाम पर पहुंचाया और पत्रकारों की एक नई पौध खड़ी की और उन्हें संभाला। उदितवाणी को पत्रकारों के लिए एक प्रशिक्षणशाला के रूप में स्थापित करने का श्रेय भी उन्हें जाता है। सांसद श्री महतो ने कहा कि श्री अग्रवाल से उनका बहुत ही निकट और गहरा संबंध रहा है।एक अभिभावक के रूप में और अनेक मामलों पर समय-समय पर उनका मार्गदर्शन उन्हें मिलता रहता था। सांसद श्री महतो ने कहा दुख की इस घड़ी में हम सभी उनके परिजनों के साथ हैं और ईश्वर से कामना करते हैं की प्रभु उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें और उनके परिवार को इस दुख की घड़ी से उभरने की शक्ति दे।

### विजया गार्डन बारीडीह की कहानी ऊंची दुकान फीकी पकवान

#### इतनी बड़ी सिक्योरिटी के बावजूद चोरों ने कैसे चोरी को दिया अंजाम



**जमशेदपुर**। विजया गार्डन बारीडीह में कल रात दो डुप्लेक्स में चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दिया राजेश पांडे नामक व्यक्ति अयोध्या घूमने गए हैं जबकि एस.एन पांडे भी निजी कार्यों से बाहर गए हैं और इसी बीच चोरों ने दोनों डुप्लेक्स में हाथ साफ किया हालांकि एस एन पांडे के घर का सिर्फ ताला टूटा है मामले की जानकारी मिलते ही बिरसानगर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है । प्रबंधन और सिक्योरिटी एजेंसी दोनों को बिरसानगर पुलिस ने बड़ा टास्क दिया है कि इतनी बड़ी सिक्योरिटी होने के बावजूद डुप्लेक्स में चोरी कैसे हुई।

**लाखों की चोरी** – ज्ञात हो कि जमशेदपुर शहर की सबसे हाई फाई हाउसिंग सोसाइटी भी इन दिनों चोरों से सुरक्षित नहीं है, ऐसी ही एक घटना बिरसानगर थाना स्थित विजया गार्डन से सामने आई है जहाँ चोरों ने कई लाखों के जेवर और सामानो पर अपना हाथ साफ किया है, चोरी श्याम सुन्दर पाण्डेय के डुप्लेक्स में हुई है, विगत 29 मई कों वें अयोध्या में राम मंदिर दर्शन हेतु पुरे परिवार समेत घर से बाहर गये और बीती रात यानी 31 मई की रात कों चोरों ने घर पर अपना हाथ साफ किया, आज सुबह ज़ब उनके घर की कामवाली बागान में पानी देने पहँची तो उसे दरवाजा टुटा होने का आभास हुआ जिसके बाद आस पड़ोस के लोगों कों सुचना दी गई, इसके बाद भुक्तभोगी श्याम सुन्दर पाण्डेय के बड़े भाई कों भी इसकी सुचना मिली तब वें भी मौके पर पहुंचे और घर की जाँच की और पुरे घर से आभूषण गायब पाए गए, भुक्तभोगी के बड़े भाई हरी शंकर पाण्डेय ने बताया की उनके भतीजे का कुछ ही दिनों पहले ही जनेव था जिस कारण घर में ज्यादा आभूषण थे, उन्होने सोसाइटी के सिक्योरिटी एजेंसी पर भी लापरवाही बरतने का आरोप लगाया, वहीँ चोरों के द्वारा बगल के एक डुप्लेक्स का भी ताला तोड़ा गया था हालांकि वहां उन्हें सफलता नहीं मिली, यहाँ के निवासियों में इस चोरी की घटना कों लेकर काफ़ी दहशत व्याप्त है.

# एनटीटीएफ के 9 छात्रों का प्लेसमेंट में शानदार प्रदर्शन




**जमशेदपुर**। एनटीटीएफ के गोलमुरी स्थित आर डी टाटा तकनीकी संस्थान मे बीते दिनों कई कंपनियों द्वारा कैंपस सिलेक्शन किया गया। जिसमें कंपनी मकीनो ,हाई टेक रोबोटिक्स एवं ऑरेंजवुड शामिल है। सभी कंपनियों द्वारा सर्वप्रथान लिखित परीक्षा,छात्रों की व्यक्तिगत प्रतिभा,तकनीकी क्षमता को परखा गया एवं फाइनल सिलेक्शन इंटरव्यू राउंड के बाद किया गया।जिसमे छात्रों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए संस्थान को गौर्वांगित किया। मकीनो कंपनी द्वारा डिप्लोमा इन मेकेट्रोनिक्स के फाइनल ईयर के छात्र आयुष कुमार, कृष कुमार दीपक कुमार सिंह को 3.60 लाख के पैकेज पर लॉक किया गया।वो ही फाइनल ईयर के डिप्लोमा इन मेकाट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के 3 छात्रों को कंपनी हाई टेक रोबोटिस द्वारा 3.80 लाख के पैकेज पर लॉक किया गया, जिसमें राहुल गुप्ता आस्था कुमारी ,केशव विश्वकर्मा शामिल हैं। बेंगलुरु स्थित ऑरेंजवुड कंपनी में अनीश कुमार सिन्हा,छितिज राय को 3 लाख के पैकेज पर लॉक किया गया। छात्रों की इस उपलब्धि पर संस्थान गौर्वांगित है। इसमें संस्थान के प्लेसमेंट पदाधिकारी मिथिला महतो एवं नेहा ने सहयोग किया। प्राचार्य प्रीता जॉन ने सभी छात्रों को उनके उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी। रमेश राय ,पंकज गुप्ता , दीपक सरकार, अजीत कुमार के साथ उप-प्रबंधन प्रशासनिक अधिकारी वरुण कुमार ने भी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## युवक का डूबने से मौत



**जमशेदपुर**। जमशेदपुर के सिद्धगोडा थाना अंतर्गत ग्वाला बस्ती के रहने वाले चार युवक डोबो डैम घूमने गए थे, इसी दौरान सभी पानी में उतर गए, इसके बाद पानी गहरा होने की वजह से एक युवक डूबने लगा, आसपास के लोगों ने अन्य तीन युवकों को बचा लिया, मगर अमन यादव उम्र लगभग (16 वर्ष) युवक की डूबने से मौत हो गई, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचे, पुलिस ने गोदा खोर की टीम बुलाकर डूबे हुए युवक के शव को तलाश रही है , थाना प्रभारी ने बताया कि आए दिन इस तरह की घटनाएं होती है, जिला प्रशासन के लाख मनाही करने के बावजूद युवा पीढ़ी लापरवाही करते हैं और अपनी जान गांवा बैठे हैं, और घर वालों को इसका खामियाजा को भुगतना पड़ता है फिलहाल जिला प्रशासन द्वारा पूरे डैम के आसपास युवाओं को पानी में उतरने से मना किया जाता है , आए दिन ऐसी घटनाएं अलग-अलग डैम में ऐसी घटनाएं देखने को मिलती है तो बिल्कुल सभी युवाओं को सतर्क रहने की जरूरत है।

## रांची में हुई घटना के विरोध में डीसी को सौंपा ज्ञापन



**जमशेदपुर**। मां भारती की रक्षा में एक ओर जहां देश के वीर सैनिक अपने घरों से कोसों दूर अपने परिवारों को घरों में छोड़ हर विपरीत परिस्थितियों में देश की सरहदों पर देश और देशवासियों के सम्मान की सुरक्षा में लगे रहते हैं, तो वहीं आज असामाजिक तत्व सैन्य परिवार की इज्जत क्षत-बिक्षत करने में लगा हुआ है। एक सैनिक के लिए सामाजिक सुरक्षा की अभाव की यह अनुभूति किसी भी सभ्य समाज के मुख पर कालिख समान है। जिला उपायुक्त को इस वावत ज्ञापन सौंप माननीय राष्ट्रपति एवं राज्यपाल से व्यक्तिगत हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि अविलंब अपराधियों को उनकी दुष्टता की विषम सजा दी जाए।ज्ञात हो की इसी के विरोध में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने आक्रोश रैली भी निकाली थी. मौके पर जिला अध्यक्ष विनय यादव,जिला महामंत्री जितेंद्र कुमार सिंह, वरुण कुमार, प्रवीण कुमार पांडे ,मनोज कुमार सिंह सुखविंदर सिंह ,अवधेश कुमार सत्येंद कुमार उमेश कुमार सिंह एचपी भारती मरेंद्र कुमार मौजूद था।

# आक्रोशित महिला ने चप्पल से कर दी मोबाइल दुकानदार दिनेश की पिटाई

### मोबाइल दुकान का विवाद सिदगोड़ा थाना में किसके दबाब में हुआ समझौता

**जमशेदपुर**। जमशेदपुर बारीडीह बाजार में मोबाइल दुकान में हुई घटना पहुंची सिदगोड़ा थाना लड़की ने लगाई दुकानदार पर गंभीर आरोप दुकानदार भी जवाब देने को तैयार और फिर हुआ एक एक समझौता! जमशेदपुर के बारिडीह क्षेत्र के एक मोबाइल दुकानदार की एक महिला ग्राहक ने चप्पल से पिटाई कर डाली, महिला के अनुसार दुकानदार द्वारा उसके साथ छेड़खानी की जा रही थी जिससे तंग आकर उन्होंने दुकानदार की पिटाई कर डाली, बताया जाता है की महिला ने दुकान से मोबाइल फाइनेंस करवाया था, लेकिन दुकानदार ने उन्हें मोबाइल नहीं सौंपा था, उलटे फाइनेंस कंपनी के लोग महिला के घर पहूंचकर उनसे मोबाइल वापस मांगते हैं, जब महिला इसकी शिकायत लेकर दुकानदार के पास पहँची और मोबाइल की मांग की तो दुकानदार ने महिला कों मोबाइल देने के बजाये उसके साथ भद्दी भद्दी बातें शुरू की साथ ही छेड़खानी भी करने लगा, तंग आकर महिला ने चप्पल से दुकानदार की पिटाई कर डाली.






## बिजली कटौती की समस्या को सुधारने की मांग को लेकर भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने विद्युत महाप्रबंधक से की मुलाकात

### जमशेदपुर में भीषण गर्मी के दिनों में घंटो हो रही बिजली कटौती की समस्या के समाधान के भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने विद्युत महाप्रबंधक से की मुलाकात. बिजली आपूर्ति को सुधारने की मांग की



**जमशेदपुर**। जमशेदपुर में प्रचंड गर्मी के दिनों में हो रही अनियमित विद्युत आपूर्ति कि समस्या के संबंध में शनिवार को भारतीय जनतंत्र मोर्चा जमशेदपुर महानगर का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव की अगुवाई में जेबिविएनएल के विद्युत महाप्रबंधक से मिला और एक ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था से सुधार लाने की मांग की. भाजमो नेताओ ने कहा की इस वर्ष जमशेदपुर शहर अधिकतम गर्मी के कारण तप रहा है और ऐसे समय में जमशेदपुर के विभिन्न इलाको में बिजली की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हो रही है. शहर के मानगो, कदमा, सोनारी सहित अन्य गैर कंपनी कमांड इलाको में बिजली की आँख मिचौली से जन जीवन बेहाल है. इसके साथ ही विभिन्न मोहल्लों में वोल्टेज अप-डाउन रहने व पावर फलकटुएशन की शिकायत प्राप्त हो रही है. भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने जीएम से मांग की बिजली की बहतर व गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति विभाग सुनिश्चित करे. इस दौरान मुख्य रूप से जिला महामंत्री कुलविंदर सिंह पन्नु, शेषनाथ पाठक, आकाश शाह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, मनकेश्वर चौबे सहित

## पलामू प्रमंडल मे हिट बेव का कहर जारी, जिला प्रशासन मुकदर्शकः सतीश कुमार

**पलामूः** पलामू प्रमंडल मे हिट बेव जारी है तापमान में कोई गिरावट नहीं है। जानवर तो जानवर मनुष्य को जिना मुहाल हो गया है। जल का सभी श्रोत सुख गय हैं, और ये कोई नया नहीं है हर बर्ष पलामू को अकाल सुखाड का अभिशाप मिल गया है। हर सुखाड मे राजनीतिक दलों का चिल्लाहट और प्रशासन का झुठा घोषणा आम जन को अगली बर्ष के लिए इन्तजार करने के लिए विवश कर देता है। गढवा पलामू में सैकड़ों चमगादड़ की हिट वेव से मौत एक बडी घटनाओं की ओर इशारा कर रहा है। आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सतीश कुमार ने कहा कि वन कटाई, पहाड़ चट्टान को खनन कर अवैध कमाई का जरिया बनाने व अंधाधुंध बालू का अबैध उठाव नदी नाले के अस्तित्व से खेलवाड कर पर्यावरण को खतरा मे डाला गया है। अगर कोयल नदी और अमानत नदी को दो दो जगह पर बांध बना कर जल का संरक्षण किया जाता तो पानी का संकट पैदा



सतीश कुमार

नहीं होता। मगर ये काम सरकार नही करेगी पानी टैंकर से सप्लाई से अवैध कमाई पर रोक लग जाएगी। अनियमित बिजली आपूर्ति भी मनुष्य को जीना मुहाल कर दिया है। प्रशासनिक पदाधिकारी व चिकित्सा पदाधिकारी केवल उपदेश देकर बरसात का इन्तजार कर रहे है। वैकल्पिक व्यवस्था कुछ भी नहीं कर रहे हैं। हिट वेव से मौत का तांडव शुरू हो गया है। आजसू पार्टी चेतावनी दे रही है समय रहते व्यवस्था करे नही तो खमियाजा भुगतने के लिए प्रशासन तैयार रहे।

## वोटों की गिनती का प्रशिक्षण सम्पन्न, मतगणना 4 जून को



**पलामूः** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री शशिरंजन के आदेशानुसार विधिवत व निष्पक्ष मतगणना के लिए गिरिवर+ 2 उच्च विद्यालय मेदिनीनगर में 690 मतगणना कर्मियों को त्रुटि रहित मतगणना का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अंतर्गत मतगणना सहायक,मतगणना पर्यवेक्षक एवं सूक्ष्म प्रेक्षकों को उनके कार्यों के अनुरूप गणना एवं प्रपत्र संधारण के तरीके बताये गये। सदर डीसीएलआर श्री प्यारेलाल व छतरपुर डीसीएलआर श्री विजय कुमार केरकेट्टा ने प्रशिक्षण का अनुश्रवण किया। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी,रामानुज प्रसाद,अमरेन्द्र पाठक व अशोक सिंह,रामलखन राम,सौरव कुमार सिन्हा,सौरभ सिंह व दिनेश चंद्र राम ने मतगणना प्रशिक्षण का अनुसमर्थन किया तथा गणना के क्रम में आनेवाली कठिनाईओं का निस्तारण निर्वाचन आयोग के नियम के परिप्रेक्ष्य में करने की जानकारी दी। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर आलोक कुमार तिवारी,रामप्रवेश शर्मा,क्यूम अंसारी सहित अन्य मौजूद रहे।

## जपियो जिन अर्जन देव गुरु फिर संकट जोन गरभ न आयो

### गुरु अर्जन देव की शहादत को समर्पित छबील लगाई गई



**जमशेदपुर**। सरदार जोगेंद्र सिंह गिल होटल परिवार के तत्वावधान में बारीडीह टीनप्लेट कदानी रोड में श्री गुरु अर्जन देव जी की शहादत को समर्पित छबील लगाई गई। बाबा निरंजन सिंह ने अरदास की और उसमें सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भगवान सिंह चेयरमैन गुरमीत सिंह तोते, चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह, महासचिव गुरुचरण सिंह बिल्ला, वरीय उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह गिल, कैशियर गुरनाम सिंह बेदी,, सलाहकार अर्जुन सिंह वालिया, अकाली दल के प्रधान सुखदेव सिंह खालसा, महासचिव रविंद्र सिंह, रविन्द्र पाल सिंह, सुखदेव सिंह, झारखंड सिख विकास मंच के संस्थापक गुरदीप सिंह अध्यक्ष दलजीत सिंह, जसवीर सिंह सोनी, सेंट्रल सिख नौजवान सभा के प्रधान अमरीक सिंह, पूर्व प्रधान सतबीर सिंह सोमू, पूर्व चेयरमैन चंचल सिंह भाटिया, बिरसानगर प्रधान बिरसानागर प्रधान परमजीत सिंह रोशन, टूइलाडूंगरी प्रधान सुखराज सिंह, महासचिव परमजीत सिंह विक्की, बारीडीह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चेयर पर्सन बीबी कमलजीत कौर गिल, सुखविंदर सिंह गिल, प्रधान कुलविंदर सिंह, वरीय उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह तरसिक्का, उपाध्यक्ष हरभजन सिंह, उपाध्यक्ष हरजिंदर सिंह रिंकू, उपाध्यक्ष बलविंदर सिंह बिट्टू, गुरदयाल सिंह, गुरसेवक सिंह, सतपाल कौर आदि शामिल हुए और संगत एवम राहगीरों की सेवा हलवा चना एवं शरबत प्रसाद वितरण कर की।

# मतगणना को ले जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न पदाधिकारियों संग बैठक की

**पलामूः** लोकसभा चुनाव 2024 के तहत मतगणना की तैयारियों को लेकर उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने सभी एआरओ व मतगणना से जुड़े अन्य पदाधिकारियों व कर्मियों संग बैठक की।समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में उन्होंने मतगणना को लेकर की जाने वाली तैयारियों के संबंध में पदाधिकारियों संग विचार-विमर्श किया।इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेवारी सौंपी गयी।बैठक में मतगणना केंद्र के अंदर और बाहर सुरक्षा व्यवस्था,मतगणना एजेंट एवं मतगणनाकर्मियों के लिए प्रवेश द्वार,बैरिकेटिंग,पार्किंग व्यवस्था,मतगणना कर्मियों के लिए पहचान पत्र सहित अन्य विषय पर विमर्श किया गया।उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि मतगणना कक्ष के भीतर किसी भी तरह का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट यथा- मोबाइल आदि लेने जाना पूर्ण प्रतिबंधित है,इस पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। **गर्मी के मद्देनजर मतगणना स्थल पर होगा पानी का छिड़काव,पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था रखने के निर्देशः-** बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने नगर आयुक्त को मतगणना स्थल पर समय-समय पर पानी का छिड़काव कराने की बात कही।इसके साथ ही मतगणना स्थल के अंदर व बाहर शौचालय की व्यवस्था रखने के निर्देश दिये।उन्होंने नजारत उप समाहर्ता को मतगणना कार्य में लगे कर्मियों के लिये नाश्ता,लंच के साथ ही सत्तू व लस्सी की भी व्यवस्था करने की बात कही।बैठक समाप्ति के बाद निर्वाची पदाधिकारी - सह-उपायुक्त श्री रंजन ने मेदनीनगर स्थित जी.एल.ए कॉलेज,मतगणना केंद्र का दौरा किया।उन्होंने मतगणना कक्ष एवं मतगणना केंद्र परिसर में की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया।इस दौरान पदाधिकारियों को सुरक्षा,खाने की व्यवस्था,अनाउंसमेंट,निर्वाचन अभिकर्ताओं एंट्री सहित अन्य कई बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।उन्होंने काउंटिंग हॉल जहां मतों की गणना होगी उसका भी निरीक्षण कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये।मौके पर अपर समाहर्ता,उप निर्वचन पदाधिकारी,एनडीसी,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समेत अन्य मौजूद रहे।



# राजद सुप्रीमो लालू यादव ने परिवार संग डाला वोट राबड़ी देवी बोलीं- 400 पार इंडिया अलायंस





**पाटलिपुत्र, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के आखिरी और सातवें चरण का चुनाव जारी है। बिहार की 8 सीटों पर वोटिंग चल रही है। इस बीच आरजेडी सुप्रीमो लालू यादवने परिवार संग वोट डाला। लालू यादव पत्नी राबड़ी देवी और बेटी रोहिणी आचार्य के साथ पाटलिपुत्र के वेटरनरी कॉलेज के बूथ नंबर 171 पर अपना वोट डाला। इस दौरान मीडिया का हुजूब बूथ पर मौजूद रहा।

राजद चीफ लालू यादव मीडिया से बातचीच किए बिना ही गाड़ी में बैठ गए। हालांकि पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने कहा कि इंडिया अलायंस 400 पार पहुंच रहा है। और गठबंधन की प्रचंड जीत हो रही है। लालू की बेटी रोहिणी आचार्य में पहली बार पाटलिपुत्र में वोट डालाा। और मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि उनका वोट मणिपुर की महिलाओं के सम्माने के लिए हैं। आपको बता दें पाटलिपुत्र लोकसभा सीट से लालू यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती आरजेडी प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रही हैं। उनका मुकाबला एनडीए समर्थित बीजेपी प्रत्याशी रामकृपाल यादव से है। वहीं रोहिणी आचार्य सारण लोकसभा सीट से आरजेडी प्रत्याशी हैं। जहां पर वोटिंग हो चुकी है।

पाटलिपुत्र में 20 लाख 76 हजार 252 वोटर हैं। महिला वोटरों की संख्या पाटिलपुत्र में जहां 9 लाख 82 हजार 443 है। वहीं 10 लाख 86 हजार 861 पुरुष मतदाता हैं। यहां भाजपा के रामकृपाल यादव का सीधा मुकाबला राजद की मीसा भारती से होगा। इनके साथ ही कुल 22 उम्मीदवार पाटलिपुत्र लोकसभा सीट के लिए हो रहे चुनाव में अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। मनेर, दानापुर, फुलवारी, बिक्रम, पालीगंज और मसौढ़ी विधानसभा इसके अधीन आते हैं। इसका अधिकांश इलाका ग्रामीण क्षेत्रों में पड़ता है।

## सीयूएसबी में तम्बाकू निषेध की ली गई शपथ

**गया, एजेंसी।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) में एक विशेष शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन सीयूएसबी के नशा मुक्त भारत अभियान के नोडल ऑफिसर डॉ. प्रिय रंजन ने किया। यहां डॉ. प्रिय रंजन ने अन्य प्राध्यापकों और छात्र-छात्राओं को नशा सेवन नहीं करने की शपथ दिलवाई। उन्होंने बताया कि तम्बाकू के सेवन से लोक-परलोक दोनों बिगड़ जाते है। गले में कैंसर की भयानक रोग 95 त खैनी खाने वाले को होता है। डॉ. रंजन ने बताया कि इस वर्ष का विश्व तम्बाकू निषेध दिवस थीम बच्चों को तंबाकू उद्योग की हस्तक्षेप से बचाना है । इस अवसर पर प्रो. विजय कुमार शर्मा, प्रो. अनिल कुमार सिंह झा, डॉ. हरेश नारायण पाण्डेय, डॉ. जितेन्द्र राम, डॉ. आदित्य मोहंती सहित विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक और विद्यार्थी भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### 15 घंटे बाद मुजफ्फरपुर-देवरिया रोड हुआ चालू

**मुजफ्फरपुर/सरैया, एजेंसी।** जैतपुर थाना क्षेत्र के धनुपरा में गुरुवार की रात आंधी-पानी से सड़क पर पेड़ गिरने के कारण करीब 15 घंटे तक आवागमन बाधित रहा। मुजफ्फरपुर-देवरिया रोड में धनुपरा मध्य विद्यालय के समीप पेड़ गिरने की वजह से बिजली का तार भी टूट गया था। शुक्रवार दोपहर पुलिस ने पेड़ को सड़क से हटवाकर आवागमन शुरू कराया। उधर, टूटे बिजली के तार की मरम्मत के लिए कर्मियों को घंटों मशक्कत करना पड़ा। वहीं, धनुपरा सब स्टेशन व आरोपुर पावर सब स्टेशन से करीब 12 घंटे तक आपूर्ति ठप रही। हालांकि, धनुपरा पीएसएस को तो कर्मियों ने 12 घंटे बाद शुरू करवा दिया, लेकिन आरोपुर पीएसएस की बिजली आपूर्ति दोपहर तक ठप थी।

### भैंस को नहलाने गई किशोरी की डूबने से मौत

**मुजफ्फरपुर/मुशहरी, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के आथर गांव स्थित तालाब में भैंस को नहलाने गई किशोरी की डूबने से मौत हो गई। उसकी पहचान रजवारा पंचायत के मानिकपुर के अरुण रजक की पुत्री प्रीति कुमारी (14) के रूप में की गई है। आसपास के लोगों ने किशोरी को तालाब से निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। इधर, थानेदार रंजीत कुमार ने बताया कि किशोरी के शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### अजय बने हरनाही पंचायत के उपमुखिया

**मुजफ्फरपुर/मोतीपुर, एजेंसी।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में शुक्रवार को बीडीओ संजीव कुमार की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक हुई। पर्यवेक्षक के रूप में वरीय उपसमाहर्ता विजय कुमार ने उपमुखिया कौशल्या देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मत विभाजन कराया, जिसमें हरनाही पंचायत के उपमुखिया पद पर अजय कुमार को विजयी घोषित किया गया। बैठक में 12 वार्ड सदस्यों और मुखिया ने भाग लिया। उपमुखिया कौशल्या देवी के खिलाफ 12 वार्ड सदस्यों एवं एक सदस्य के रूप में मुखिया ने मतदान किया, जबकि दो मत रद्द हुआ। वरीय उपसमाहर्ता ने बताया कि छह सदस्यों ने निवर्तमान उपमुखिया के खिलाफ मत दिया है। अजय कुमार को छह मत मिला, जबकि सुनंदा देवी को पांच मत मिला, दो मत रद्द हो गया। मुखिया फूलकुमारी देवी ने अजय कुमार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर बीडीओ संजीव कुमार जेएसएस ओमप्रकाश गुप्ता, प्रमोद कुमार मौजूद थे। मुखिया फूलकुमारी देवी, प्रमिला देवी, चुल्हाई महतो, स्तान राम, रिंकू देवी, विजा साह, विपिन मिश्रा आदि ने बधाई दी है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक जख्मी

**मुजफ्फरपुर/मोतीपुर, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के महमदपुर बलमी चौक के समीप एनएच 27 पर शुक्रवार की रात एक बाइक ने दूसरी बाइक में ठोकर मार दी, जिसमें एक बाइक पर सवार पूर्वी चंपारण जिले के पिपरा के प्रमोद पटेल के पुत्र पिंटू कुमार और छोटेलाल प्रसाद के पुत्र राकेश कुमार जख्मी हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एसकेएमसीएच रेफर कर दिया। बताया जाता है कि शहर से एक ही बाइक सवार होकर दोनों जा रहे थे, तभी पीछे से दूसरा बाइक सवार ने ठोकर मार दी। थानाध्यक्ष राजन कुमार पांडे ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त एक बाइक को जब्त कर लिया गया है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### मैसूरू बेंगलुरु मुजफ्फरपुर ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन के बढ़ाए गए फेरे

**नवगछिया, एजेंसी।** कटिहार बरौनी रेलखंड में समर स्पेशल ट्रेन के परिचालन में वृद्धि का निर्णय रेल मंत्रालय के द्वारा लिया गया है । रेल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन सं 06221 मैसूरू-मुजफ्फरपुर प्रत्येक सोमवार को 24 जून तक कटिहार, नवगछिया, खगड़िया के रास्ते मुजफ्फरपुर तक जाएगी। वहीं ट्रेन सं 06222 मुजफ्फरपुर से प्रत्येक गुरुवार को खुलेगी जो नवगछिया कटिहार के रास्ते मैसूरु तक 27 जून तक चलेगी।

चुनाव ड्यूटी के दौरान बिगड़ गई थी तबीयत, अस्पताल जाने के दौरान दम तोड़ा

# हीट स्ट्रोक से पोलिंग ऑफिसर समेत दो की मौत





**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के दो अलगङ्कअलग थाना क्षेत्रों में लू (हीट स्ट्रोक) के कारण पोलिंग ऑफिसर समेत दो की मौत हो गई है। पहली घटना चरपोखरी थाना क्षेत्र के बगही गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को चुनाव ड्यूटी में तैनात पोलिंग ऑफिसर जुड़ी है। इलाज के लिए आरा चरपोखरी पीएचसी लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक चौरी थाना क्षेत्र के डीलिया गांव निवासी स्व. सुरेश साव के 34 वर्षीय पुत्र सुदामा कुमार हैं। वह सहार सीएचसी में ऑफिस असिस्टेंट के पद पर कार्यरत थे। इसके अलावा अगिआंव विधानसभा क्षेत्र के बगही गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में पोलिंग ऑफिसर 3 के पद पर चुनाव ड्यूटी तैनात में थे। मृतक के छोटे भाई लवकुश कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर वे बगही गांव से प्राथमिक विद्यालय में पोलिंग ऑफिसर 3 के पद पर चुनाव ड्यूटी में थे। उसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई। कर्मचारी द्वारा ने इलाज के लिए चरपोखरी पीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया।

स्थानीय थाने को दी गई सूचना

सूचना स्थानीय थाना को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। पुलिस की समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक की मौत लू-लगने से प्रतीत होता है। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई और दो बहन में बड़ा था। परिवार में पत्नी सबिता देवी और दो पुत्र समर और अंकुश है।

इसके अलावा जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हरीगांव गांव में लू-लगने के कारण एक बुजुर्ग किसान की मौत हो गई। मृतक स्व.राम नरेश चौबे के 63 वर्षीय पुत्र बृज भूषण चौबे हैं जो किसान थे। मृतक के दामाद ने बताया कि वह गांव में ही घर के बाहर बैठे हुए थे। तभी हीट स्ट्रोक के कारण उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने सूचना परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे। सूचना स्थानीय थाना को दी। फिर शव का पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया।

# अग्निवीर भर्ती लिखित परीक्षा का रिजल्ट जारी, सबसे ज्यादा जीडी में चयनित



**पटना, एजेंसी।** सेना भर्ती बोर्ड ने गुरुवार की देर रात अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अग्निवीर बहाली लिखित परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया। जोनल भर्ती बोर्ड मुख्यालय दानापुर के अधीन मुजफ्फरपुर, गया, कटिहार, भर्ती मुख्यालय दानापुर और रांची का परिणाम जारी किया गया है। इसमें मुजफ्फरपुर सेना भर्ती बोर्ड के अधीन आठ जिलों के 6143 अभ्यर्थियों ने पहले चरण में बाजी मारी है। 10 से 19 जुलाई के बीच मुजफ्फरपुर भर्ती बोर्ड के अधीन मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, दरभंगा, समस्तीपुर, मधुबनी, पूर्वी व पश्चिमी चंपारण के युवाओं के लिए शारीरिक दक्षता और मेडिकल जांच प्रक्रिया चक्कर मैदान में होगी। इसे लेकर सेना भर्ती बोर्ड अभ्यर्थियों के लिए नया एडमिट कार्ड भी जारी करेगी। बहाली की तैयारी में मुजफ्फरपुर सेना भर्ती बोर्ड जुट गया है। जल्द ही जिला प्रशासन से मिलकर बहाली प्रक्रिया को लेकर बैठक करेगा।

### भर्ती बोर्ड-- बहाली -- केंद्र तारीख

मुजफ्फरपुर -- मुजफ्फरपुर -- 10 से 19 जुलाई

गया -- गया -- 25 जून से 02 जुलाई

रांची -- रांची/हजारीबाग -- 27 जुलाई से 06 अगस्त

कटिहार -- कटिहार -- 15 से 30 नवंबर

आरओ (मुख्यालय) -- दानापुर 10 से 20 दिसंबर

आरओ (मुख्यालय) -- दानापुर 10 से 20 दिसंबर (वूमन पुलिस)

वूमन मिलिट्री पुलिस के लिए 25 का चयन

मुजफ्फरपुर के चार, दरभंगा के दो और समस्तीपुर के एक केंद्र पर ऑनलाइन लिखित परीक्षा के लिए अग्निवीर के जेनरल ड्यूटी (जीडी), टेक्निकल, कार्यालय सहायक/एसकेटी, ट्रेडसमैन (08वां व 10वां), अग्निवीर वूमन मिलिट्री पुलिस और सिपाही फार्मा के लिए करीब 15 हजार से अधिक अभ्यर्थी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराए थे। इसमें मुजफ्फरपुर सेना भर्ती बोर्ड के अधीन सर्वाधिक अग्निवीर जीडी में 4688, टेक्निकल में 432, अग्निवीर वूमन मिलिट्री पुलिस में 25, ऑफिस सहायक में 121, नर्सिंग सहायक में 46 और सिपाही फार्मा में 46 अभ्यर्थी आगे की प्रक्रिया के लिए चयनित हुए हैं। इसके अलावा ट्रेड्सैन से 953 सफल हुए हैं।

# दो बाइक की टक्कर में जीजा-साले की मौत

**दोनों बेगूसराय जा रहे थे, हादसे में दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल**



**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर में 2 बाइक के बीच टक्कर हो गई। हादसे में जीजा-साले की मौत हो गई। इसके अलावा एक अन्य बाइक सवार घायल हुआ है। मृतक पहचान खानपुर थाने के धरमपुर रेवरी निवारी मंडल राय का पुत्र विवेक राय और बेगूसराय जिले के तेघड़ा निवासी देवन राय का पुत्र डब्लू कुमार है। जबकि जख्मी जिले के सरायरंजन थाने के बरबट्टा गांव के बच्चू दास का पुत्र हरेरामदास है। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया है। मृतकों की पहचान जेब से मिले आधारकार्ड से हुई। घटना उजियारपुर थाने के सातनपुर बहिरा चौर की है।

### एक की अस्पताल जाने के दौरान मौत

खानपुर के रेवरी गांव निवासी विवेक कुमार अपने साले डब्लू के साथ एक ही बाइस से ससुराल बेगूसराय के तेघड़ा जा रहे थे। इसी दौरान उजियारपुर थाने के एनएच-28 पर सातनपुर बहिरा चौर में सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। घटना में तेघड़ा निवासी डब्लू कुमार की मौत मौके पर ही हो गई। जबकि विवेक राय की मौत सदर अस्पताल में उपचार के दौरान हो गई। एक ही परिवार के दो लोगों की मौत की सूचना के बाद परिवार के लोगों के बीच मातम छा गया।

### जख्मी की स्थिति नाजुक

जख्मी सरायरंजन थाने के बरबट्टा गांव निवासी बच्चू दास के पुत्र हरेराम दास की स्थिति नाजुक बनी हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया है। जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। हरेराम का कहना है कि उनके साथ एक और बाइक सवार युवक था। वो कहां है इसके बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। उजियारपुर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि हादसे में दो लोगों की मौत हुई है। दोनों के परिजन को जानकारी दी गई है। जख्मी का उपचार चल रहा है। घटना को लेकर एक मामला दर्ज किया गया है।

# अवनीश हत्याकांड के बाद गांव में मातम का माहौल, पसरा सन्नाटा

**मुजफ्फरपुर/अकबरनगर, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के भवनाथपुर गांव निवासी महेश्वरी राय के 37 वर्षीय पुत्र अवनीश कांत राय की हत्या के दूसरे दिन भवनाथपुर गांव में सन्नाटा पसरा रहा। गम में पास पड़ोस व गोतिया के घरों में चूल्हे तक नहीं जले। मृतक की पत्नी कावेरी देवी रह रहकर बेहोश हो रही थी। वहीं घटना के दूसरे दिन गांव में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। पुलिस हर बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है।

### सुल्तानगंज घाट पर बड़े बेटे ने दी मुखाग्नि

गुरुवार की देर रात पुलिस ने अवनीश के शव की पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौप दिया। जिसके बाद मृतक का बड़े बेटे 11 वर्षीय ओजस ने सुल्तानगंज घाट पर पिता को मुखाग्नि दी। दूसरे दिन मृतक के भाई से मिलने जदयू के कई नेता घर पर पहुंचे।

शुक्रवार को अकबरनगर थाना प्रभारी रोहित रितेश के नेतृत्व में अवनीश हत्याकांड के आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अकबरनगर और आसपास के इलाकों में छापेमारी की, लेकिन पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस ने एक दो दिनों में अपराधियों को गिरफ्तार करने की बात कही। थानाप्रभारी रोहित ने बताया कि हत्याकांड को लेकर गंभीरता से जांच की जा रही है। साथ ही घटना में प्रयुक्त साक्ष्य की खोजबीन की जा रही है।

मृतक के घर के आसपास सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है। जिसके फुटेज से कुछ साक्ष्य मिल सकते हैं। बताया जा रहा है कि घटना के पूर्व युवक को बासा से बुलाकर अपराधी ने ले गये, जिसके बाद घटना को अंजाम दिया गया है।

# कैम्ब्रिज एजुकेशन लैब अब देश के दूसरे और तीसरे दर्जे के शहरों तक पहुंचेगी

**पटना, एजेंसी।** कैम्ब्रिज एजुकेशन लैब ने अब देश के दूसरे और तीसरे दर्जे के शहरों तक पहुंचने की योजना बनाई है। इसके लिए कैम्ब्रिज एजुकेशन लैब यानी सीईएल ने देश के स्कूलों के साथ समझौते करने शुरू कर दिए हैं। कैम्ब्रिज एजुकेशन लैब ने अब 9वीं से 12वीं कक्षा के भारतीय छात्रों के लिए एप्टीट्यूड टेस्ट शुरू किया है, जो खास तौर पर टियर 2 और टियर 3 शहरों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इसमें शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को कैम्ब्रिज की एक सप्ताह की एक्सप्लोरेशन ट्रिप के लिए पूरा फंड दिया जाएगा, जिसका उद्देश्य छात्रों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्रदान करना है। इसके अलावा, कैम्ब्रिज एजुकेशन लैब ने फिनलैंड और जापान के लिए अपना अगला टूर और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में विश्व स्तर पर प्रसिद्ध वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. सू ब्रिंडली के नेतृत्व में एक बेहद किफायती शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शुरू किया है। लगातार दूसरे साल अपनी सफलता की कहानी दोहराते हुए कैम्ब्रिज एजुकेशन लैब ने तीन देशों में दो और शैक्षिक दौरा शुरू किया और उसे सफलतापूर्वक पूरा भी किया है। सुयश भट्ट द्वारा स्थापित, जो कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र और वर्तमान में फेलो हैं, सफलतापूर्वक ने 2023 में भारतीय स्कूल नेताओं के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय और फ़िनलैंड के बेहद सफल दौरे आयोजित किए थे। यह पहल दुनिया भर के छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और उद्यमियों सहित सभी प्रकार के शिक्षार्थियों के लिए महत्वपूर्ण आलोचनात्मक सोच और उनके कौशल को और विकसित करने के लिए बुद्धिमानी से डिज़ाइन किए गए प्रोग्राम पेश करती है।

# शिक्षकों पर फिर चला केके पाठक का डंडा, एसीएस के निर्देश पर 886 का काटा गया वेतन

**पटना, एजेंसी।** शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक ने लंबी छुट्टी का आवेदन दे दिया है। 3 जून से 30 जून तक वह अवकाश पर रहेंगे। लेकिन उसके पहले उनके कड़े फैसले का एक और नतीजा सामने आया है। गोपालगंज में केके पाठक के ऐक्शन की जोर-जोर से चर्चा है। वहां 886 शिक्षकों का एक दिन का वेतन एसीएस के निर्देशानुसार काट लिया गया है जिसकी राशि करीब 13 लाख हैं। शिक्षा विभाग में इससे हड़कंप मच गया है. बिहार के शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए केके पाठक को याद किया जाएगा। पिछले



1 साल से अपने काम को लेकर पाठक बहुत चर्चा में हैं। हालांकि कुछ निर्णय के कारण उनकी काफी आलोचना भी हुई। अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग का प्रभार लेते ही पाठक अपनी कार्यशैली को लेकर चर्चा में आ गए। फिर उनका डंडा उन शिक्षकों पर चला है। जिन्होंने अपनी ड्यूटी निभाने में कोताही बढ़ती गोपालगंज में 886 शिक्षकों का वेतन काट लिया है। विभाग ने पिछले 10 माह में शिक्षकों पर की गई कार्रवाई का आंकड़ा जारी किया है। जारी आंकड़ों के अनुसार अगस्त 2023 से लेकर मई 2024 तक 10 महीने में विभाग ने 886 शिक्षकों पर कार्रवाई करते हुए इनके वेतन से कुल 13 लाख रुपये काट विभाग के अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान स्कूल से गायब पाए गए शिक्षकों पर यह कार्रवाई हुई. इनका एक-एक दिन का वेतन काटा गया।

इस कार्रवाई से शिक्षकों में हड़कंप मचा हुआ है। हालांकि वेतन कटौती का यह आंकड़ा पिछले माह की अपेक्षा अब कम हुआ है। डीपीएम अनुराग कुमार ने बताया कि अप्रैल माह में जहां 240 शिक्षकों का वेतन काटा गया, वहीं मई में 29 तारीख तक करीब 150 शिक्षकों पर यह कार्रवाई की गई। कहा जा रहा है कि निरीक्षण का दौर जारी रहेगा और सेवा में कोताही करने वाले शिक्षकों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई चलती रहेगी।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### चकाचौंध में फीकी पड़ती आईपीएल की चमक

क्रिकेट की दुनिया में जब इंडियन प्रीमियर लीग यानी आइपीएल की शुरुआत हुई, तो इसकी गुणवत्ता में बढ़ोतरी की उम्मीद की गई थी। मगर इस पर जिस कदर चकाचौंध हावी होता गया, उससे लगता है कि इस खेल को कारोबार और कमाई का एक जरिया बना लिया गया। इसके समांतर यह भी सच है कि इससे क्रिकेट और इसके प्रति लोगों के भीतर आकर्षण में अब वह स्तर नहीं दिखता, जो कभी इसकी खासियत होती थी।एक समय जिस क्रिकेट के सभी पहलुओं में कलात्मकता की ऊंचाई कायम करने की कोशिश की जाती थी और दर्शक से लेकर विश्लेषक तक इसमें तुलनात्मक प्रदर्शन, खेल की कला पर बात करते थे, अब आइपीएल के हावी होने के बाद क्रिकेट को एक रफ्तार के खेल की तरह देखा जाने लगा है। पहले जहां टीम के साथ भावनाएं जुड़ी होती थीं और उसकी जीत-हार को खेल भावना के साथ स्वीकार किया जाता था, वहीं अब यह पसंद किसी खास खिलाड़ी, उसे नीलामी में मिली ऊंची कीमत और फिर निजी प्रदर्शन तक सिमटती जा रही है। अब लोगों को यह उम्मीद होती है कि उनके पसंदीदा खिलाड़ी को ज्यादा से ज्यादा कीमत में कोई टीम खरीदे, वह खूब चौके-छक्के मारे या बहुत तेज रफ्तार से गेंद फेंके।बेशक इस आयोजन की वजह से बहुत सारे नए प्रतिभावान खिलाड़ियों को भी मौका मिला है, लेकिन दर्शकों की अपेक्षाओं और बाजार की जरूरतों के मुताबिक मैदान में खिलाड़ियों पर दबाव बढ़ा है और निरंतरता की गुंजाइश घटी है। टैस्ट या एकदिवसीय मैचों के बरक्स बीस ओवर के मैचों में क्रिकेट की कलात्मकता और प्रयोगधर्मिता पीछे छूट रही है और सिर्फ आक्रामक प्रदर्शन की मांग बढ़ी है।इसके अलावा, सट्टेबाजी जैसी अवांछित गतिविधियों ने भी क्रिकेट प्रेमियों को निराश किया है। ऐसे में क्रिकेट को जिस तरह चकाचौंध के कारोबार का जरिया बनाया गया है, उसमें क्रिकेट अब बाजार-आधारित खेल बन रहा है। यह बेवजह नहीं है कि आइपीएल जैसे आयोजन की चमक अब धुंधली पड़ती जा रही है।

## मीडिया- दरकते भरोसे को बचाएं कैसे

– प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी

मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाता है, तो वह अकारण नहीं है। उसने समय-समय पर लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक हितों की रक्षा के लिए बहुत काम किया है और इसके लिए बड़ी कीमत भी चुकाई है। हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाते समय हम सवालों से घिरे हैं और जवाब नदारद हैं। पं.जुगुलकिशोर शुकुल ने जब 30 मई ,1826 को कोलकाता से उदंत मार्तण्ड की शुरुआत की तो अपने प्रथम संपादकीय में अपनी पत्रकारिता का उद्देश्य लिखते हुए शीर्षक दिया 'हिंदुस्तानियों के हित के हेत'। यही हमारी पत्रकारिता का मूल्य हमारे पुरखों ने तय किया था। आखिर क्यों हम पर इन दिनों सवालिया निशान लग रहे हैं। हम भटके हैं या समाज बदल गया है कुछ दिनों पहले दिनों, देश के एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी दैनिक द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में मुख्य न्यायाधीश श्री डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा कि यदि किसी देश को लोकतांत्रिक रहना है, तो प्रेस को स्वतंत्र रहना चाहिए। जब प्रेस को काम करने से रोका जाता है, तो लोकतंत्र की जीवंतता से समझौता होता है। माननीय मुख्य न्यायाधीश, ऐसा कहने वाली पहली विभूति नहीं हैं। उनसे पहले भी कई बार कई प्रमुख हस्तियां प्रेस और मीडिया की स्वतंत्रता को लेकर मिलते-जुलते विचार सार्वजनिक रूप से अभिव्यक्त कर चुकी हैं। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाता है, तो वह अकारण नहीं है। उसने समय-समय पर लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक हितों की रक्षा के लिए बहुत काम किया है और इसके लिए बड़ी कीमत भी चुकाई है। इसके बदले उसे समाज का, लोगों का भरपूर विश्वास और सम्मान भी हासिल हुआ है। लेकिन दुर्भाग्य से बीते दो-तीन दशकों में यह विश्वास लगातार दरकता गया है, सम्मान घटता गया है। मीडिया की इस घटती प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता के पीछे बहुत सारे कारण गिनाये जा सकते हैं। सबसे पहला तो यही है कि उदारीकरण की आंधी से पहले जिस मीडिया ने खुद को एक मिशन बनाए रखा था, उसने

*जिन लोगों के हित के लिए पत्रकारों ने अपनी जान जोखिम में डाली है, समाज उनके परिवार की मदद के लिए भी कभी खड़ा नजर नहीं आता। वही समाज जो पानी न आने पर सड़कें जाम कर देता है, किसी सैनिक के शहीद होने पर श्रद्धांजलि यात्राएं निकालता है। अपने अधिकारों के लिए या अपने शहीदों के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए सड़कों पर आना कतई गलत नहीं है और न ही यहां इसका विरोध किया जा रहा है, बल्कि कहने का आशय यह है कि एक पत्रकार जब अपना फर्ज निभाते हुए मारा जाता है।*

व्यावसायिकता की चकाचौंध में बहुत तेजी से अपना 'कॉरपोरेटाइजेशन' कर लिया और खुद को 'मिशन' की बजाए खालिस 'प्रोफेशन' बना लिया। अब जब यह प्रोफेशन बना तो इसकी प्राथमिकताएं भी बदल गईं। 'जन' की जगह 'धन' साध्य बन गया। अधिक से अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में मीडिया प्रतिष्ठानों ने अपने तौर-तरीके पूरी तरह बदल लिए। 'कंटेंट' की बजाय उन्होंने 'आइटम' पर ज्यादा ध्यान देना शुरू कर दिया, ताकि रीडरशिप और टीआरपी में ज्यादा से ज्यादा ऊंचाई पर पहुंचा जा सके। जितनी ज्यादा ऊंचाई, उतना ज्यादा विज्ञापन राजस्व। उसमें भी भारी घालमेल। अधिकतर अखबार और टीवी चैनल, सामग्री की गुणवत्ता की बजाए आंकड़ों की बाजीगरी में अधिक भरोसा करने लगे। लेकिन, या तो उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया, या फिर परवाह नहीं की, कि इस पूरे चक्र में वे समाज और लोगों का भरोसा खो रहे हैं। अब स्थिति यह है कि मीडिया तो लगातार विस्तार कर रहा है, लेकिन लोगों में उसकी विश्वसनीयता लगातार कम हो रही है। आज मीडिया के बहुत सारे रूप हैं। मनोरंजन को छोड़ दीजिए, तो रेडियो ज्यादा लोग सुनते नहीं, टीवी देखते नहीं, अखबार पढ़ते नहींज अगर यह सब करते भी हैं, तो ये माध्यम उनके मन में कोई सकारात्मकता जगा पाने में सफल नहीं हो पाते। जबकि कालांतर में ऐसे असंख्य अवसर आए हैं, जब मीडिया ने अपने सामाजिक और लोकतांत्रिक दायित्वों का भली-भांति निर्वहन किया है। विश्वसनीयता के मामले में पत्रकारिता को दो वर्गों में बांटा जा सकता है। एक, 21 वीं सदी के आरंभ से पहले की पत्रकारिता और दूसरी इसके बाद की पत्रकारिता। पहले वर्ग में वह पत्रकारिता आती है जो समाज के लिए जयप्रकाश नारायण और विश्वनाथ प्रताप सिंह जैसे नायकों को मजबूती प्रदान करती थी, भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करती थी, जनहित के लिए सत्ता की नाक में दम किए रहती थी। दूसरी पत्रकारिता वर्ष 2000 से बाद की पत्रकारिता है, जिसमें सनसनी है, स्टिंग हैं, मीडिया ट्रायल हैं, टीआरपी है, प्रायोजित यात्राएं हैं, निहित स्वार्थ हैं। अगर कुछ नहीं है, तो समाज का विश्वास। अब कोई मीडिया की ओर नहीं देखता। लोग उससे कोई उम्मीद नहीं रखते, उस पर भरोसा नहीं करते। उनके लिए मीडिया पर प्रसारित सामग्री मनोरंजन की चीज बन चुकी है। हालांकि अखबार अभी इस स्थिति तक नहीं पहुंचे हैं, लेकिन धीरे-धीरे बढ़ इसी राह पर रहे हैं। इसकी दूसरी वजह पिछले दस-पंद्रह सालों में वैकल्पिक मीडिया, या डिजिटल मीडिया, का दिनोंदिन फैलता फलक हो सकती है। वैकल्पिक मीडिया ने, आम लोगों को अपनी बात सामने रखने की ऐसी सहूलियत प्रदान की है, जिसने पारंपरिक संचार माध्यमों पर उनकी निर्भरता खत्म कर दी है। अब वे अपनी समस्याएं या चिंताएं लेकर अखबारों-टीवी चैनलों के चक्कर नहीं काटते, बल्कि फेसबुक या ट्विटर पर पोस्ट करते हैं। क्योंकि इनमें उन्हें भरोसा रहता है कि अब उनकी बात बिना किसी बाधा या समस्या के उन तमाम लोगों तक पहुंच जाएगी, जिन तक पहुंचनी चाहिए। तीसरी वजह, खुद वह समाज है जो मीडिया पर उसकी जिम्मेदारी ठीक से न निभाने का दोषारोपण तो करता है, लेकिन कभी किसी संकट के समय उसके साथ खड़ा नजर नहीं आता। 'रिपोर्टर विदआउट बॉर्डर्स' के मुताबिक वर्ष 2003 से 2022 तक, दो दशकों के दौरान दुनिया भर में 1668 पत्रकारों की हत्या हुई। यानि हर साल करीब 84 पत्रकार। इसके अलावा 'कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स' की 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक इस साल एक दिसंबर तक 363 पत्रकारों को गिरफ्तार कर जेल में डाला गया। 'रिपोर्टर विदआउट बॉर्डर्स' की रिपोर्ट इनकी संख्या 533 बताती है। उनकी ताजा रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि दुनिया भर में पिछले साल 65 पत्रकारों और मीडियाकर्मियों को बंधक बनाकर रखा गया और 49 लापता हैं। अब आप याद कीजिए कि क्या कहीं आपने किसी देश, शहर या समाज में लोगों को इस बात के लिए इकट्ठा होकर कोई सामाजिक आंदोलन या धरना प्रदर्शन करते देखा है कि अमुक पत्रकार को जेल से रिहा किया जाए, या अमुक पत्रकार के हत्यारों को गिरफ्तार किया जाए या अमुक पत्रकार, जिसका अर्से से कोई अता-पता नहीं है, उसका पता लगाया जाए।

## चकाचौंध में फीकी पड़ती आईपीएल की चमक

टी-20 विश्वकप शुरु हो गया है। क्रिकेट की दुनिया में जब इंडियन प्रीमियर लीग यानी आइपीएल की शुरुआत हुई, तो इसकी गुणवत्ता में बढ़ोतरी की उम्मीद की गई थी। मगर इस पर जिस कदर चकाचौंध हावी होता गया, उससे लगता है कि इस खेल को कारोबार और कमाई का एक जरिया बना लिया गया। इसके समांतर यह भी सच है कि इससे क्रिकेट और इसके प्रति लोगों के भीतर आकर्षण में अब वह स्तर नहीं दिखता, जो कभी इसकी खासियत होती थी।एक समय जिस क्रिकेट के सभी पहलुओं में कलात्मकता की ऊंचाई कायम करने की कोशिश की जाती थी और दर्शक से लेकर विश्लेषक तक इसमें तुलनात्मक प्रदर्शन, खेल की कला पर बात करते थे, अब आइपीएल के हावी होने के बाद क्रिकेट को एक रफ्तार के खेल की तरह देखा जाने लगा है। पहले जहां टीम के साथ भावनाएं जुड़ी होती थीं और उसकी जीत-हार को खेल भावना के साथ स्वीकार किया जाता था, वहीं अब यह पसंद किसी खास खिलाड़ी, उसे नीलामी में मिली ऊंची कीमत और फिर निजी प्रदर्शन तक सिमटती जा रही है। अब लोगों को यह उम्मीद होती है कि उनके पसंदीदा खिलाड़ी को ज्यादा से ज्यादा कीमत में कोई टीम खरीदे, वह खूब चौके-छक्के मारे या बहुत तेज रफ्तार से गेंद फेंके।बेशक इस आयोजन की वजह से बहुत सारे नए प्रतिभावान खिलाड़ियों को भी मौका मिला है, लेकिन दर्शकों की अपेक्षाओं और बाजार की जरूरतों के मुताबिक मैदान में खिलाड़ियों पर दबाव बढ़ा है और निरंतरता की गुंजाइश घटी है। टैस्ट या एकदिवसीय मैचों के बरक्स बीस ओवर के मैचों में क्रिकेट की कलात्मकता और प्रयोगधर्मिता पीछे छूट रही है और सिर्फ आक्रामक प्रदर्शन की मांग बढ़ी है।इसके अलावा, सट्टेबाजी जैसी अवांछित गतिविधियों ने भी क्रिकेट प्रेमियों को निराश किया है। ऐसे में क्रिकेट को जिस तरह चकाचौंध के कारोबार का जरिया बनाया गया है, उसमें क्रिकेट अब बाजार-आधारित खेल बन रहा है। यह बेवजह नहीं है कि आइपीएल जैसे आयोजन की चमक अब धुंधली पड़ती जा रही है।

## राजनीतिक विसंगतियों से बचे नई लोकसभा

(ललित गर्ग)

अठारहवीं लोकसभा के गठन के लिये हो रहे चुनाव अब अन्तिम चरण में हैं। अब चुनाव परिणामों पर सबकी निगाहें लगी है, इसी के साथ नयी लोकसभा कैसी हो, किस तरह से राजनीतिक विसंगतियों से उसे बचाकर एक नये आदर्श लोकसभा का गठन हो, ताकि आजादी का अमृतकाल स्वर्णिम एवं सार्थक बन सके। वर्ष 2047 तक भारत की यात्रा परिवर्तन, संभावनाओं एवं अवसरों से भरी है। व्यापक लोकतांत्रिक सुधारों, समग्र विकास, आर्थिक संभावनाओं का लाभ उठाकर एक समृद्ध, शक्तिशाली एवं विकसित राष्ट्र का सपना साकार किया जा सकता है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिये प्रतिबद्धता, रणनीतिक योजनाओं, सही समन्वय एवं नयी लोकसभा के सदस्यों के आपसी संवाद की अपेक्षा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमृतकाल की पूर्णता तक पहुंचने से पहले देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। वर्तमान में भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र एक जीवित तंत्र है, जिसमें सबको समान रूप से अपनी-अपनी मान्यताओं के अनुसार चलने की पूरी स्वतंत्रता होती है। लोकतंत्र की नींव जनता के मतों पर टिकी होती है। नागरिकों की आशा-आकांक्षाओं के अनुरूप प्रशासन देने वाला, संसदीय प्रणाली पर आधारित इसका मजबूत संविधान है। लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों के टूटते-बिखरते की स्थितियों और राजनीतिक प्रक्रिया के कारण आम लोगों में अरुचि और अलगाव बहुत साफ दिखाई देता है, इसके कुछ और भी अनेक कारणों में मुख्य है- समानता लोकतंत्र का हृदय है, लेकिन असमानता ही चहूं ओर दिखाई दे रही है। वोटों के गलियारे में सत्ता के सिंहासन तक पहुंचने की होड और येन-केन-प्रकारेण वोट बटोरने के मनोभाव ने इस उन्नत शासन प्रणाली को कमजोर किया है, जिसकी झलक इन चुनावों में हमने बढ़-चढ़ कर देखी है। नई संसद को लेकर विमर्श प्रारंभ हो गया है और होना भी चाहिए। यह भी याद रखना जरूरी है कि आज भारत का हर नागरिक विश्व में अपने देश के सम्मान को लेकर गौरवान्वित है। देश के भविष्य को लेकर वह काफी आशावान है। दुनिया की तीसरी आर्थिक व्यवस्था बनने को लेकर उत्साहित है। इनकी आशाओं पर खरा उतरने की चुनौती आम चुनावों में सफल होकर प्रधानमंत्री और सांसद बनने वालों के सामने है। इसमें दो राय नहीं कि सकारात्मक नेतृत्व ही व्यक्ति और राष्ट्र को नई प्रेरणा देता है। ऐसे में नवनिर्वाचित सांसदों को सक्रिय संवाद की परम्परा को पुनर्जीवित करने का प्रयास दलगत राजनीति से ऊपर उठकर करने की अपेक्षा है। इसी से निर्वाचित प्रतिनिधियों की साख एवं स्वीकार्यता बढ़ेगी एवं इसीसे भारत के लोकतंत्र को अपेक्षित गरिमा एवं जीवंतता मिल सकेगी। नयी गठित होने वाली लोकसभा के सामने यह बड़ी चुनौती है। यह चुनौती बड़ी इसलिये है कि राजनीति का वह युग बीत चुका जब राजनीतिज्ञ आदर्शों पर चलते थे। आज हम राजनीतिक दलों की विभीषिका और उसकी अतियों से ग्रस्त होकर राष्ट्र के मूल्यों को भूल गए हैं। भारतीय राजनीति उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। चारों ओर भ्रम और मायाजाल का वातावरण है। भ्रष्टाचार और घोटालों के शोर और किस्म-किस्म के आरोपों के बीच देश ने अपनी नैतिक एवं चारित्रिक गरिमा को खोया है। मुद्दों की जगह अभद्र टिप्पणियों ने ली है। व्यक्तिगत रूप से छींटाकशी की जा रही है। कई राजनीतिक दल तो पारिवारिक उत्थान और उन्नयन के लिये व्यावसायिक संगठन बन चुके हैं। सामाजिक एकता की बात कौन करता है। आज देश में भारतीय कोई नहीं नजर आ रहा क्योंकि उत्तर भारतीय, दक्षिण भारतीय, महाराष्ट्रीयन, पंजाबी, तमिल की पहचान भारतीयता पर हावी हो चुकी है। वोट बैंक की राजनीति ने सामाजिक व्यवस्था को क्षत-विक्षत करके रख दिया है। ऐसा लगता है कि सब चोर एक साथ शोर मचा रहे हैं और देश की जनता बोर हो चुकी हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5388

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | 4 | | 6 | |
| 3 | | | | 6 | 8 | 2 | | |
| 4 | 6 | | | 9 | | | | 1 |
| | | | | | 1 | | 4 | |
| | 3 | 4 | | 5 | | 7 | 2 | |
| | 9 | | 2 | | | | | |
| 6 | | | | 8 | | | 7 | 9 |
| | | 9 | 3 | 2 | | | | 8 |
| | 7 | | 9 | | | | 5 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5387

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 6 | 8 | 4 | 5 | 1 | 7 | 9 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 1 | 9 | 5 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 5 | 7 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 7 | 9 | 2 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 8 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 7 | 2 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 6 | 1 | 9 | 5 | 7 | 3 | 4 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 6 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 | 6 | 7 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज भाग्य का साथ मिलेगा और आपको नई योजनाओं पर काम करने में मजा आएगा। अपने आइडियाज को अमल में लाने का मौका मिलेगा। आपकी रुचि पॉलिटिक्स में बढेगी। किसी वजह से शाम के वक्त आपकी जेब ढीली हो सकती है। हर बार पैसे का फायदा नुकसान देखने की बजाए रिश्तों की मजबूरी को भी समझें।

### वृष
आज आप पूरे उत्साह से जो भी काम करेंगे उसमें निश्चित रूप से कामयाबी मिलेगी। आपका भाग्य साथ देगा और आपको दोपहर के बाद कोई काम की बात पता लग सकती है। आपका मन खुश रहेगा और सभी कार्य बिना किसी बाधा के संपन्न हो जाएंगे। पुराने समय से रुका हुआ धन मिलने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा और दिन खुशी में बीतेगा।

### मिथुन
आज आपके मन में संतुलन रहेगा। आपको सफलता प्राप्त होगी और आपके सभी कार्य बिना किसी बाधा के आराम से पूर्ण हो जाएंगे। ऑफिस में अपने स्टाफ और अपने सहयोगियों पर नजर रखें। अपने अच्छे बिहेवियर से उनका दिल जीतने में कामयाब होंगे और आपका भाग्य साथ देगा।

### तुला
आज का दिन सफलता से भरा होगा। फाइनेंस से जुड़े फैसले आज ले लें। आगे के दो तीन दिनों में आपके पास समय की कमी रहेगी, इसलिए फालतू के काम में दिमाग न लगाएं। घर में किसी शुभ कार्य की चर्चा हो सकती है। पुराना प्यार लौट सकता है। शाम के समय शॉपिंग के लिए घरवालों को बाहर ले जा सकते हैं। आपको दिन में सम्मान प्राप्त होगा।

### वृश्चिक
आज का दिन लाभ से भरा होगा और आपको दूसरों से प्रेरणा प्राप्त होगी। ऑफिस में कलीग्स आपके टीमवर्क के जज्बे को अच्छी तरह समझेंगे और आपकी हर मामले में मदद करेंगे और आपको भाग्य का साथ मिलेगा। काफी समय से चले आ रहे कानूनी विवाद और झगड़े आज खत्म होंगे। शाम को परिवार के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं।

### धनु
आज का दिन करियर के मामले में सफलता से भरा होगा। आज आपका दिन कोई पुराना रुका कार्य करने में बीतेगा। आपको किसी काम को पूरा करने में कामयाबी हासिल होगी। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाने का मन बना सकते हैं। किसी बौद्धिक काम में आपको कामयाबी मिलेगी। कोई नई डील आपकी शर्तों पर फाइनल हो सकती है और आगे चलकर इसमें आपको लाभ होगा।

### कर्क
आज का दिन शुभ है और आज आपको हर मामले में जीवनसाथी का पूरा सपॉर्ट मिलेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। आपके धन में वृद्धि होगी और ऑफिस में लोग हर मामले में आपकी मदद करेंगे। प्रमोशन की भी चर्चा सुनने में आ सकती है। घर के छोटे सदस्यों के साथ समय जरूर बिताएं।

### सिंह
आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आज आपको कुछ मामलों में काफी दौड़भाग करनी पड़ेगी। ऑफिस में आज आपको बहुत काम करना होगा और अधिक भागदौड़ के कारण आपकी सेहत भी बिगड़ सकती है। अपनी प्रतिभा पर भरोसा रखें और यह याद रखें कि कुछ कर दिखाने के लिए ज्यादा तामझाम की जरूरत न करें। आज आपको शाम के वक्त उपहार और सम्मान का लाभ मिल सकता है।

### कन्या
आज का दिन परेशानियों वाला होगा। सुबह आप जिन बातों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे, दोपहर में वही बातें आपको खुशी देंगी। ऑफिस में अपनी जगह बनाने के लिए सूझबूझ से काम लेना होगा। बुद्धि से जुड़े कामों के नजीते शाम तक मिलने लगेंगे।

### मकर
आज भाग्य का साथ मिलेगा और आपके दिन का अधिकांश हिस्सा मेहनत और भागदौड़ में बीतेगा। एक बार आप अपने कामों को एक के बाद एक निपटाने लगेंगे तो अन्त में काफी संतुष्टि मिलेगी। आज का दिन आपके लिए उपलब्धियों से भरा होगा। कानूनी कागजातों पर दस्तखत करने से पहले सावधानी रखें, वरना आपको धोखा मिल सकता है।

### कुंभ
आज अनुकूलता में बीतेगा। आज सुबह से ही आपको किसी शुभ समाचार का इंतजार रहेगा। आसपास की यात्रा करनी पड़ सकती है। नए लोगों से आपका मेलजोल बढ़ाना आपके लिए फायदेमंद होगा। आज आपको बिजनस में कोई नई डील करने को मिल सकती है। आपके धन में वृद्धि के योग हैं। किसी नई डील को फाइनल करने का काम कुछ समय के लिए टाला जा सकता है। सेहत का ध्यान रखें।

### मीन
आज का दिन लाभ से भरा होगा और आज आपका मन काफी क्रिएटिव रहेगा। इधर उधर की बातों पर ध्यान देने की बजाए अपनी हॉबी को आगे बढ़ाने के बारे में सोचेंगे तो आपको फायदा होगा। आपको थोड़ा बहुत पैसा भी कमाने के चांस हैं। पैसे की समस्या आएगी लेकिन जानबूझ से वह शाम तक टल भी जाएगी। आपका कोई दोस्त उधार मांगे तो अपनी स्थिति साफ तौर पर बता दें।

## वर्ग पहेली 5388



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 11 जुलाई 2003 में यहां दोस्ती बस और दिल्ली से सदा-ए-सरहद का परिचालन हुआ, पाकिस्तान का यह शहर रावी नदी के किनारे बसा है (3)
4. यह हमारा राष्ट्रीय वृक्ष है (4)
7. कोई विलक्षण चीज देखने के लिए एकत्रित जमघट या जनसमूह (3)
8. हम शब्द का संबंध कारक रूप (3)
9. नाम का, नाम धारण करने वाला (3)
11. जूते सुधारने व बनाने वालों का एक औजार (2)
13. दयनीय दशा वाला, गरीब (2)
15. जिसका स्वामी हो, स्वामी सहित (3)
17. भारत की पहली रहस्य प्रधान फिल्म, रनिवास, अंतपुर (3)
18. किसी कार्य का अपनी ओर से किया प्रारंभ (3)
19. अवसर की प्रतीक्षा, घात, आला (2)
20. अपवित्र, अशुद्ध (3)
22. स्वप्न, सपना (2)
24. लंबाई के बल ताने और चौड़ाई के बुने जाने वाले तागे (4)
27. माता सरस्वती का एक नाम, दुर्गा (3)
28. समूह, गुट (2)

**ऊपर से नीचे**

1. युद्ध के लिए सेना की तैयारी (4)
2. पानी का कुंड जो प्रायः बाग-बगीचे में होता है (2)
3. रमण करवाना, अनुरक्त बनाना (3)
4. पथभ्रष्ट होना, भुलावे में आना (4)
5. पार्वती या लक्ष्मी के नामों में से एक (2)
6. गर-गर शब्द करते हुए कुल्ला करना (3)
10. रगड़ते हुए इधर-उधर मलना, उमेठना (3)
12. यह वृक्ष सबसे अधिक ऑक्सीजन देता है (3)
14. जिसने नमक खाया हो, मुलाजिम (5)
16. हाथ से धीरे-धीरे ठोकना (4)
21. पुराणानुसार पृथ्वी के नीचे सात लोकों में से यह लोक सातवां है (3)
23. जो भाग्य में लिखा हो, नियत (2)
25. उपरांत, पीछे, अनंततर (2)
26. लोहे का अर्धचंद्राकार टुकड़ा (2)

### वर्ग पहेली 5387 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चे | त | न | श | र्मा | | य | |
| ता | न | | मी | | क | या | स |
| व | | क | म | ला | प | ति | |
| नी | म | न | | ल | ट | | मौ |
| | ता | क | ना | | वे | य | न |
| गा | धि | | | रो | श | न | |
| य | का | र | | जा | | प | र |
| क | र | ब | द्ध | | ना | ति | न |

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा डी.बी. कॉर्पो. लि., प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटवा, थाना-रातू, जिला-रांची (झारखंड) में मुद्रित एवं 204, निर्मला इन्कलेव अपार्टमेंट, रानी बागान, बरियातु, रांची (झारखंड) से प्रकाशित | संपादक- साकेत कुमार, मो.-9934957121, 7766886433 | E-mail : svvjh123@gmail.com | website : www.sonvarshavani.com

## दहेज के लालच तो कहीं चरित्र के शक में ली जान, एक महीने में 10 बेटियों को पतियों ने मौत के घाट उतारा

**मेरठ , एजेंसी।** एक महीने में 10 बेटियों की हत्या। किसी अंजान शख्स ने नहीं। ये हत्याएं उन पतियों ने की हैं, जिन्होंने जीवनभर साथ निभाने की कसमें खाई थीं। जिन बेटियों को उनके माता-पिता ने बड़े लाड से पाला था, उनमें से आठ को दहेज की खातिर कत्ल कर दिया गया। तीन बेटियों ने अपने पतियों की गलत हरकतों का विरोध किया तो उन्हें उसके बदले मौत मिली। कानून इनको क्या सजा देगा ये तो अदालत में मुकदमे चलने के बात पता चलेगा लेकिन अपनी बेटियों को खोने वाले परिजन बेबस हैं। वे यही कह रहे हैं कि समाज में बड़ा सुनने को मिल रहा है कि जमाना बदल रहा है, अब बेटियां बेटों से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं। आज भी बेटियों के साथ इंसाफ नहीं हो रहा। दहेज की खातिर किसी को मार दिया जा रहा है तो किसी को इतना तंग कर दिया जा रहा है कि वो खुद मौत को गले लगाने पर मजबूर है। परतापुर के बहादरपुर गांव में भी हत्यारों का कहना था कि नीलम कौर ने अगर खुद भी जहर खाया है तो सवाल ये है कि आखिर ऐसे हालात क्यों बन गए।

अगर उत्पीड़न से तंग आकर आत्महत्या का मन में विचार आया तो वह भी हत्या से कम नहीं है। गुरवार को भावनपुर के जयभीमनगर में एंबुलेंस चालक ललित ने पत्नी दीपा की पेचकस से 30 वार करके हत्या कर दी। मां की हत्या के बाद उसके दोनों बच्चे आठ साल का अंशुमन और छह साल की गुनू का जीवन भी खराब हो गया है। दोनों बच्चे शुक्रवार को भी रोते हुए यही पूछते रहे कि मम्मी कहां गईं, पापा कहां हैं। पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक दहेज हत्या के मुकदमों की संख्या बढ़ती जा रही है।

## मकान में सो रहे शिक्षामित्र की गोली मारकर हत्या, आरोपी फरार

**बिजनौर , एजेंसी।** बिजनौर जनपद के नहटौर में मकान में सो रहे शिक्षामित्र की किसी ने गोली मारकर हत्या कर दी और फरार हो गया। शिक्षामित्र की गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिक्षामित्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। ग्राम सलेमपुर निवासी शिक्षा मित्र रानू गांव के बाहर बने अपने मकान में सो रहा था। बीती रात्रि करीब 1:00 बजे किसी अज्ञात युवक ने उसे गोली मार दी और फरार हो गया शिक्षामित्र की मौके पर ही मौत हो गई। शिक्षामित्र को गोली मारने की सूचना से गांव में हड़कंप मच गया वहीं पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पर कोतवाल धर्मेन्द्र सोलंकी पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन शुरू कर दी। मौके पर पहुंचे सीओ सर्वम सिंह ने घटना की जानकारी ली और पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। हालांकि पुलिस इस मामले को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत मानकर चल रही है।

## ईंट से कुचलकर व्यक्ति की हत्या, श्मशान में मिला शव, छानबीन में जुटी पुलिस

**शामली , एजेंसी।** शामली जनपद के बाबरी निवासी पंचम वाल्मीकि(45) की ईंट से कुचलकर हत्या कर दी। सुबह उसका शव गांव के शमशान घाट में मिला। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुटी है। बाबरी में शनिवार सुबह शमशान घाट में एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। शव की पहचान बाबरी निवासी पंचम वाल्मीकि के रूप में हुई। ग्रामीणों के मुताबिक मृतक के सिर व हाथ पर चोट के निशान है, जिससे उसकी ईंट से कुचलकर हत्या कर शव को फेंके जाने की आशंका जताई। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन और बाबरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। परिजनों की तरफ से अभी तहरीर नहीं दी गई है। फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि शव पोस्टमार्टम को भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पीती थी शराब, देवर ने ईंट से चेहरे और सिर पर वार कर भाभी को मार डाला

**अलीगढ़ , एजेंसी।** हाथरस रोड पर तोछीगढ़ पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव पहाड़ीपुर में एक व्यक्ति ने चेहरे और सिर पर ईंट से घातक वार कर अपनी भाभी की हत्या कर दी। वह भाभी के शराब पीने से गुस्से में था। मृतका के भाई की ओर से आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बताते हैं कि 30 मई की रात कमलेश उर्फ कल्ली पत्नी यशवंत अपने मकान में छत पर बेटी अनन्या के साथ सो रही थी। देर रात 11 से 12 बजे के बीच उसका देवर भुल्ली उर्फ बिजेंद्र पुत्र बलबीर वहां पहुंचा।



# गर्मी से 198 मौतों के बाद अलर्ट पर सरकार

## सीएम बोले- अधिकारी उठाएं फोन, खरीदी जाएगी अतिरिक्त बिजली

### लू से बचाव का हर स्तर पर हो पुख्ता इंतजाम : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भीषण गर्मी-लू का प्रकोप बढ़ने की वजह से आमजन, पशुधन और वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर पुख्ता प्रबंध किए जाएं। राहत आयुक्त कार्यालय मौसम पूर्वानुमान का दैनिक बुलेटिन जारी करे। गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती नहीं हो। अतिरिक्त बिजली खरीदने की व्यवस्था करें। ट्रांसफार्मर जलने, तार गिरने, ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का बिना विलंब निस्तारण हो। अधिकारी फोन उठाएं, कहीं भी विवाद की स्थिति न बनने पाए। वरिष्ठ अधिकारी तत्काल स्वयं मौके पर पहुंचें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी नगर निकायों, ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ रखवाए जाएं। बाजारों, मुख्य मार्गों पर जगह-जगह पेयजल की व्यवस्था हो। इस कार्य में सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाना चाहिए। सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए। पानी की कमी से अत्यधिक प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। अयोध्या, काशी, मथुरा आदि सभी धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता का विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। बड़ा मंगल के दृष्टिगत लखनऊ में साफ-सफाई, ट्रैफिक व अन्य व्यवस्थाओं का सुचारू रूप से होना सुनिश्चित कराएं। पशुधन और वन्य जीवों की सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाना आवश्यक है। सभी प्राणि उद्यानों, अभयारण्यों में हीट-वेव एक्शन प्लान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। पशुपालकों को लू की स्थिति में सुरक्षित रखने के पुख्ता इंतजाम हों। गोशालाओं में पशुधन की हरे चारे-चोकर और पानी की उचित व्यवस्था हो। बरसात पूर्व पशुओं के वैक्सीनेशन की प्रक्रिया जारी रखें।

**लखनऊ , एजेंसी।** कानपुर व मथुरा 48.2 डिग्री के साथ सर्वाधिक गर्म रहा। प्रदेश के ज्यादातर शहरों में पारा 45 डिग्री से अधिक दर्ज हुआ। तेज धूप के साथ लू का भी प्रकोप रहा। 43 डिग्री के साथ तपते वाराणसी और आसपास में चुनाव ड्यूटी में लगे 18 लोगों की मौत हो गई। सब सातवें चरण का चुनाव कराने के लिए पोलिंग पार्टियों के साथ जाने की तैयारी कर रहे थे। अकेले मिर्जापुर में ही आठ होमगार्ड और एक सुरक्षाकर्मी की मौत हुई है। वाराणसी में चुनाव ड्यूटी में लगे तीन मतदानकर्मी की मौत हुई है। सोनभद्र में भी तीन मतदान कर्मी और एक सुरक्षा कर्मी की मौत हुई है। जिलाधिकारी चंद्रविजय सिंह ने बताया कि मौत के कारणों की अभी पुष्टि तो नहीं हुई है, लेकिन सारे लक्षण लू लगने से मौत के ही लग रहे हैं। चंदौली में दो होमगार्ड की मौत हुई है। इसके अलावा रायबरेली में स्ट्रांग रूम में तैनात भदोही निवासी दरोगा ने दम तोड़ दिया।

**रातें भी गर्म:** लखनऊ में पारा 45.8 डिग्री तक पहुंच गया। हरदोई, कानपुर, वाराणसी, चुर्क, प्रयागराज, झांसी, सुल्तानपुर, फुरसतगंज में रातें भी गर्म हैं। यहां न्यूनतम तापमान 30 डिग्री से 33.9 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, राज्य में कई इलाकों में बारिश के आसार हैं। धूल भरी आंधी चल सकती है।

**यहां इतनी मौतें:** के जिलों में भीषण गर्मी से शुक्रवार को 47 लोगों की मौत हो गई। इनमें हमीरपुर में 21, फतेहपुर में आठ, चित्रकूट में छह, कानपुर और महोबा में चार-चार, बांदा में तीन और फर्रुखाबाद में एक बच्चे की जान चली गई। घर वालों का कहना है कि यह सभी गर्मी के चलते उल्टी-दस्त और बुखार से पीड़ित थे। वाराणसी, आजमगढ़ और मिर्जापुर मंडल के नौ जिलों में 68 लोगों की मौत हो गई। प्रयागराज और आसपास के जिलों में 45 लोगों की भी गर्मी से जान चली गई। अवध में गर्मी से 20 लोगों की मौत हो गई। चिकित्सकों के अनुसार गर्मी से तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। इसमें रायबरेली व अयोध्या में चार-चार, बहराइच में तीन, श्रावस्ती में पांच, सीतापुर में एक, गोंडा में दो व बाराबंकी में एक शामिल है। झांसी में चार, मुरादाबाद में एक हेड कांस्टेबल, पीलीभीत में एक कपड़ा व्यवसायी और बदायूं व अलीगढ़ में एक-एक व्यक्ति की भी गर्मी से मौत हुई है। गोरखपुर-बस्ती मंडल में 10 लोगों की जान चली गई। इसमें गोरखपुर और बस्ती में तीन-तीन, देवरिया में दो और संतकबीरनगर में एक की मौत हुई है। मरने वालों में गाजीपुर निवासी एक कांस्टेबल और बागपत व एटा निवासी दो होमगार्ड के अलावा चुनाव ड्यूटी में आए दो निजी वाहन चालक भी शामिल हैं।

**लू से बचाव का हर स्तर पर हो पुख्ता इंतजाम : योगी :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भीषण गर्मी-लू का प्रकोप बढ़ने की वजह से आमजन, पशुधन और वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर पुख्ता प्रबंध किए जाएं। राहत आयुक्त कार्यालय मौसम पूर्वानुमान का दैनिक बुलेटिन जारी करे। गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती नहीं हो। अतिरिक्त बिजली खरीदने की व्यवस्था करें। ट्रांसफार्मर जलने, तार गिरने, ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का बिना विलंब निस्तारण हो। अधिकारी फोन उठाएं, कहीं भी विवाद की स्थिति न बनने पाए। वरिष्ठ अधिकारी तत्काल स्वयं मौके पर पहुंचें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी नगर निकायों, ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ रखवाए जाएं। बाजारों, मुख्य मार्गों पर जगह-जगह पेयजल की व्यवस्था हो। इस कार्य में सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाना चाहिए। सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए। पानी की कमी से अत्यधिक प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। अयोध्या, काशी, मथुरा आदि सभी धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता का विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। बड़ा मंगल के दृष्टिगत लखनऊ में साफ-सफाई, ट्रैफिक व अन्य व्यवस्थाओं का सुचारू रूप से होना सुनिश्चित कराएं। पशुधन और वन्य जीवों की सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाना आवश्यक है। सभी प्राणि उद्यानों, अभयारण्यों में हीट-वेव एक्शन प्लान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। पशुपालकों को लू की स्थिति में सुरक्षित रखने के पुख्ता इंतजाम हों। गोशालाओं में पशुधन की हरे चारे-चोकर और पानी की उचित व्यवस्था हो। बरसात पूर्व पशुओं के वैक्सीनेशन की प्रक्रिया जारी रखें।

**तत्काल इलाज का हो इंतजाम:** योगी ने कहा कि अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों में लू से प्रभावित लोगों का तत्काल इलाज किया जाए। शहरों में पेयजल की आपूर्ति निर्धारित रोस्टर के अनुरूप की जाए। हैंडपंप क्रियाशील रखें, ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं का सुचारू संचालन किया जाए। गोवंश, श्वान आदि के लिए सार्वजनिक स्थानों पर पानी एवं छाया की व्यवस्था की जानी चाहिए। पक्षियों के लिए छोटे बर्तनों में पानी एवं दाना रखने के लिए आमजन को जागरूक करें।

### लू लगने से होने वाली मृत्यु पर मिलेगा चार लाख का मुआवजा, मृतक का पोस्टमार्टम कराना होगा जरूरी

प्रदेश में भीषण गर्मी व लू चल रही है। इस दौरान गर्मी से लोगों की मृत्यु भी हो रही है। लू से अगर मृत्यु होती है तो ऐसे लोगों के परिजनों को राज्य आपदा मोचक निधि से चार लाख की आर्थिक सहायता दी जा सकती है। हालांकि इसके लिए मृत व्यक्ति का पोस्टमार्टम कराना जरूरी है। लू से अगर किसी व्यक्ति की मृत्यु होती है तो संबंधित व्यक्ति के परिवार को यह मामला लेखपाल, तहसीलदार, एसडीएम आदि आला अधिकारी के संज्ञान में लाना और उनका पोस्टमार्टम कराना होगा। राजस्व विभाग ऐसे मामले में पोस्टमार्टम कराएगा और इसकी रिपोर्ट डीएम को भेजेगा। डीएम रिपोर्ट के आधार पर इससे संबंधित राहत राशि जारी करेगा। राहत आयुक्त पी गुरु प्रसाद ने बताया कि दूसरी आपदाओं की तरह लू प्रकोप से मौत में भी डीएम भुगतान के लिए अधिकृत है। अगर चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों की लू से मौत होती है तो उन्हें भारत निर्वाचन आयोग के नियमों के तहत 15 लाख का मुआवजा दिए जाने की व्यवस्था है। वहीं राहत आयुक्त कार्यालय की परियोजना निदेशक अदिति उमराव ने बताया है कि समाचार पत्रों में शुक्रवार को लू से मृत्यु को लेकर प्रकाशित घटनाओं में से महोबा जिला प्रशासन ने दो और चित्रकूट ने एक जनहानि लू से होने की पुष्टि की है। इसके अतिरिक्त किसी जिले में हीटवेव से कोई भी जनहानि की पुष्टि नहीं हुई है।

## दुग्ध संग्रह के लिए 30 से अधिक समितियां हुई चालू, नए डेयरी उद्योग खोलने का रखा है प्रस्ताव

**अलीगढ़ , एजेंसी।** आने वाले समय में अलीगढ़ जिले में दूध एवं उससे बनने वाले उत्पाद भरपूर मात्रा में उपलब्ध हो सकेंगे। अमूल डेयरी ने अलीगढ़ जिले में सर्वे का काम पूरा कर लिया है। जल्द ही दुग्ध संग्रह केंद्र खोलने की तैयारी कर ली है। जिले में 30 नई सहकारी समितियां गठित की गई हैं। जहां से दुग्ध उत्पादन किया जाएगा। इसके लिए शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है।

जिले में दस ऐसी डेयरियां संचालित हैं, जो सीधे पशु पालकों या छोटी डेयरियों से दूध खरीदकर अपने यहां प्रोसेसिंग यूनिट के जरिये मिल्क पाउडर



एवं घी तैयार कर उसे बाजार में बेचती हैं। एनसीआर की पांच नामी डेयरियां भी यहां से दूध खरीद रही हैं।

जिले में दूध के व्यापार पर गौर करें तो बड़े पशु पालकों ने डेयरियां खोल रखी हैं। दूध थोक एवं खुदरा में बेचा जा रहा है। साथ ही, बड़ी मात्रा में दूध प्रोसेसिंग यूनिटों एवं डेयरियों को भी बेचा जाता है। एक समय ऐसा भी था जब अलीगढ़ से दूध की आपूर्ति पंजाब एवं हिमाचल की दवा कंपनियों को होती थी।

**दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ:** पराग एवं हाइंज नाम की सहकारी क्षेत्र की डेयरियां भी दूध खरीदकर आपूर्ति करती थीं, लेकिन समय के साथ आए बदलाव के बाद निजी क्षेत्र की डेयरियों ने बाजार में कब्जा जमाना शुरू कर दिया। इसका सबसे अधिक असर पराग के कारोबार पर पड़ा है। दूध की आपूर्ति कम होने एवं बाजार में पिछड़ने से कर्मचारियों के वेतन के भी लाले पड़ रहे हैं।

## वीवीआईपी और वीआईपी सहित दिग्गजों ने परिवार के साथ डाला वोट, सोशल मीडिया पर अपलोड की सेल्फी




**वाराणसी , एजेंसी।** वाराणसी लोकसभा चुनाव का आगाज होते ही देश भर के वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी शुरू हो गए थे। लोकसभा चुनाव में पूरे पूर्वांचल का नेतृत्व करने वाली वाराणसी जिले के आला अधिकारी भी अपने-अपने विभागों और कर्मचारियों के माध्यम से आमजन को जागरूक करने में जुट गए थे।

समय-समय पर कार्यक्रमों और सोशल मीडिया के माध्यम से मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा था। वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान पहले मतदान फिर जलपान... की तर्ज पर वाराणसी के लोगों में काफी जागरुकता दिखा। आमजन के साथ संबंधित बूथों पर वाराणसी के जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी ने अपनी पत्नी के साथ वोट डाला। वहीं, पुलिस कमिश्नर ने अपने अपने मत का प्रयोग किया। अधिकारियों के साथ सभी वीवीआईपी और वीआईपी लोगों ने मतदान के बाद सेल्फी प्वॉइंट पर फोटो भी खिंचवाई। शनिवार को पूर्वांचल के कुल आठ लोकसभा सीटों पर मतदान हो रहे हैं। वाराणसी समेत चंदौली, मिर्जापुर, रॉबर्ट्सगंज (सोनभद्र), गाजीपुर, घोसी (मऊ), बलिया और सलेमपुर में मतदान को लेकर जिला प्रशासन लोगों को जागरुक किए हुए था। जनसभाओं और रैलियों के माध्यम से भी विभिन्न पार्टियों के नेता अपने-अपने लिए मत मांग रहे थे। स्कूलों, निजी संस्थाओं के माध्यम से भी मतदान जागरुकता कार्यक्रम चलाए गए थे।

## कांग्रेस नेता अजय राय ने काशी के कोतवाल, बाबा विश्वनाथ और गणपति का आशीर्वाद लेकर किया मतदान

**वाराणसी , एजेंसी।** वाराणसी लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अजय राय मतदान से पहले बड़ा गणेश मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर में गणेश जी की विशेष पूजा अर्चना की। बप्पा का आशीर्वाद लेने के साथ ही उन्होंने काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव व काशी विश्वनाथ धाम में मत्था टेका। जीत के लिए आशीर्वाद मांगकर मतदान के लिए रवाना हुए। अजय राय ने आम जनता की तरह लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार किया, इसके बाद मतदान किया। कहा कि कोई भी बड़ा कार्य करने से पहले गणेश जी की पूजा की जाती है। पूजन अर्चन को लेकर अजय राय ने कहा कि प्रधानमंत्री दक्षिण में मौन हैं और मैं बाबा दरबार में दर्शन पूजन करने आया हूं। गणपति का आशीर्वाद लेने के बाद अजय राय बाबा कालभैरव व बाबा विश्वनाथ दरबार में पहुंचे। वहां पूजन अर्चन के बाद लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सेदारी लेने के लिए मतदान केंद्र पर पहुंचे। पत्नी के साथ लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार किया। फिर मतदान करके निकले तो विक्ट्री का साइन दिखाया। कहा कि इस बार जनता इंडी गठबंधन की सरकार बनाने जा रही है।

## मथुरा पुलिस हिरासत से फरार अपराधी मुठभेड़ में ढेर

### बुजुर्ग से दुष्कर्म और लूट का आरोपी था मनोज



**मथुरा , एजेंसी।** मथुरा जिला अस्पताल में पुलिस को चकमा देकर शुक्रवार सुबह फरार हुआ दुष्कर्म और लूट का आरोपी मनोज उर्फ उत्तम देर रात को पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। महावन थाना क्षेत्र के दलौता-सेई मार्ग पर देर को पुलिस को उसके आने की सूचना मिली थी। थाना महावन व थाना शेरगढ़ पुलिस व एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए लौहालारी माता देवी मंदिर के पास घेराबंदी की। बाइक से आया अपराधी घेराबंदी देख पुलिस पर फायरिंग करने लगा। पुलिस की जवाबी फायरिंग में वह ढ़ेर हो गया।

शुक्रवार को उसके फरार होने पर आईजी आगरा के स्तर से उस पर 50 हजार का इनाम घोषित किया गया था। बता दें कि थाना महावन व थाना शेरगढ़ पुलिस व एसओजी टीम की संयुक्त कार्रवाई में बृहस्पतिवार देर रात को लुटेरा/दुष्कर्म के अभियोग में वांछित मनोज उर्फ उत्तम पुत्र चंद्रभान निवासी मई, शेरगढ़ को मुखबिर की सूचना पर जगदीशपुर अंडरपास, यमुना एक्सप्रेस-वे पर घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया था।

घेराबंदी के दौरान उसने पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस की जवाबी फायरिंग में मनोज के पैरों में गोली लगी थी। देर रात तीन बजे करीब पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इमरजेंसी में 12 नंबर बेड पर उसे रखा गया था। सुबह आरोपी मनोज की मां भी जिला अस्पताल पहुंच गई थी।

सुबह 11 बजे करीब मनोज को पुलिसकर्मी शौच कराने ले गए। शौचालय के अंदर छोड़ने के बाद गेट पर पहरा देने के बजाए हेडकांस्टेबल आनंद प्रताप और नेपाल सिंह वार्ड में कुर्सी पर आकर बैठ गए। वहां दोनों पुलिसकर्मी उसके लौटने का इंतजार कर रहे थे। तभी वह फरार हो गया।

## एम्स में हर डॉक्टर ब्रांड नहीं केवल साल्ट का लिखेंगे नाम, दूसरी जगह भी ऐसा हो तब बनेगी बात

**गोरखपुर , एजेंसी।** मरीजों को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के लिए एम्स प्रशासन ने निर्णय लिया है कि कोई भी डॉक्टर पर्चे पर दवा के ब्रांड का नाम नहीं लिखेगा। जो दवाएं लिखी जाएंगी वह एम्स परिसर के भीतर खुले जन औषधि केंद्र या अमृत फार्मेसी पर उपलब्ध होंगी।

जो भी डॉक्टर इस व्यवस्था का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। यह निर्णय कुछ डॉक्टरों के बाहर की दवा लिखने की शिकायत के बाद लिया गया है। एम्स में हर दिन करीब साढ़े तीन हजार मरीज ओपीडी में इलाज के लिए आते हैं।

यहां मरीजों को निःशुल्क दवा का वितरण नहीं होता। बल्कि मरीजों को सस्ती दवा मिले, इसके लिए




परिसर में ही अमृत फार्मेसी की दुकान के अलावा एक जन औषधि केंद्र भी खोला गया है। इसके बावजूद आए दिन बाहर की दवाएं लिखने का आरोप लगता रहता है।

एम्स के कार्यकारी निदेशक डॉ. गोपाल कृष्ण पाल ने शुक्रवार को संस्थान के प्रशासनिक समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए बाहर की दवा लिखने और इससे संस्थान की छवि पर पड़ रहे नकारात्मक असर की चर्चा की। डायरेक्टर ने कहा कि कुछ डॉक्टर संस्थान के परिसर के बाहर स्थित मेडिकल दुकानों से दवाइयां खरीदने के लिए प्रिस्क्रिप्शन लिख रहे हैं।

इस अनैतिक प्रथा को बंद किया जाना चाहिए। इसके बाद बैठक में उपस्थित सभी विभागाध्यक्षों ने सहमति जताई कि पर्चे पर जो दवाओं का फार्मूला लिखा जाएगा और जो प्रिस्क्रिप्शन होगा, उससे संबंधित दवाएं जन औषधि केंद्र में मिलेंगी। यदि जन औषधि केंद्र में वह दवा उपलब्ध नहीं है, तो मरीजों को फिर अमृत फार्मेसी की ओर निर्देशित किया जाएगा जो,संस्थान परिसर के अंदर ही स्थित है। डॉ. पाल ने कहा कि सभी डॉक्टर केवल सामान्य दवाएं लिखें।

### आईएमए ने भी शुरू की है पहल, ब्रांड के साथ लिख रहे साल्ट

एम्स गोरखपुर की तरफ से शुरू की गई पहल का आईएमए ने स्वागत किया है। सचिव डॉ. अमित मिश्रा ने बताया कि हमारा संगठन करीब छह महीने से इसके लिए प्रयास कर रहा है। डॉक्टरों को कहा गया है कि दवा के पर्चे पर ब्रांड के साथ साल्ट का नाम जरूर लिखें। मेरे समेत कई डॉक्टर पर्चे पर साल्ट का नाम अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में प्रिंट करवाते हैं। हालांकि, इसमें यह दिक्कत आती है कि पर्चे पर हाथ से लिखने के बाद फिर उसे कम्प्यूटर से टाइप कराना होता है। हम लोग प्रयास कर रहे हैं कि संगठन से जुड़ा हर डॉक्टर अपने पर्चे पर साल्ट का नाम जरूर लिखे। साल्ट नाम लिखा होने से मरीज को एक फायदा यह भी होता है कि अगर वह दूर दराज का है तो केमिस्ट के पास संबंधित दवा उपलब्ध नहीं है तो साल्ट देखकर उसी नाम की दूसरी दवा देगा, जिससे मरीज को बेवजह की भागदौड़ से मुक्ति मिलेगी।

## दो जून की रात से बढ़ेंगी टोल की दरें, एनएचएआई ने जारी की लिस्ट, 25 रुपये तक हुई बढ़ोतरी

**मुरादाबाद , एजेंसी।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण दो माह से लंबित बढ़ी हुई दरें दो जून की रात 12 बजे से लागू करेगा। कार और वैन को छोड़कर अन्य वाहनों पर नई दरें प्रभावी होगीं। चुनाव के चलते एक अप्रैल से लागू होने वाली नई दरें रोक दी गई थीं। नई दरें 31 अप्रैल 2025 तक प्रभावी रहेंगी। प्राधिकरण के डिप्टी मैनेजर रोहित कुमार के अनुसार कार जीप, वैन सहित अन्य लाइट मोटर वाहन को राहत देते हुए सिंगल यात्रा करने के लिए 150 रुपये और आने जाने के लिए 230 रुपये निर्धारित किया गया था।

यह दर 2023 से बरकरार है। लेकिन वाहनों की दरें बढ़ाई गई थी। व्यवसायिक छोटे वाहन और मिनी बस की दर पांच से लेकर दस रुपये तक बढ़ाई गई थीं। इसी प्रकार बस और ट्रक पर 15 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। एचसीएम और ईएसई वाहनों पर भी 15 रुपये सिंगल यात्रा पर दर बढ़ाया गया था। ओवरसीज्ड वाहनों पर 25 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। चुनाव को देखते हुए दरें मार्च के अंतिम सप्ताह में लागू करने से रोकी गई थी। एनएचएआई के पीडी प्रवीण जिंदल ने बताया कि नई दरें दो जून की रात 12 बजे से लागू की जाएंगी।

**बलिया के इस बूथ केंद्र पर मतदान देने गए वृद्ध की मौत, परिजनों में कोहराम: बलिया , एजेंसी।** बलिया के पकड़ी थाना क्षेत्र के चकबहाउद्दीन गांव के प्राथमिक विद्यालय के बूथ संख्या 257 पर मतदान करने गए एक वृद्ध की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार चकबहाउद्दीन गांव निवासी रामबचन चौहान (65) पुत्र स्व. गणेश चौहान मतदान करने के लिए मतदान केंद्र पर गए हुए थे। लाइन में खड़े होने के बाद ही उन्हें चक्कर आया और वही गिर पड़े। जब तक लोग उन्हें अस्पताल ले जाते तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। उनकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper





# मडगांव एक्सप्रेस में शेर के किरदार में कैसे ढले प्रतीक गांधी? अभिनेता ने किया खुलासा

**अभिनेता प्रतीक गांधी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म डेढ़ बीघा जमीन को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। यह फिल्म शुक्रवार से जियो सिनेमा पर अपने प्रीमियर के लिए तैयार है। अभिनेता जोरो-शोरों से इसका प्रमोशन कर रहे हैं। प्रतीक को आखिरी बार कुणाल खेमू के निर्देशन डेब्यू फिल्म मडगांव एक्सप्रेस में देखा गया था। हालिया इंटरव्यू में प्रतीक ने अपनी पिछली फिल्म पर भी बात की। साथ ही कुणाल खेमू के साथ काम करने का अपना अनुभव साझा करते नजर आए।**

### मडगांव एक्सप्रेस में अपने किरदार पर प्रतीक की दो टूक

अभिनेता प्रतीक गांधी का कहना है कि लेखक-निर्देशक कुणाल खेमू स्पष्ट थे कि वह मडगांव एक्सप्रेस को कैसे आकार देना चाहते हैं। फिल्म में प्रतीक ने एक नम्र मामा के लड़के की भूमिका निभाई, जो एक आत्मविश्वासी व्यक्ति में बदल जाता है और गलती से नशीली दवाओं का सेवन करने के बाद शेर की तरह व्यवहार करना शुरू कर देता है। रोड ट्रिप ड्रामा खेमू के निर्देशन में पहली फिल्म थी। दिव्येंदु और अविनाश तिवारी अभिनीत, कहानी तीन बचपन के दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनकी लंबे समय से योजनाबद्ध गोवा यात्रा तब बिगड़ जाती है जब वे ड्रग माफियाओं और बंदूकधारी गुंडों से मिलते हैं।

### बांधे कुणाल खेमू की तारीफों के पुल

गुजराती थिएटर आर्टिस्ट और फिल्म स्टार प्रतीक गांधी को हिंदी सिनेमा में स्कैम 1992- द हर्षद मेहता स्टोरी से ख्याति हासिल हुई। वहीं, मडगांव एक्सप्रेस पर अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए प्रतीक ने कहा कि खेमू ने प्रभाव को बढ़ाने के लिए पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में शेर की दहाड़ को जोड़ा। प्रतीक के अनुसार, कुणाल ने पोस्ट प्रोडक्शन में शेर की पूरी दहाड़ को जोड़ा, मुझे यकीन है कि पोस्ट में भी, उन्होंने कई चीजों की कोशिश की होगी और फिर फैसला किया कि यह सबसे अच्छा काम करता है।



# सत्यवती के रूप में नज़र आनेवाली शिल्पा शेट्टी ने फिल्म की शूटिंग पूरी की

वर्ष 2024 में शिल्पा शेट्टी ने इंडियन पुलिस फॉर्स में अपने प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। और अब, वह केडी - द डेविल में सत्यवती के रूप में सभी का दिल जितने के लिए तैयार है। शिल्पा शेट्टी ने मैसूर में ध्रुव सरजा और संजय दत्त स्टारर इस फिल्म का आखिरी शेड्यूल पूरा कर लिया है। मार्च में, यह घोषणा की गई थी कि अभिनेत्री सत्यवती के रूप में केडी के बैटलफील्ड में शामिल होंगी। पोस्टर में शिल्पा रेट्रो लुक रिलीज़ किया गया था , जिसमे वे पोल्का डॉट्स साड़ी और ओवरसाइज्ड चश्मा पहने हुए नज़र आयी थीं । केडी - द डेविल के निर्देशक प्रेम ने शिल्पा को एक पावरहाउस कहा था और लिखा था, युद्ध राज्यों के बीच होता है और एक राज्य को एक शक्तिशाली सत्यवती की आवश्यकता होती है। शिल्पा पहले भी कन्नड़ फिल्मों में काम कर चुकी हैं, इस फिल्म में उनके साथ संजय दत्त और नोरा फतेही भी होंगी। 1970 के दशक की बैंगलोर की सच्ची घटनाओं पर आधारित एक पीरियड एक्शन एंटरटेनर, केडी - द डेविल में शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, संजय दत्त और वी रविचंद्रन भी हैं। केवीएन प्रोडक्शंस प्रस्तुत करता है केडी-द डेविल, जिसका निर्देशन प्रेम ने किया है। पैन-इंडिया बहुभाषी तमिल, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और हिंदी में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।





# मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर का हुआ ब्रेकअप

बीते कई महीनों से अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा के ब्रेकअप की खबरें सुर्खियों में हैं। लेकिन अब उनसे जुड़े कुछ करीबियों ने इन खबरों को कन्फर्म कर दिया है। दोनों ही ब्रेकअप पर चुप्पी साधे हुए हैं और नहीं चाहते हैं कि लोग उनका रिश्ता टूटने पर बतंगड़ बनाएं। हाल ही में आई रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से लिखा गया है, मलाइका और अर्जुन का रिश्ता बेहद खास रहा है और दोनों के दिलों में एक-दूसरे के लिए खास जगह रहेगी। उन्होंने अलग होने का फैसला कर लिया है और वो इस मामले में गरिमामई चुप्पी बनाए रखना चाहते हैं। वो नहीं चाहते कि कोई भी इस मामले को तोड़-मरोड़कर पेश करे। आगे बताया गया है, उनका काफी लंबा, लविंग रिश्ता था, जो दुर्भाग्य से अब खत्म हो चुका है। इसका मतलब ये नहीं है कि दोनों के बीच अब कड़वाहट आ गई है। वो दोनों एक-दूसरे की इज्जत करते हैं और हमेशा एक दूसरे के लिए सपोर्ट बनकर रहेंगे। बदलते सालों के साथ उन्होंने एक-दूसरे को सम्मान दिया है। वो अलग होने के बाद अब भी वही इज्जत देते रहेंगे। दोनों ही लंबे सालों तक सीरियस रिलेशनशिप में रहे हैं और वो चाहते हैं कि लोग उनके इस इमोशनल टाइम में स्पेस देंगे।

**शादी के चलते रिश्ते में आई अनबन!**

जनवरी में आई जूम की रिपोर्ट के मुताबिक, मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर ने नवंबर 2023 में ही ब्रेकअप कर लिया था। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि दोनों में से कोई एक शादी कर सेटल होना चाहता था, जबकि दूसरा इसके लिए समय चाहता था। यही वजह उनकी अनबन का कारण बनी थी। बताते चलें कि दोनों के ब्रेकअप की खबरें तब सुर्खियों में आईं जब मलाइका अरोड़ा ने अर्जुन और उनके रिलेटिव्स को इंस्टाग्राम से अनफॉलो कर दिया।



# कैसे मुझे तुम मिल गए में मेरे किरदार को दर्शक रखेंगे सालों तक याद

टीवी एक्ट्रेस किशोरी शहाणे विज एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से 35 साल से जुड़ी हुई हैं। इन दिनों वह शो कैसे मुझे तुम मिल गए में नजर आ रही हैं। अपने किरदार को लेकर उन्होंने बताया कि कैसे वह हर दिन अपना 100 प्रतिशत देती हैं, ताकि दर्शक उनके किरदार बबीता आहूजा को आने वाले कई सालों तक याद रखें। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए किशोरी ने कहा, जब मुझे पता चला कि बबीता का किरदार नेगेटिव है, तो इससे मुझे जरा भी हैरानी नहीं हुई। यह किरदार नेगेटिव होने के साथ-साथ मजबूत भी है, जो हमेशा विराट की सुरक्षा का ध्यान रखता है। उन्होंने कहा, बबीता के नजरिए से देखें तो वह अपने बेटे की रक्षा कर रही हैं और उसमें कुछ भी गलत नहीं है। इस किरदार को निभाना चुनौतीपूर्ण है। वह कोई बुरी इंसान नहीं है, वह सिर्फ अपने परिवार की रक्षा करती हैं। ऐसे कई पल आते हैं जब अमृता के प्रति उसका स्वभाव बदल जाता है, जिससे मुझे अपने किरदार में अचानक बदलाव लाना होता है, मेरा मानना है कि दर्शक इस किरदार को एन्जॉय करेंगे। एक्ट्रेस ने कहा, मेरे किरदार का एक बड़ा मकसद है और एक एक्टर के लिए ऐसे किरदार को निभाना हमेशा दिलचस्प भरा होता है। हर दिन, मैं अपना 100 प्रतिशत देती हूं ताकि आने वाले कई सालों में मेरे किरदार बबीता आहूजा को याद किया जाए। शो में सृति झा अमृता की भूमिका में हैं और अर्जित तनेजा विराट का रोल निभा रहे हैं। शो में, अमृता और विराट की नकली शादी का सीक्वेंस चल रहा है। शादी की तैयारियों के बीच वे उस अपराधी को ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं जिसने उनकी गलत तस्वीरें लीक की थीं। वहीं, विराट की मां बबीता खुद को पकड़े जाने से बचाने की पूरी कोशिश कर रही हैं। सीरियल में हर बार की तरह दो प्यार करने वाले शख्स एक दूजे पर भरोसा करने से बच रहे हैं। ऐसे में दर्शक मेकर्स से कुछ नया लाने की मांग कर रहे हैं। कैसे मुझे तुम मिल गए जी टीवी पर प्रसारित होता है।

# आप कितने भी कामयाब क्यों न हो जाओ, आप ट्रोलिंग से बच नहीं सकते

सुपरहिट धारावाहिक दीया और बाती से अपनी पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस दीपिका सिंह ने शो मंगल लक्ष्मी से छोटे पर्दे पर वापसी की। इस शो को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। जहां एक तरफ उनकी एक्टिंग की सराहना की जाती है, तो वहीं वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपने डांसिंग वीडियो को लेकर ट्रोल होती रहती हैं। दीपिका ने कहा, ट्रोलिंग का मुझ पर कोई असर नहीं पड़ता। मैं इसे बहुत शालीनता से स्वीकार करती हूं, क्योंकि मेरे आस-पास मेरे माता-पिता, पति और मेरे ओडिसी डांस टीचर्स जैसे लोग हैं। उनके साथ रहकर मैंने जिंदगी की हर परिस्थितियों को स्वीकार करना सीखा है। उन्होंने मुझे सिखाया है कि चाहे आप कितने भी कामयाब क्यों न हो जाओ, आप इससे बच नहीं सकते। एक्ट्रेस ने कहा, सभी लोग आपको स्वीकार नहीं कर सकते। जो लोग आपकी तरह सोचते हैं, केवल वही आपको स्वीकार कर पाएंगे। मेरे जैसे लोग ही मुझे समझेंगे। दीपिका ने कहा, कुछ लोग मुझे पसंद तो करते हैं लेकिन मेरी सराहना नहीं करते। लेकिन मैं जानती हूं कि मैं क्या कर रही हूं। मैं खुद के बारे में सोचना पसंद करती हूं, ना कि इस बारे में कि दूसरे क्या सोचते हैं। मैं अपने लिए और अपनी खुशी के लिए काम करती हूं, चाहे वह मेरा इंस्टाग्राम पेज हो या मेरी एक्टिंग। एक्ट्रेस ने कहा, यह मेरी लाइफ है और भगवान ने मुझे इसके लिए चुना है, इसलिए मैं किसी के भी प्रति जवाबदेह नहीं हूं। यही वजह है कि ट्रोलिंग और आलोचनाओं का मुझ पर कोई असर नहीं होता। उन्होंने कहा, जब आपको कामयाबी मिलती है और आप ऊपर की ओर बढ़ रहे होते हैं, तो आपको प्रतिरोध का सामना करना पड़ता है, क्योंकि एक ऐसी शक्ति होती है जो आपको नीचे गिराने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा, जब बिना किसी कारण के ट्रोलिंग होती है, तो मुझे पता चलता है कि मैं अच्छा काम कर रही हूं, इसीलिए लोग मुझे नीचे गिराने की कोशिश कर रहे हैं। फिर मैं और भी ज़्यादा ताकत के साथ वापस आती हूं और पहले से भी बेहतर काम करती हूं। मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि मेरे आलोचक भी हैं। दीपिका ने कहा, कुछ लोग ऐसे भी हैं जो दिखते ही नहीं। कम से कम, मुझे लोग देख तो रहे हैं जो मेरी आलोचना कर रहे हैं, इसका मतलब है कि मैं कुछ अच्छा कर रही हूं। इसलिए मैं खुश हूं। मंगल लक्ष्मी कलर्स पर प्रसारित होता है।





# भंसाली की 'देवदास' ना करने का मनोज बाजपेयी को है पछतावा

मनोज बाजपेयी की फिल्म 'भैयाजी' सिनेमाघरों में आ चुकी है। हालांकि, फिल्म कुछ खास कमाल नहीं कर पा रही है, लेकिन मनोज बाजपेयी अपने अभिनय के चलते चर्चा में बने हुए हैं। अभिनेता से जब एक साक्षात्कार में पूछा गया कि क्या उन्हें किसी फिल्म को ठुकराने का पछतावा है? इसपर अभिनेता ने कहा कि उन्होंने ऐसी कोई भी फिल्म नहीं ठुकराई है जो व्यावसायिक रुप से बहुत अच्छी चली हो, सिवाय संजय लीला भंसाली की फिल्म 'देवदास' के।

### देवदास बनना चाहते थे मनोज बाजपेयी

अभिनेता ने बताया कि वह भंसाली की इस फिल्म में देवदास की भूमिका निभाना चाहते थे, जो शाहरुख खान को मिली। बता दें कि अभिनेता अपने थिएटर के दिनों से ही देवदास की भूमिका निभाना चाहते थे।

### 'देवदास' छोड़ने का है पछतावा

यूट्यूब पर दिए गए एक साक्षात्कार में जब मनोज बाजपेयी से पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी ऐसी फिल्म को ठुकराया है जो बड़ी हिट हुई हो। उन्होंने स्पष्ट रुप से कहा कि नहीं। अभिनेता ने आगे कहा, 'हां मुझे देवदास में जैकी श्रॉफ की भूमिका की पेशकश की गई थी, लेकिन उसके लिए मैंने तुरंत मना कर दिया। मैंने संजय से कहा, संजय, यार, मेरी तो हमेशा से इच्छा थी देवदास करने की। वह फिल्म सुपरहिट हुई, लेकिन मुझे उसे छोड़ने का पछतावा है। मैं अपने थिएटर के दिनों से ही देवदास का किरदार निभाना चाहता था। लेकिन मुझे इस बात का कभी बुरा नहीं लगा।'


### शेखर सुमन को चुन्नी लाल के किरदार की हुई थी पेशकश

हीरामंडी के प्रचार के दौरान शेखर सुमन ने भी साझा किया था कि देवदास में उन्हें चुन्नी लाल का किरदार निभाने की पेशकश हुई थी, लेकिन अपनी व्यस्तता के चलते वह इस किरदार को नहीं कर सके। 'देवदास' शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय और माधुरी दीक्षित के करियर में मील का पत्थर साबित हुई।

# ये रिश्ता क्या कहलाता है का इमोशनल ड्रामा दर्शकों को पसंद आता है

ये रिश्ता क्या कहलाता है (वाईआरकेकेएच) टीवी पर सबसे लंबे समय तक चलने वाला सीरियल है। शो में अरमान का किरदार निभाने वाले एक्टर रोहित पुरोहित का कहना है कि रिश्तों के मूल्य और इमोशनल ड्रामा दर्शकों को काफी पसंद आते हैं। उन्होंने आगे कहा, चाहे एक साथ सेलिब्रेट करने की खुशी हो या हमारे सामने आने वाली चुनौतियां, हमारे किरदार कई परिवारों के अनुभवों को दर्शाते हैं। दर्शक किरदारों के जीवन के उतार-चढ़ाव से जुड़े होते हैं, और वे पारिवारिक मूल्यों को समझते हैं। यह शो व्यक्तिगत स्तर पर लोगों के दिलों तक पहुंचता है। रोहित के लिए अरमान का किरदार निभाना काफी दिलचस्प है, जो जिंदगी के सभी उतार-चढ़ाव से भरपूर है। उन्होंने कहा, अरमान का किरदार निभाना उतार-चढ़ाव भरा रहा। मुझे अच्छा लगता है कि कैसे लेखक उनके किरदार में नए-नए शेड्स शामिल करते हैं। ये ट्विस्ट एंड टर्न दर्शकों को शो से बांधे रखते हैं। चाहे वह अभिरा के साथ अरमान की प्रेम कहानी हो या अन्य किरदारों के साथ उसका संघर्ष, इस शो का हिस्सा बनने के लिए मेकर्स का आभारी हूं।

रोहित को अपने परिवार से पूरा सपोर्ट है। वह भी शो के काफी बड़े फैन हैं। उन्होंने कहा, हां, मेरा परिवार मेरा सबसे बड़ा सपोर्ट सिस्टम है। वे ये रिश्ता क्या कहलाता है का एक भी एपिसोड मिस नहीं करते। वे मेरे सबसे बड़े आलोचक और चीयरलीडर्स हैं।





# आवाज के साथ खेलना पसंद है तो बनें डबिंग आर्टिस्ट


क्या आपको बोलने का शौक है? क्या आपको अपनी आवाज के साथ प्रयोग करना और उसके साथ खेलना पसंद है अगर आपकी वाकई रुचि आवाज की दुनिया में हो तो डबिंग आपके लिए एक शानदार करयिर हो सकता है। डबिंग आर्टिस्ट के रूप में आप नाम, शोहरत और अच्छा पैसा कमा सकते हैं। यूं तो टेलीविजन की दुनिया में डबिंग एक बेहतरीन अवसर बनकर उभर रहा है लेकिन इसके अलावा क्षेत्रीय फिल्मों, विदेशी फिल्मों, रेडियो, विज्ञापन, कार्टून में भी काफी अवसर पैदा हो रहे हैं। आज हिंदी में डब किए जाने वाले टीवी शोज और उनके लिए डबिंग आर्टिस्ट्स की तादाद बढ़ती जा रही है। आज देश की लगभग हर भाषा में टीवी प्रोग्राम डब किए जा रहे हैं। कई हिंदी फिल्मकार भी अपनी फिल्मों को रीजनल भाषा में डब करके रिलीज कर रहे हैं। कई फिल्म और टेलिविजन प्रोडक्शन हाऊस के पास खुद के डबिंग डिपार्टमेंट और डबिंग आर्टिस्ट होते हैं। ये प्रोडक्शन हाऊस अपने प्रोग्राम्स को अलग अलग भाषाओं में डब करके देश के सभी हिस्सों में भेजते हैं। टीवी चैनलों पर प्रसारित होने वाली कई कार्टून और एनिमेशन फिल्में विदेश से आती हैं। हिंदी या अन्य भारतीय भाषा जानने वाले बच्चे इन्हें समझ सकें, इसलिए इन्हें भारतीय भाषाओं में डब किया जाता है। साइंस,हिस्ट्री और एडवेंचर प्रोग्राम दिखाने वाले कई टीवी चैनल्स भी अपने प्रोग्राम हिंदी समेत अन्य भारतीय भाषाओं में डब कराते हैं, ताकि उन्हें ज्यादा से ज्यादा भारतीय दर्शक मिल सकें। टीवी पर दिखाया जाने वाला एक ही विज्ञापन कई भाषाओं में डब होता है।

### कैसे बन सकते हैं डबिंग आर्टिस्ट

डबिंग आर्टस्टि बनने के लिए कोई विशेष शैक्षणिक योग्यता की जरूरत नहीं होती है। अगर आपकी आवाज में खनक है और भाषाओं पर अच्छी पकड़ है तो आप इस क्षेत्र में एंट्री कर सकते हैं। हालांकि कई संस्थानों में डबिंग आर्टिस्ट का कोर्स होता है जहां तीन या छह महीने का डिप्लोमा करवाया जाता है। इस कोर्स के बाद आप रेडियो जॉकी के रूप में भी काम कर सकते हैं।

### स्किल्स

डबिंग आर्टिस्ट की सबसे बड़ी पहचान है उसकी आवाज। इसलिए यह आवश्यक है कि आवाज में दम और आत्मविश्वास हो। इतना ही नहीं भाषा पर पकड़ अच्छी हो और उच्चारण सही व स्पष्ट हो। आवाज की कला में माहिर डबिंग आर्टिस्ट को करिदारों की समझ और उसके मुताबिक आवाज बदलने का हुनर होना चाहिए। डबिंग आर्टिस्ट की जरूरत फीचर फिल्म, एनिमेशन फिल्म, कार्टून फिल्म, शॉर्ट फिल्म, कॉर्पोरेट फिल्म, विज्ञापन फिल्म और टीवी प्रोग्राम्स में होती है।




# आईएएस में नहीं हुआ चयन, तो ये हैं बेहतरीन करियर विकल्प

**यदि स्टैटिस्टिक्स के नजरिये से देखा जाए, तो सिविल सर्विसेज एग्जाम क्लियर करने और उसमें भी आईएएसके लिए ही चुने जाने की संभावना बहुत क्षीण होती है। इस परीक्षा में सफलता की संभाव्यता मात्र 02 प्रतिशत होती है। यही कारण है कि सिविल सर्विसेज एग्जाम को विश्व की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक माना जाता है। हर साल इसमें बैठने वाले लगभग 3 लाख प्रतिभागियों में से मात्र 700 या 800 का ही अंतिम चयन हो पाता है और उनमें से भी कुछ को ही अपनी पसंद की सर्विस में नियुक्ति मिलती है।**

यह तो आपने सुना ही होगा कि आईएएस की तैयारी करना महज एक परीक्षा की तैयारी भर नहीं है। यह एक जीवनशैली है। पूरी शिद्दत से इसकी तैयारी करने वालों के लिए यही जिंदगी बन जाती है। ऐसे में यदि आपके पास और प्रयास के अवसर नहीं रह गए या फिर आगे और प्रयास करने की आपकी इच्छा नहीं रह गई, तो आपको एक तरह से नए सिरे से ही जीवन शुरू करना पड़ता है। करियर के बारे में तो नए सिरे से विचार करना ही पड़ता है। ऐसे में कई हताश युवा खुद को ऐसी स्थिति में पाते हैं, जहां उनके पास कोई दूसरा विकल्प ही नहीं होता। यह सही है कि परीक्षा की तैयारी करते समय सकारात्मक बने रहना और सफल होने के विश्वास के साथ आगे बढ़ना जरूरी है मगर वैकल्पिक करियर प्लान बनाकर चलने में कोई नुकसान नहीं है। यदि आपने आईएएस के लिए जमकर पढ़ाई की है लेकिन इसमें सफल नहीं हो सके हैं, तो ऐसे कई करियर विकल्प हैं, जहां आप अपनी किस्मत आजमा सकते हैं। कई ऐसे करियर भी हैं, जहां आईएएस की तैयारी कर चुके उम्मीदवारों की सफलता की संभावना अन्य उम्मीदवारों से अधिक रहती है। चलिए, एक नजर डालते हैं ऐसे ही कुछ वैकल्पिक करियर्स पर।

### सरकार की अन्य भर्ती परीक्षाएं

अगर आपने आईएएस में जाने का निर्णय यह सोचकर लिया था कि आप देश के लिए कुछ करना चाहते हैं, तो ऐसा करने के और भी रास्ते हैं। सिविल सर्विसेज एग्जाम के अलावा केंद्र सरकार भारतीय अफसरशाही में मिड-लेवल पदों पर नियुक्ति हेतु कई अन्य परीक्षाएं भी आयोजित करती है। इनमें इंडियन फॉरेस्ट सर्विस, इंडियन इंजीनियरिंग सर्विस, असिस्टेंट सेंट्रल इंटेलिजेंस ऑफिसर, सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज आदि शामिल हैं। आईएएस हेतु की गई व्यापक तैयारी इन परीक्षाओं को क्रैक करने में आपकी मदद करेगी। इन परीक्षाओं में प्रतिस्पर्धा भी आईएएस के मुकाबले कमतर होती है व सफलता की संभावना अधिक।

### कर्मचारी चयन आयोग

वैसे तो यह भी केंद्र सरकार के पदों पर भर्ती के लिए होने वाली परीक्षाओं में से ही एक है मगर यह इस कदर लोकप्रिय है कि इसका अलग से उल्लेख करना जरूरी हो जाता है। कर्मचारी चयन आयोग (स्टाफ सिलेक्शन कमिशन-एसएससी) एक सरकारी एजेंसी है, जो विभिन्ना सरकारी विभागों में भर्ती कराती है। एसएससी द्वारा केंद्र सरकार के विभिन्ना मंत्रालयों/विभागों में ग्रुप-बी के पदों और ग्रुप-सी के सभी गैर-तकनीकी पदों पर भर्ती के लिए परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं। एसएससी सीजीएल (कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल) एग्जाम के माध्यम से अनेक डेस्क तथा फील्ड जॉब्स में नियुक्ति की जाती है। इनमें मंत्रालय सहायक, ऑडिटर, कर सहायक, अकाउंटेंट, अपर डिविजन क्लर्क, टैक्स इंस्पेक्टर, असिस्टेंट एन्फोर्समेंट ऑफिसर, सीबीआई इंस्पेक्टर, नारकोटिक्स इंस्पेक्टर आदि के पद शामिल हैं।

### राज्यों की पीएससी परीक्षाएं


संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ही तर्ज पर तमाम राज्यों के लोक सेवा आयोग (पीएससी) भी वहां की सरकारी भर्तियों के लिए परीक्षाएं आयोजित करते हैं। अक्सर युवा यूपीएससी के साथ-साथ ही पीएससी की परीक्षा भी देते हैं। यूपीएससी में चयन न हो, तो पीएससी एक अच्छा विकल्प होता है। यूपीएससी के मुकाबले इस परीक्षा में प्रतिस्पर्धा कम होती है और सफलता की संभावना अधिक। सबसे बड़ा फायदा यह है कि पीएससी परीक्षाओं का फॉर्मेट तथा सिलेबस लगभग वही होता है, जोकि यूपीएससी का होता है। इसलिए आपको अलग से कोई पढ़ाई नहीं करनी होती। पीएससी परीक्षा में चयनित होने पर आपको राज्य सरकार की प्रशासनिक मशीनरी में मध्य से लेकर वरिष्ठ पद तक नियुक्ति मिल सकती है।

### बैंकिंग एक बढ़िया विकल्प

आईएएस के लिए पढ़ाई कर चुके युवाओं के लिए बैंकिंग एक बढ़िया विकल्प हो सकता है। पब्लिक सेक्टर बैंक नियमित रूप से क्लेरिकल तथा प्रोबेशनरी ऑफिसर स्तर की रिक्तियां निकालते हैं। इनके लिए प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से ही भर्ती होती है। इन परीक्षाओं में प्रतिस्पर्धा तो काफी कड़ी होती है मगर ये मुख्य रूप से फाइनेंस, इकोनॉमी व अकाउंटेंसी पर केंद्रित होती हैं। साथ ही इनमें जनरल अवेयरनेस, लॉजिकल रीजनिंग, न्यूमेरिकल एबिलिटी तथा रीजनिंग को आंका जाता है। आईएएस की तैयारी के दौरान आप इस तरह के प्रश्नों को हल करने की खूब प्रेक्टिस कर चुके होंगे। यह आपको बैंकिंग की परीक्षाओं में काम आएगा।

### टीचिंग लाइन

अगर आपने ग्रेजुएशन स्तर पर अच्छे अंक प्राप्त किए हैं और टीचर बनने के लिए जरूरी क्वॉलिफिकेशन की कसौटी पर खरे उतरते हैं, तो आपके लिए इस क्षेत्र में जाने के रास्ते खुले हैं। आप स्कूल या कॉलेज में तो पढ़ा ही सकते हैं, एक और विकल्प है आईएएस कोचिंग इंस्टीट्यूट्स में भावी परीक्षार्थियों को पढ़ाना। पढ़ाई और परीक्षा के अपने अनुभव के आधार पर आप दूसरों को बेहतर गाइडेंस दे सकते हैं। ऐसे संस्थानों में पढ़ाना आर्थिक रूप से भी काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। ये तो हुए महज कुछ विकल्प, जो आईएएस की तैयारी कर चुके युवा आजमा सकते हैं। इसके अलावा कई और विकल्प भी हैं, जिनमें एमबीए, प्राइवेट सेक्टर जॉब आदि शामिल हैं। जरूरत है तो बस, खुले दिमाग से विचार करने की और एक 'प्लान-बी'' तैयार रखने की। यदि आईएएस में आपका चयन हो गया, तो इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। यदि नहीं, तो प्लान-बी तो है ही!





# जेमोलॉजी के साथ जगमगाएगा आपका करियर

**कुछ दशक पहले तक रत्न व आभूषण का कारोबार छोटे-बड़े ज्वेलर्स तक सीमित होने के कारण असंगठित था, मगर अब कई बड़ी कंपनियों के आने के बाद से यह क्षेत्र तेजी से पेशेवर अंदाज में ढल रहा है। इसलिए जेमोलॉजी के विशेषज्ञों के लिए रत्न व आभूषण उद्योग में कई तरह के मौके हैं।**

एक जेमोलॉजिस्ट का काम जहां एक ओर जेम्स स्टोन्स की पहचान, छंटाई और ग्रेडिंग का होता है, वहीं दूसरी ओर वे ज्वेलरी डिजाइनिंग की भी बारीक समझ रखते हैं। यही वजह है कि वे रिसर्च से लेकर डिजायनिंग तक से जुडे सभी तरह के कामों में माहिर होते हैं। यदि आपकी रुचि जेमोलॉजी और इस तरह के कार्यो में है तो आपका करियर इस क्षेत्र में चमकदार हो सकता है।

### क्या है जेमोलॉजी

जेमोलॉजी को रत्नों की पहचान व उसके मूल्यांकन की कला,पेशा और विज्ञान कहा जा सकता है। जेमोलॉजी के अंतर्गत प्राकृतिक रत्नों की पहचान करना व उनमें मौजूद खामियों की जांच करना सिखाया जाता है। इसके अतिरिक्त रत्नों की कटिंग, छंटाई, ग्रेडिंग, वैल्यूएशन, डिजाइन मेथेडोलॉजी, मेटल कॉन्सेप्ट, कंप्यूटर एडेड डिजाइनिंग, मेटालर्जिकल प्रोसेस व ऑर्नमेंट डिजाइनिंग के बारे में बताया जाता है।

### ये हैं कोर्सेस

जेमोलॉजी में डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स में प्रवेश के लिए 12वीं पास होना जरूरी है। एक से दो साल के जेमोलॉजी डिप्लोमा और छह महीने से एक साल के सर्टिफिकेट कोर्सेज के साथ-साथ ट्रेंड प्रोफेशनल्स के लिए कुछ स्पेशलाइज्ड कोर्सेज भी उपलब्ध हैं। इन स्पेशलाइज्ड कोर्सेज की अवधि छह माह से छह हफ्ते तक भी हो सकती है। इस कोर्स के अंतर्गत जेम्स की पहचान, उसकी रंगत, धातु की पहचान, ड्राइंग टेक्निक्स, कम्प्यूटर ऐडेड डिजाइन आदि पहलुओं का अध्ययन किया जाता है।

### जरूरी स्किल्स

अगर आप जेमोलॉजी में करियर बनाना चाहते हैं तो सबसे पहले आपकी इस क्षेत्र में दिलचस्पी होना जरूरी है। इस क्षेत्र में रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और धैर्य जैसे गुण होने आवश्यक है। साथ ही सौंदर्यबोध और रंग संयोजन की अच्छी समझ हो। आज के समय में कम्युनिकेशन स्किल्स हर क्षेत्र की जरूरत है और यह क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है।

### रोजगार की संभावनाएं

जेमोलॉजी के क्षेत्र में ज्वेलरी डिजायनर, प्रोडक्ट डेवलॅपमेंट ऑफिसर, मर्केडाइजर, सेल्स ऐंड मार्केटिंग प्रोफेशनल, कॅन्सल्टेंट, कैड-डिजायनर,रिसर्चर आदि के रूप में काम कर सकते हैं। इनके अलावा डिजाइनिंग, मैन्युफैक्चरिंग और मैनेजमेंट आदि क्षेत्रों में संभावनाएं हैं। ऑफिस में बन जाएं ऐसे हालात, तो ये टप्स अपनाएं

### प्रमुख संस्थान

- नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट)
- इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ जेमोलॉजी, नई दिल्ली
- जेमस्टोन्स आर्टिसन्स ट्रेनिंग स्कूल, जयपुर
- सरदार बल्लभ भाई पटेल सेंटर ऑफ जूलरी डिजाइन ऐंड मेन्युफैक्चर, सूरत
- जेम एंड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशनकाउंसिल, जयपुर
- द जेमोलॉजिकल इंस्टीटयूट ऑफ इंडिया, मुंबई
- नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ डिजाइन, अहमदाबाद
- ज्वेलरी डिजाइन एंड ट्रेनिंग इंस्टीटयूट, नोएडा



# टेक्निकल ट्रेनिंग के साथ नौसेना में बनाएं करियर

**भारतीय नौसेना देश की तटीय सीमाओं की रक्षा का भार संभालती है। साथ ही, यह विभिन्न ट्रेड्स में युवा तकनीशियनों को अप्रेंटिसशिप के अवसर भी प्रदान करती है। नेवल डॉकयार्ड अप्रेंटिसेज स्कूल्स द्वारा कराई जाने वाली इस अप्रेंटिसशिप में कई ट्रेड शामिल हैं, जैसे इलेक्ट्रिशियन, मेसन, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक, कारपेंटर, वेल्डर आदि।**

### किसके लिए उपयुक्त

भारतीय नौसेना में अप्रेंटिसशिप ऐसे तकनीशियनों के लिए उपयुक्त हैं, जो नौसेना के एक्सपर्ट्स से प्रशिक्षण पाना चाहते हैं। आश्चर्य की बात तो यह है कि विभिन्न अखबारों, रोजगार समाचार और वेबसाइट्स पर विज्ञापन आने के बावजूद इंडियन नेवी अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम के लिए बहुत अधिक आवेदन नहीं आते हैं। कई युवा तो महज इसलिए यहां आवेदन नहीं करते कि शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा, शारीरिक मापदंड आदि को लेकर उनमें भ्रम की स्थिति रहती है। तो चलिए, ऐसे भ्रमों को दूर कर जानते हैं कि नौसेना में अप्रेंटिसशिप के लिए कौन पात्र है।

**आयु सीमा** - नेवल अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों को एक निश्चित आयु सीमा की शर्त पर खरा उतरना होता है। इस प्रोग्राम के आधिकारिक नोटिफिकेशन में आयु सीमा संबंधी शर्तें स्पष्ट की जाती हैं। अलग-अलग श्रेणी के आवेदकों के लिए अलग-अलग आयु सीमा निर्धारित है, जोकि इस प्रकार है:

- सामान्य वर्ग: 14 से 21 वर्ष
- अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति: 14 से 26 वर्ष
- भूतपूर्व सैनिकों की संतान: ऊपरी आयु सीमा में 2 वर्ष की छूट

**शैक्षणिक योग्यता** - भारतीय नौसेना के अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम का हिस्सा बनने के लिए यह शैक्षणिक योग्यता जरूरी है:
मैट्रिकुलेशन: उम्मीदवार ने 10वीं की मैट्रिकुलेशन परीक्षा सभी विषयों में कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ पास की हो।
आईटीआई: उम्मीदवार ने संबंधित ट्रेड में कम से कम 65 प्रतिशत अंकों के साथ आईटीआई ट्रेनिंग पूरी कर ली हो।

**शारीरिक मापदंड** - आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता के अलावा नौसेना की अप्रेंटिसशिप के लिए शारीरिक मापदंड भी तय हैं। उम्मीदवार की ऊंचाई 137 सेंटीमीटर और वजन 25.4 किलो होना चाहिए। यहां बताए गए योग्यता मापदंड बीते वर्षों में आए भारतीय नौसेना के अप्रेंटिसशिप नोटिफिकेशंस पर आधारित हैं। भविष्य में भारतीय नौसेना अपनी जरूरतों के मुताबिक इनमें परिवर्तन भी कर सकती है। इसलिए हर वर्ष आने वाले नोटिफिकेशन को ध्यान से पढ़ लेना बेहतर होगा।

### कहां मिलेगी जानकारी

कई युवाओं को इस अप्रेंटिसशिप के बारे में अधिक जानकारी नहीं होती। यदि आप इस अप्रेंटिसशिप में रुचि रखते हैं, तो जानिए कि इसके बारे में नौसेना द्वारा जारी किए जाने वाले आधिकारिक नोटिफिकेशन कहां-कहां प्रकाशित होते हैं। इन नोटिफिकेशंस में योग्यता शर्तों, टेस्ट पैटर्न, आवेदन प्रक्रिया के बारे में जानकारी आदि दी गई होती है।

**समाचारपत्र**: भारतीय नौसेना के अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम के नोटिफिकेशन देश के तमाम प्रमुख समाचार पत्रों में भी प्रकाशित किए जाते हैं। हिंदी व अंगरेजी में प्रकाशित होने वाले इन नोटिफिकेशंस से आप इस प्रोग्राम के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**रोजगार समाचार**: सामान्य समाचारपत्रों के अलावा 'रोजगार समाचार' में भी नेवल अप्रेंटिसशिप का नोटिफिकेशन प्रकाशित किया जाता है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
ई-पेपर
www.sonvarshavani.com
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### ज्ञानवापी में पूजा के अधिकार पर एक और मुकदमा

**वाराणसी, एजेंसी।** सिविल जज सीनियर डिवीजन हितेश अग्रवाल की कोर्ट में शुक्रवार को ज्ञानवापी पर एक नया वाद दाखिल किया गया है। कोर्ट ने इसे मूलवाद के रूप में दर्ज कर प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया है। साथ ही तीन जुलाई को लिखित कथन दाखिल करने और सुनवाई के लिए नौ जुलाई की तिथि नियत की है। बाद में वाद को अगली सुनवाई के लिए सिविल जज सीनियर डिवीजन (चतुर्थ) की कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया। केस में अंजुमन इंतेजामिया कमेटी और काशी विश्वनाथ मंदिर बोर्ड ट्रस्ट को प्रतिवादी बनाया गया है। प्रतापगढ़ निवासी पत्रकार सौरभ सिंह सोमवंशी, कौशांबी के सामाजिक कार्यकर्ता विजय कुमार सिंह, इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता राणा प्रताप सिंह व सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट रीना एन. सिंह ने अधिवक्ता आरके सिंह के माध्यम से कोर्ट में वाद दाखिल किया है। कहा है कि ज्ञानवापी तीर्थस्थल है। यहां से कभी गंगा बहती थी, जिसका अस्तित्व एक कुएं के रूप में आज भी विद्यमान है। यह ज्ञानवापी परिसर के अंदर है। इसका वर्णन स्कंद पुराण में है। आदिविश्वेश्वर, नंदी महाराज अन्य देवी देवताओं को उनसे अलग किया गया। साथ ही भगवान के भक्तों से दूर रखा जा रहा है। सर्वे में सारे प्रमाण आ गये हैं। ज्ञानवापी परिक्षेत्र से मस्जिद को हटाकर हिंदुओं को सौंपा जाए। मुस्लिम कब्जे से मुक्त कराया जाए। ताकि भगवान की पूजा-पाठ, राग-भोग और आरती सुचारु रूप से सम्पन्न हो सके।

### छत्तीसगढ़ में तेजी से चढ़ रहा पारा, 47 डिग्री पार हुआ तापमान, सुबह से ही चल रही गर्म हवाएं

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में तेज गर्मी और सूरज की तपिश से गर्म हवाएं चल रही है। इसका असर यह हो रहा है कि सुबह के नौ बजे ही पारा चढ़ने लगा है। मई महीना जाते-जाते सुबह नौ बजे मैक्सिमम टेंप्रेचर 37 डिग्री दर्ज किया गया। यह तापमान बीते 29 मई का था। ऐसे में सुबह नौ बजे ही घर से बाहर निकलने पर तेज धूप जलाने लग रही है। इसके अलावा दिन चढ़ने पर 11 बजे टेंप्रेचर 40.4 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम को लेकर जानकारों का मानना है कि 15-20 साल पहले जो तापमान सुबह के 11 बजे होता था वह अब नौ बजे होने लगा है। बदलते मौसम को लेकर मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि ग्लोबल वार्मिंग ने मौसम का पैटर्न बदल दिया है। हमारी रोजमर्रा की आदतें, पराली जलाने, दुनिया में चल रहे युद्ध, व्हीकल्स, एयरकंडीशन, ग्रीन हाउस गैसेस का बढ़ना और प्री मानसून एक्टिविटी का कम होना ग्लोबल वार्मिंग के रीजन हैं। ग्रीन हाउसेज गैसों के बढ़ने से एक्सट्रीम वेदर कंडीशन पूरी दुनिया में बढ़ रही हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में मौसम को लेकर बात करें तो, छत्तीसगढ़ में बीते 3-4 दिनों से पारा 47 डिग्री पहुंच रहा है। वहीं सुबह 9 से ही तापमान बढ़कर 38 डिग्री पहुंच रहा है। प्रदेश में आज सुबह से गर्म हवाएं चलने की कारण लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। निकलकर काम निपटाने होते हैं, लेकिन 9 बजे से ही गर्मी के चलते लोगों को राहत की सुबह नहीं मिल पा रही है।

### जनसुनवाई के दौरान बिगड़ी मंत्री जवाहर सिंह बेढम की तबीयत

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में भीषण गर्मी का दौरा जारी है। जनसुनवाई के दौरान गृहराज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म की तबीयत बिगड़ गई। शहर के एक निजी होटल में शुक्रवार को जनसुनवाई के दौरान अचानक गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम की तबीयत खराब हो गई। तुरंत मौके पर ही चिकित्सक को बुलाया गया। चिकित्सक ने स्वास्थ्य जांच की तो पता चला कि गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह का तेज गर्मी और लगातार व्यस्तता के चलते ब्लड प्रेशर बढ़ गया है। ऐसे में चिकित्सक ने मंत्री को आराम करने की सलाह दी है। दरअसल में शुक्रवार दोपहर को शहर के सारस चौराहा स्थित एक निजी होटल में गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम जनसुनवाई कर रहे थे। इस दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। तुरंत डॉक्टर को मौके पर बुलाया गया, जिसके बाद उन्होंने मंत्री जवाहर सिंह बेढम का ब्लड प्रेशर चेक किया, जिससे पता चला कि मंत्री का बल्ड प्रेशर बढ़ गया है। ऐसे में तुरंत उन्हें दवाई दी गई, जिसके बाद उनकी तबीयत सामान्य हुई। डॉ. गजेंद्र ने बताया कि लगातार दौरे, जनसुनवाई, गर्मी और थकान की वजह से बीपी बढ़ गया था. मंत्री को पहले से ही ब्लड प्रेशर की समस्या थी।

# हीटवेव से हुई मौतों पर भजनलाल के दो मंत्रियों में टकराव, किरोड़ी लाल के दावे पर उठाए सवाल

**जयपुर, एजेंसी।**
राजस्थान में हीटवेव से हुई मौतों के आंकड़ों पर भजनलाल सरकार के दो मंत्रियों में टकराव हो गया है। दोनों ही मंत्री एक-दूसरे की बात को काट रहे है। आपदा प्रबंधन मंत्री किरोड़ी लाल मीणा का कहना है कि हीटवेव से 12 लोगों की मौत हो गई है। इन सभी के लिए मुआवजा के ऐलान भी कर दिया है। जबकि स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर का कहना है कि हीटवेव से सिर्फ 6 लोगों की मौत हुए है। बता दें राजस्थान में हीटवेव के कारण हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक अब तक 50 से ज्यादा लोगों की हीटवेव से मौत हो चुकी है। जबकि आपदा प्रबंधन मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के मुताबिक 12 लोगों की मौत हुई जिनके लिए उन्होंने



मुआवजे का ऐलान किया है।

**कांग्रेस ने भी उठाए सवाल:** पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा का कहना है कि भीषण गर्मी और हीट वेव के प्रबंधन में पूरी तरह विफल रही भाजपा सरकार अब हाईकोर्ट के आदेश के बाद मृतकों को मुआवजा देने से बचने के लिए मौत के आंकड़े छिपाने का पाप कर रही है। एसएमएस अस्पताल से चौंकाने वाली सूचना है, जहां हीट वेव से मौत के बाद करीब 40 अज्ञात लोगों के शव मोर्चरी में हैं, हर दिन करीब 20-25 अज्ञात लोगों के शव मोर्चरी में आ रहे हैं। लेकिन सरकार मुआवजा देने से बचने के लिए मौत के अलग-अलग कारण बताकर 3 दिन के भीतर पोस्टमार्टम करके मामलों को निपटा रही है। पुलिस की कार्रवाई, परिवार को ढूंढने और समाचार पत्र में सूचना प्रकाशित करने की प्रक्रिया में करीब 7 दिन लग जाते हैं। जिसके पश्चात डेड बॉडी को डिस्पोज किया जाता है। ये आंकड़े सिर्फ स्रूस अस्पताल के हैं, पूरे प्रदेश के हालात भयावह एवं चिंताजनक है। सरकार सिर्फ 5 लोगों की हीट वेव से मौत बता रही है।

# यूपी में पंचायतीराज विभाग की नई व्यवस्था, चेहरा देखकर ही खुलेंगे पंचायत के कम्प्यूटर

**लखनऊ, एजेंसी।** अब ग्राम प्रधान या पंचायत सचिव के घर पर या उनके किसी अन्य ठिकाने पर पंचायतीराज विभाग के कम्प्यूटर काम नहीं करेंगे बल्कि यह कम्प्यूटर प्रत्येक ग्राम सचिवालय में ही संचालित होंगे। यह कम्प्यूटर तभी काम करेंगे जब ग्राम पंचायत सहायक अपने रजिस्टर्ड मोबाइल फोन से पंचायत गेट-वे ऐप पर क्यूआर कोड प्रमाणित कर लॉगिन करेंगे। यानि ग्राम पंचायत सहायक का चेहरा देखकर ही कम्प्यूटर खुलेगा। इससे ग्राम सचिवालय में उनकी उपस्थिति भी सत्यापित होगी।

बीती 24 मई को पंचायती राज निदेशक अटल कुमार राय ने यह पत्र सभी जिला पंचायतीराज अधिकारियों को जारी किया है। इसमें निर्देश दिए गए हैं कि सभी पंचायत सहायक द्वारा अपने मोबाइल फोन पर पंचायत गेट-वे मोबाइल एप और पंचायत गेट-वे पोर्टल पुन इंस्टाल करें। इस आदेश के मुताबिक पंचायत सहायक/एकाउंटेंट-कम-डाटा इण्ट्री आपरेटर द्वारा ही अपने रजिस्टर्ड मोबाइल फोन से पंचायत गेट-वे ऐप पर क्यूआर कोड प्रमाणित कर लॉगिन किया जा सकेगा। पंचायत सचिवालय में स्थापित कम्प्यूटर सिस्टम से ही सभी भुगतान किये जा सकेंगे। पंचायतीराज विभाग के अफसरों का कहना है कि अब पंचायत सचिवालय में ही कम्प्यूटर संचालित होंगे। पंचायतीराज विभाग की नई व्यवस्था ग्राम प्रधानों को रास नहीं आ रही है। राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा का कहना है कि पंचायत का भुगतान गेटवे से करने के विस्तृत निर्देश चिंतित करने वाले हैं।

# दिल्ली में आधी रात को धू-धूकर जला कश्मीरी गेट मेट्रो थाना



**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली के कश्मीरी गेट मेट्रो थाने में देर रात आग लग गई। अधिकारियों ने शनिवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस घटना किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। करीब डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। यह आग कैसे लगी फिलहाल इसकी सही वजह पता नहीं चल सकी है। शुरुआती तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी नें बताया कि देर रात करीब 12:45 बजे आग लगने के बारे में एक कॉल आई, जिसके बाद 12 दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन थाने का एक हिस्सा आग में क्षतिग्रस्त हो गया, जिसमें मालखाना भी शामिल है जहां मुकदमों से संबंधित सामान को रखा जाता है। आग की कूलिंग का काम चल रहा है। आईजीएल की पाइप लाइन में आग से हड़कंप वहीं, दिल्ली के साकेत स्थित पर्यावरण कॉम्प्लेक्स में आईजीएल (इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड) की गैस पाइपलाइन में भी शुक्रवार देर रात तकनीकी खराबी के चलते आग लग गई। गैस पाइपलाइन में आग लगने से कुछ ही देर में आग फैल गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग को दी। आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने 20 मिनट में आग पर काबू पा लिया। एक अन्य मामले में हरकेश नगर स्थित जंगल में संदिग्ध परिस्थिति में आग लग गई। आग लगने के चलते जंगल में लगे छह से अधिक पेड़ जल गए। दक्षिणी दिल्ली जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि साकेत स्थित पर्यावरण कॉम्प्लेक्स में आइजीएल की गैस पाइपलाइन जा रही है। गुरुवार रात करीब पौने दो बजे गैस पाइपलाइन में आग लग गई।

# हिमाचल में कंगना, अनुराग ठाकुर, सुक्खू समेत कई दिग्गज नेताओं ने किया मतदान

**मंडी, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में 4 लोकसभा सीटों पर सुबह 7 बजे से वोटिंग जारी है। हिमाचल में मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत, विक्रमादित्य सिंह, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर समेत कई दिग्गज नेताओं ने मतदान किया है।

मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत ने कहा, मेरी सभी से अपील है कि लोकतंत्र के महापर्व में वे बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। मोदी जी की लहर पूरे हिमाचल प्रदेश में है। पीएम मोदी ने इस बार करीब 200 रैलियां की हैं। उनका लोहा पूरा देश और प्रदेश मानता है। मुझे अवश्य यहां से आशीर्वाद मिलेगा... 400 पार में हिमाचल की भी 4 सीटें रहेंगी।

केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर ने कहा, मैंने मतदान कर दिया है। आप सभी भी जल्द से जल्द मतदान करके अपना योगदान दें। दुनिया उम्मीद भरी नजरों से भारत की तरफ देख रही है। विकसित भारत बनाना है। हम सभी को अपना योगदान करना है। जनता का पूरा आशीर्वाद मिलने वाला है। हम लोकसभा की सभी 4 सीटें



जीतेंगे। हिमाचल प्रदेश उपचुनाव में सभी 6 विधानसभा सीटें भी हम जीतने वाले हैं। कुछ राजनीतिक दलों ने चुनावी नतीजों से पहले ही हार मान ली है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कहा, ...जनता ने एक ही बात ध्यान में रखी है कि मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरी होने की गारंटी। देश सुरक्षित है, देश मजबूत हाथों में है। मोदी जी के नेतृत्व में एक मजबूत सरकार चल रही है और देश को आत्मनिर्भर बना रहे हैं...कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में तुष्टीकरण की बात की। असल धर्मनिरपेक्ष मोदी जी हैं। जिन्होंने सभी योजनाएं दी और कभी नहीं कहा कि किसी धर्म को दिया और किसी धर्म को नहीं दिया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा, आज बहुत अच्छा दिन है पूरे क्षेत्र से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। केवल विक्रमादित्य सिंह नहीं बल्कि पूरे मंडी क्षेत्र के 14 लाख लोगों की जीत होगी। मिलकर हम विकास कार्यों को आगे लेकर जाएंगे। मेरा निवेदन है कि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान करने आएं।

# 432 लोगों को तीन महीने में मिलेंगे पीएम आवास योजना के फ्लैट; जीडीए सचिव कर रहे निगरानी

**नई दिल्ली , एजेंसी।**
प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को तीन महीने में डासना प्रोजेक्ट के मकानों पर कब्जा देने की तैयारी है। डासना में चल रहे प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य का निरीक्षण प्रभारी मुख्य अभियंता लगातार कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता परखने के साथ ही जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए। जीडीए डासना में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 432 मकान तैयार कर रहा है। यह प्रोजेक्ट एक मार्च 2019 को शुरू हुआ था, जबकि इसका निर्माण कार्य समाप्त होने की समयावधि 30 जून 2023 तय की गई थी।

14,074 वर्ग मीटिर में फैले इस प्रोजेक्ट में भवनों का स्ट्रक्चर बनकर तैयार हो चुका है। यहां तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है। प्रभारी मुख्य अभियंता मानवेंद्र सिंह इस प्रोजेक्ट का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने यहां



मकानों के निर्माण में प्रयोग होने वाली सामग्री की जांच की। साथ ही तैयार मकानों में लगी सामग्री को भी परखा। इस दौरान उन्होंने ठेकेदार से एक महीने में इन मकानों को तैयार करने के लिए कहा। बता दें कि चार मंजिला इमारत में तैयार हो रहे भवनों का कारपेट एरिया 22.67 वर्ग मीटर है जबकि इसका सुपर एरिया 34.07 वर्ग मीटर है। इन भवन में दो कमरे, कुकिंग स्पेस, बाथरूम, डब्लूसी, बरामदा है।

**सचिव खुद कर रहे निगरानी:** प्रधानमंत्री आवास योजना प्रोजेक्ट की निगरानी जीडीए सचिव खुद कर रहे हैं। वह लगातार निर्माणाधीन प्रोजेक्ट का निरीक्षण करते हैं। ताकि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता में कोई कमी ना रह सके। उन्होंने संबंधित ठेकेदारों और अधिकारियों को भी हिदादत दे रखी है कि निर्माण कार्य में लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**जीडीए साढ़े तीन हजार मकान बनवाएगा:** जीडीए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पांच प्रोजेक्ट तैयार कर रहा है। मधुबन-बापूधाम, डासना, प्रताप विहार, नूरनगर और निवाड़ी में चल रहे प्रोजेक्ट में कुल 3,496 मकान बनेंगे। प्राधिकरण ने सभी प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर दिया है। हालांकि सभी प्रोजेक्ट ऐसे हैं, जिनमें काम करने की गति धीमी है। वहीं, निजी बिल्डर भी 2805 फ्लैट तैयार कर रहे हैं।

# अमित शाह ने राजकोट अग्निकांड को लेकर की बैठक, कोर्ट ने 4 आरोपियों को 12 दिन की रिमांड पर भेजा

**राजकोट, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को छोटे से प्रवास पर राजकोट पहुंचे। यहां उन्होंने 'ज्ञत्रक्क गेम जोन' अग्निकांड हादसे को लेकर नगरीय निकाय और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की। अधिकारियों के साथ उनकी यह बैठक उनके सोमनाथ रवाना होने से पहले दोपहर को राजकोट के हवाई अड्डे पर हुई, इसके बाद वे वेरावल जिले के प्रभास पाटन में स्थित सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए निकल गए। इसी मामले में गुरुवार को गिरफ्तार 4 अधिकारियों को अदालत ने 12 दिन की रिमांड पर भेज दिया।

बैठक के दौरान शाह ने भीषण आग से निपटने के लिए उठाए गए कदमों की समीक्षा की। बैठक में राजकोट नगर निगम आयुक्त डी.पी. देसाई, पुलिस आयुक्त ब्रजेश कुमार झा और जिला कलेक्टर प्रभा जोशी शामिल हुए। यह बैठक लगभग 40 मिनट तक चली। 25 मई को हुए इस अग्निकांड में 27 लोगों की जान चली गई थी।

उधर इसी हादसे को लेकर राजकोट क्राइम ब्रांच द्वारा गुरुवार को गिरफ्तार किए गए नगर नियोजन अधिकारी मनसुख सागथिया, सहायक नगर नियोजन अधिकारी मुकेश मकवाना और गौतम जोशी तथा फायर स्टेशन अधिकारी रोहित विगोरा को शुक्रवार को राजकोट की एक अदालत ने 12 दिन की रिमांड पर भेज दिया। पुलिस जांच में अग्निकांड को लेकर राजकोट नगर निगम के इन चार अधिकारियों की जिम्मेदारी सामने आई है। जिसके बाद पुलिस में इनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पहले, पुलिस ने बिना आवश्यक अनुमति के संचालित किए जा रहे टीआरपी गेम जोन के प्रबंधक और चार मालिकों को गिरफ्तार किया था।

# जलसंकट के लिए हरियाणा को जिम्मेदार बताने पर केजरीवाल के बयान पर नायब सरकार के मंत्रियों ने घेरा

**चंडीगढ़, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली में जल संकट के लिए हरियाणा सरकार को जिम्मेदार बताने वाले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की ओर से मोर्चा संभालते हुए कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर, सिंचाई मंत्री अभय यादव, पंचायत राज्यमंत्री महिपाल ढांडा, परिवहन मंत्री असीम गोयल और भाजपा के मुख्य प्रवक्ता जवाहर यादव ने आंकड़ों के साथ केजरीवाल सरकार को आईना दिखाया है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी का आरोप है कि इस साल मई से ही हरियाणा ने यमुना में दिल्ली के हिस्से का पानी रोक दिया। इसके कारण जलस्तर घट गया है।

**कृषि मंत्री बोले, दिल्ली में पानी की व्यवस्था सुधारें:** हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने केजरीवाल को दिल्ली में पानी की व्यवस्था सुधारने की नसीहत दे



डाली। उन्होंने कहा कि हरियाणा पहले ही 350 क्यूसिक पानी ज्यादा दे रहा है। दिल्ली सरकार पानी किल्लत को लेकर ड्रामेबाजी कर रही है।


**दिल्ली को 1049 क्यूसिक पानी दे रहा हरियाणा: सिंचाई राज्यमंत्री:** सिंचाई राज्यमंत्री अभय यादव ने कहा कि दिल्ली का अधिकार 719 क्यूसिक पानी का है, जबकि हरियाणा उसे 1049 क्यूसिक पानी दे रहा है। दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में जो याचिका दायर की है, उसका हरियाणा तथ्यों के साथ जवाब देगा। अभय यादव ने आरोप लगाया कि चुनाव के समय मुद्दों का राजनीतिकरण किया जाता है। जिस तरह हरियाणा अपने संसाधनों से पानी का प्रबंधन करता है, उसी तरह दिल्ली भी अपना प्रबंधन ठीक करे। पंचायत राज्यमंत्री महिपाल ढांडा ने दावा किया कि दिल्ली का पानी माफिया जनता तक पानी पहुंचने नहीं दे रहा है। दिल्ली में तस्करों को पता है कि सबसे ज्यादा कमाई पानी से होती है। दिल्ली को हरियाणा पर आरोप लगाने की बजाय यह पता लगाना चाहिए कि दिल्ली का पानी कहां जा रहा है। कौन पानी चोर हैं, जो पानी की तस्करी करते हैं।

**एसवाईएल का पानी पंजाब से दिलाएं केजरीवाल : भाजपा:** भाजपा के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता जवाहर यादव ने कहा कि दिल्ली सी.एम. अरविंद केजरीवाल सिर्फ ड्रामा करते हैं वे सिर्फ हरियाणा पर कम पानी देने के आरोप लगाते हैं। पानी प्रकृति की देन है, जो पीछे से पानी आता है, वही दिया जाता है, हरियाणा पानी नहीं बनाता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार पर नरवाना ब्रांच के रखरखाव के 204 करोड़ रुपए हरियाणा के बकाया है, जो उसने अभी तक नहीं दिए हैं। केजरीवाल अगर हरियाणा से पानी मांगते हैं, तो राजीव लोंगोवाल समझौते के तहत हरियाणा को पंजाब से भी पानी दिलवाएं। एस.वाई.एल. का का पानी दक्षिण हरियाणा के महेंद्रगढ़-रेवाड़ी और भिवानी का हक है, केजरीवाल उसे पंजाब से दिलवाएं। केजरीवाल को आंकड़ों के हिसाब से स्थिति साफ करनी चाहिए। पहले दिल्ली को कितना पानी मिलता था, अब दिल्ली को कितना पानी मिलता है। पानी की निगरानी के लिए दिल्ली और हरियाणा के अधिकारियों की एक संयुक्त कमेटी है, जो हर घंटे पानी का डाटा एकत्रित करती है। उन्होंने कहा कि आरोप दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लगा रहे हैं, जबकि दिल्ली के अधिकारी कुछ नहीं बोल रहे। केजरीवाल अपनी गलतियों को छिपाने का काम कर रहे हैं, जो छिप नहीं रही है।

**पानी के लिए हुई अव्यवस्था के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार : सुशील गुप्ता:** आम आदमी पार्टी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डा. सुशील गुप्ता ने शुक्रवार को बयान जारी कर प्रदेश में पानी की किल्लत को लेकर हरियाणा सरकार को नसीहत दी। उन्होंने कहा कि आज पूरे हरियाणा में पानी के लिए मारामारी हो रही है। इस मिस मैनेजमैंट के लिए सीधे तौर पर हरियाणा सरकार जिम्मेदार है। हरियाणा के कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां पानी की एक बूंद भी नहीं पहुंच रही। तापमान 50 डिग्री पहुंचने के बावजूद हरियाणा सरकार ने पानी के इक्वल डिस्ट्रीब्यूशन के लिए कोई कदम नहीं उठाए है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की गलती का खामियाजा जनता भुगत रही है। दिल्ली में पानी की भरपूर कमी है और चारों तरफ से पानी रुक गया है। इसके बावजूद भी आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार मैनेजमैंट कर रही है। दिल्ली सरकार समर एक्शन प्लान लेकर पानी पहुंचाने का काम कर रही है। जिसके तहत पानी का इस्तेमाल कैसे करें, पानी का डिस्ट्रीब्यूशन कैसे करें। टैंकर माफिया को खत्म किया और पानी की वेस्टेज को कैसे खत्म किया। हरियाणा सरकार को भी दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार से सीखना चाहिए।




# यूट्यूबर जेक पॉल से माइक टायसन का मुकाबला स्वास्थ्य कारणों से स्थगित, फैंस को हाथ लगी निराशा



**लंदन, एजेंसी।** आयोजकों ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि टायसन को गुरुवार को डॉक्टरों के साथ फॉलो-अप के बाद आने वाले हफ्तों में कम से कम ट्रेनिंग की सलाह दी गई है।

माइक टायसन की यूट्यूबर जेक पॉल के खिलाफ रिंग में वापसी को लेकर फैंस को अभी और इंतजार करना होगा। पूर्व हैवीवेट चैंपियन फिलहाल स्वास्थ्य समस्याओं से गुजर रहे हैं और इसी के डर ने उन्हें वापसी करने से रोक लिया। मैच को इसके बाद स्थगित कर दिया गया है। आयोजकों ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की।


टायसन जब पिछले रविवार को मियामी से लॉस एंजिल्स आ रहे थे, तो उन्हें चिकित्सा उपचार की जरूरत पड़ी थी। चक्कर आना की शिकायत के बाद उन्हें ट्रीटमेंट के लिए ले जाया गया था। 20 जुलाई को टेक्सास में पॉल के साथ उनका मैच था। आयोजकों ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि टायसन को गुरुवार को डॉक्टरों के साथ फॉलो-अप के बाद आने वाले हफ्तों में कम से कम ट्रेनिंग की सलाह दी गई है। इसके बाद पता चला की उन्हें अल्सर है, जिसके बढ़ने से उन्हें फ्लाइट में समस्याएं आई थीं। बयान में कहा गया- माइक टायसन को सलाह है कि वह अगले कुछ हफ्तों में कम से कम ट्रेनिंग करें और फिर जब मन करे तब पूरी फिटनेस ट्रेनिंग के लिए लौटें।

माइक और जेक दोनों इस बात से सहमत हैं कि यह सुनिश्चित करना उचित है कि दोनों एथलीट इस महत्वपूर्ण मैच के लिए तैयार हैं या नहीं।

आयोजकों ने कहा- एथलीट्स का स्वास्थ्य और कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम माइक को जरूरी समय लेने में पूरी तरह से समर्थन करते हैं ताकि वह उस स्तर पर प्रदर्शन कर सकें जिसकी वह खुद से अपेक्षा करते हैं। बयान में कहा गया है कि मुकाबले की नई तारीख की घोषणा सात जून तक की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मैंने कभी नहीं सोचा था कि अमेरिका में क्रिकेट खेलने को मिलेगी: कोहली



**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने संयुक्त राज्य अमेरिका में क्रिकेट के बढ़ते प्रभाव पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां क्रिकेट की लोकप्रियता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) ने इस विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कोहली ने अमेरिकी वाणिज्य दूतावास मुंबई द्वारा एक्स पर पोस्ट एक वीडियो में कहा कि ईमानदारी से कहूं तो, मैंने कभी नहीं सोचा था कि हम अमेरिका में किसी भी रूप में क्रिकेट खेलेंगे। लेकिन अब यह हकीकत है। यह आपको दुनिया में खेल के बढ़ते प्रभाव के बारे में बताता है। संयुक्त राज्य अमेरिका इस बदलाव को स्वीकार करने के लिए काफी इच्छुक है। मुझे लगता है कि यह शुरुआत करने का एक आदर्श तरीका है, इसलिए मुझे लगता है कि इसका बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने हाल ही में अमेरिका की मास्टर लीग में लिस्ट ए का दर्जा दिया था।

इसके बाद अमेरिका में क्रिकेट तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। 2023 में हुए एमएलसी के पहले सीजन ने अमेरिकी क्रिकेट देखने के लिए मैदान में भी पहुंचे। टेक्सास और उत्तरी कैरोलिना में खचाखच भरे स्टेडियम देखे गए। अब एमएलसी के दूसरे सीजन की तैयारी चल रही है जिसमें क्रिकेट के पावरहाउस देश हिस्सा लेते नजर आएंगे। कोहली ने एमएलसी के प्रभाव और प्रशंसकों के बीच क्रिकेट में रुचि जगाने की इसकी क्षमता पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि शुरुआत में एक तरह का डोमिनोज़ प्रभाव शुरू हुआ और मुझे उम्मीद है कि यह लंबे समय तक जारी रहेगा। जैसा कि मैंने कहा, हमारे पास राज्यों में खेल को जीवित रखने और दूसरों को अधिक जागरूक बनाने के लिए हमारे क्षेत्रों से पर्याप्त लोग हैं। मुझे लगता है कि वहां एमएलसी में भी काफी संभावनाएं हैं। इसलिए मुझे लगता है कि यह सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### क्रिस वोक्स ने क्रिकेट से दूरी बनाने पर कहा, यह जीवन का सबसे मुश्किल क्षण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड और वरिकशायर के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स इन दिनों क्रिकेट से दूर हैं। अपनी अनुपस्थिति के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया कि वह अपने पिता की मृत्यु से काफी दुखी हैं। क्रिस वोक्स के पिता का निधन मई की शुरुआत में हो गया था।

इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में 35 वर्षीय खिलाड़ी ने बताया कि पिछला महीना उनके जीवन का सबसे चुनौतीपूर्ण समय रहा, जिसके कारण उन्हें क्रिकेट से भी ब्रेक लेना पड़ा। इंग्लैंड के क्रिकेट सेटअप में सभी प्रारूपों में 200 से अधिक मैच खेलने वाले वोक्स इस सीजन में वरिकशायर का हिस्सा नहीं हैं और आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिए भी उन्होंने नहीं खेलने का फैसला किया। टी20 विश्व कप के लिए इंग्लैंड की टीम में भी वोक्स का नाम नहीं है, ऐसे में उनका ब्रेक और लंबा हो सकता है।

एक दिल को छू लेने वाले पोस्ट में क्रिस वोक्स ने बताया कि वे इस दुख के समय में अपने परिवार के साथ समय बिता रहे हैं। क्रिस वोक्स ने लिखा, पिछला महीना मेरे जीवन का सबसे चुनौतीपूर्ण महीना रहा है। दुर्भाग्य से, मेरे पिताजी का मई की शुरुआत में निधन हो गया। वोक्स ने इस मुश्किल दौर में अपने परिवार के साथ समय बिताने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने लिखा, हम सभी स्पष्ट रूप से शोक मना रहे हैं और निस्संदेह अपने जीवन के सबसे कठिन क्षणों से गुजरने की कोशिश कर रहे हैं। वोक्स ने कहा कि वह सही समय पर क्रिकेट में वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

टी-20 वर्ल्ड कप: 2024

# भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर न्यूयॉर्क में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, छावनी में बदला नासाउ स्टेडियम

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** आईएसआईएस ने जो धमकी दी थी, उसमें खतरा लोन वुल्फ अटैक को लेकर डराया था। लोन वुल्फ आतंकवादी संगठनों से जुड़े सदस्य हैं जो संगठनों से इजाजत लेकर स्वतंत्र रूप से काम करते हैं, जिससे उन्हें ट्रैक करना अधिक कठिन हो जाता है। आतंकी हमले के खतरे को देखते हुए न्यूयॉर्क की नासाउ काउंटी में नौ जून को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले टी20 विश्व कप मुकाबले के लिए अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था होगी। दरअसल, आईएसआईएस के एक आतंकी संगठन ने भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर धमकी दी थी। आईएसआईएस-के ने वीडियो जारी करते हुए लोन वुल्फ अटैक की धमकी दी थी। नासाउ काउंटी के स्टेडियम में टूर्नामेंट के आठ मैच खेले जाएंगे जिसमें भारत के तीन मैच भी शामिल हैं। भारतीय टीम एक जून को यहां बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच भी खेलेगी।



### न्यूयॉर्क की गवर्नर ने क्या कहा?

न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने कहा कि उन्होंने राज्य पुलिस को दर्शकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने का निर्देश दिया है। कैथी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, विश्व कप की तैयारी में मेरी टीम संघीय और स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है जिससे कि उपस्थित लोगों को सुरक्षित रखा जा सके। हालांकि इस समय कोई विश्वसनीय खतरा नहीं है, मैंने न्यूयॉर्क पुलिस को सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने का निर्देश दिया है और हम निगरानी जारी रखेंगे।

### 1. आईएसआईएस-के द्वारा वैश्विक धमकी

सीएनएन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि न्यूयॉर्क के अधिकारी विश्व कप के खिलाफ इस साल की शुरुआत में आतंकवादी समूह आईएसआईएस-के द्वारा वैश्विक धमकी के बाद सुरक्षा को लेकर सावधानी बरत रहे हैं। एक महीने पहले अप्रेल में आंतकी संगठन आइएसआइएस ने विश्व कप के दौरान हमले की धमकी दी थी।

नासाउ काउंटी के पुलिस आयुक्त पैट्रिक राइडर ने बुधवार को कहा कि इस टूर्नामेंट को लेकर अप्रैल में भी आईएसआईएस-के से जुड़ी धमकी मिली थी। हालांकि, इस बार खतरा लोन वुल्फ का है। लोन वुल्फ आतंकवादी संगठनों से जुड़े सदस्य हैं जो संगठनों से इजाजत लेकर स्वतंत्र रूप से काम करते हैं, जिससे उन्हें ट्रैक करना अधिक कठिन हो जाता है।

### 2. अमेरिका में गन प्रवृति से खतरा

अमेरिका में आम लोगों के पास भी गन है। इस कारण इस देश में अकसर सार्वजनिक जगहों पर गोलीबारी की घटनाएं आम बात हैं। पुलिस को डर है कि कही विश्व कप मैच के दौरान और खासतौर पर भारत-पाकिस्तान मैच में इस तरह की घटना हो सकती है।

### भारत बनाम पाकिस्तान मैच को लेकर धमकियां

रिपोर्ट में कहा गया है, इसके बाद नौ जून को होने वाले भारत बनाम पाकिस्तान मैच को लेकर और अधिक विशिष्ट धमकियां दी गईं और ऑनलाइन प्रसारित होने वाले एक वायरल वीडियो का संदर्भ दिया गया जिसमें 'अकेले भेड़िये को कार्रवाई करने' के लिए कहा गया है। राइडर ने रिपोर्ट में कहा, मैं आपको इसकी गारंटी दे सकता हूं।

यह इस काउंटी के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी सुरक्षा व्यवस्था है, और मैं आपको यह भी गारंटी दे सकता हूं कि नौ जून को नासाउ काउंटी में सबसे सुरक्षित जगह स्टेडियम के अंदर होगी।

### छावनी में तब्दील नासाउ स्टेडियम

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में तो यह तक भी कहा जा रहा है कि नौ जून को मैच के दिन इस स्टेडियम में करीब 3500 पुलिसकर्मा मौजूद होंगे। 35 हजार दर्शकों की क्षमता वाले इस स्टेडियम में 3500 पुलिसकर्मियों का होना किसी आश्चर्य से कम नहीं है।

अमेरिका में सबसे ज्यादा प्रसिद्ध खेल अमेरिकन फुटबॉल, बेसबॉल और बास्केटबॉल में भी कभी इतनी सिक्योरिटी नहीं लगाई गई है। इसके अलावा मैदान के अंदर दर्शकों की जांच के लिए स्क्रीनिंग मशीनें होंगी। साथ ही उन पर नजर रखने के लिए डॉग स्क्वॉड भी लगाए जाएंगे। इतना ही नहीं हेलीकॉप्टर से भी स्टेडियम पर नजर रखी जाएगी। साथ ही कई वॉच टावर भी बनाए गए हैं। आइजहावर पार्क स्थित इस स्टेडियम को लेकर पुलिस एक्शन में है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस आइजनहावर पार्क को दो जून से अपने कब्जे में ले लेगी ताकि किसी भी प्रकार की गतिविधियों पर नजर बनाया जा सके। इस मैदान पर पहला मैच तीन जून को दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा।

### भारत न्यूयॉर्क में तीन मैच खेलेगा

रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत करेगी। उसके बाद नौ जून को पाकिस्तान के खिलाफ बहुप्रतीक्षित मुकाबला होगा।

भारत को 12 जून को मेजबान अमेरिका का सामना करना है। इस प्रतियोगिता पर आतंकी खतरे का खुलासा सबसे पहले त्रिनिदाद के प्रधानमंत्री कीथ रोली ने किया था और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि प्रतियोगिता के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए मजबूत सुरक्षा घेरा बनाया गया है।

### आईसीसी ने क्या कहा था?

आईसीसी ने कहा था, टूर्नामेंट में सभी की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है और हमारे पास एक व्यापक और मजबूत सुरक्षा योजना है। हम अपने मेजबान देशों के अधिकारियों के साथ मिलकर काम करते हैं और वैश्विक परिदृश्य की निरंतर निगरानी और मूल्यांकन करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारी प्रतियोगिता के लिए पहचाने गए किसी भी जोखिम को कम करने के लिए उचित योजनाएं बनाई गई हैं।

## रोहित अकेले दम पर विरोधी टीम से मैच छीन सकते हैं: शाकिब



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के खिलाफ वार्म अप मैच से पहले बांग्लादेश के अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की जमकर सराहना करते हुए कहा कि रोहित ऐसे बल्लेबाज हैं, जो अकेले ही पूरा मैच पलटने का माद्दा रखते हैं। भारत और बांग्लादेश शनिवार को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में एक दूसरे से भिड़ेंगे। इस बीच स्टार स्पोर्ट्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें शाकिब ने कहा, मुझे लगता है कि पिछले कुछ साल जिस तरह से रोहित शर्मा ने भारतीय टीम की कमान संभाली है, वह शानदार है।

टीम में एक लीडर के तौर पर उनकी छवि बहुत अच्छी है और सभी खिलाड़ी उनका सम्मान करते हैं। रोहित एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जो अकेले ही किसी भी मैच को विरोधी टीम से दूर और अपने पक्ष में ले जाने का दम रखते हैं। दूसरी तरफ स्टेडियम का दौरा करने के बाद रोहित शर्मा ने कहा कि 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप अभियान शुरू करने से पहले यूएस की कंडीशन को समझना महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा, यह मैदान, पिच और इस तरह की चीजों को महसूस करने की लय में आने के बारे में है। सलामी बल्लेबाज स्टेडियम में प्रशंसकों को देखने के लिए उत्सुक हैं। अमेरिका, वेस्टइंडीज के साथ मिलकर अपना पहला क्रिकेट विश्व कप आयोजित कर रहा है। रोहित ने कहा, न्यूयॉर्क में लोग विश्व कप देखने के लिए बेताब होंगे, क्योंकि विश्व कप पहली बार यहां हो रहा है। मुझे पूरा यकीन है कि सभी टीमों के सभी प्रशंसक काफी उत्साहित हैं और इस टूर्नामेंट का इंतजार कर रहे हैं।

साथ ही खिलाड़ी भी टूर्नामेंट शुरू होने का इंतजार नहीं कर सकते। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में शनिवार को होने वाले अभ्यास मैच से पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने अमेरिका में नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का दौरा किया।

## ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मार्श की फिटनेस पर सस्पेंस, ओमान के खिलाफ नहीं करेंगे गेंदबाजी

**पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श की फिटनेस को लेकर अब भी सस्पेंस बना हुआ है। हालांकि, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से उन्हें फिट बताया जा रहा है लेकिन वह ओमान के खिलाफ बतौर ऑलराउंडर नहीं बल्कि बल्लेबाज के रूप में खेलेंगे।



भारत में आईपीएल खेलने के दौरान मार्श अप्रैल में हैमस्ट्रिंग की चोट का शिकार हो गए थे, जिसके कारण उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा था। टी20 विश्व कप 2024 के आगाज से पहले, इस सप्ताह की शुरुआत में हुए दो अभ्यास मुकाबलों में वह फिर से मैदान पर लौटे।

दोनों ही मैचों में उन्होंने पूरी पारी में फील्डिंग नहीं की। हालांकि, एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने पुष्टि की है कि मार्श 6 जून को बारबाडोस में ओमान के खिलाफ मैच खेलेंगे, लेकिन केवल बल्लेबाज के रूप में। गेंदबाजी में उनकी वापसी अभी भी अनिश्चित है। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू ने एंड्रयू मैकडोनाल्ड के हवाले से कहा, मिचेल के लिए, (वार्म-अप मैच) उनके शरीर की स्थिति को परखने के बारे में थे। उन्होंने अधिक ओवर फील्डिंग की, वह अधिक स्वतंत्र रूप से आगे बढ़ पाए, इसलिए उन्होंने वहां थोड़ा आत्मविश्वास हासिल किया।

ऐसा लग रहा है कि वह पहले मैच के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा, दूसरा भाग तब होगा जब गेंदबाजी फिर से शुरू होगी...यह पहला गेम नहीं होगा। मार्श ने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान के रूप में सेवानिवृत्त हुए आरोन फिंच की जगह ली।

फुटबॉल

## किंग्स कप के फाइनल में अल हिलाल से हार के बाद, फूट-फूटकर रोए क्रिस्टियानो रोनाल्डो



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पुर्तगाली सुपरस्टार का व्यक्तिगत तौर पर शानदार सीजन था, लेकिन उन्होंने इसे ट्रॉफी रहित समाप्त किया।

इससे ही वह दुखी हो गए और इतने संघर्ष के बाद ट्रॉफी नहीं जीत पाने से उनकी आंखों में आंसू आ गए। सऊदी अरब की फुटबॉल लीग में अल नस्र से खेलने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो किंग्स कप फाइनल में कट्टर प्रतिद्वंद्वी अल-हिलाल के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में हार के बाद फूट-फूटकर रोने लगे। मैच का परिणाम अपने पक्ष में नहीं आने के बाद रोनाल्डो मैदान पर लेट गए और रोने लगे। फुल टाइम और फिर एक्स्ट्रा टाइम में स्कोर 1-1 से बराबर रहने के बाद अल हिलाल ने अल नस्र को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराया। अल हिलाल के गोलकीपर गोलकीपर यासीन बूनो ने दो सेव किए और अल हिलाल की जीत के हीरो रहे।

## पेरिस ओलंपिक से पहले विनेश फोगाट को मिली खुशखबरी, खेल मंत्रालय ने वर्ल्ड चैंपियन नीरज चोपड़ा की भी यह मांग मानी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने शुक्रवार 31 मई 2024 को कॉमनवेल्थ और एशियाड में गोल्ड मेडल जीतने वाली भारत की पहली महिला पहलवान विनेश फोगाट और ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा की मांगों को अपनी मंजूरी दे दी। विनेश फोगट ने खेल मंत्रालय से हंगरी में 10 से 21 जून तक होने वाले प्रशिक्षण शिविर में अपने निजी स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच वेन लोम्बार्ड को शामिल करने का अनुरोध किया था।



खेल मंत्रालय ने पेरिस खेलों की तैयारी के लिए कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज और फिजियो इशान मारवाह के साथ 60 दिन के लिए यूरोप में प्रशिक्षण लेने की वर्ल्ड चैंपियन नीरज चोपड़ा के योजना को भी मंजूरी दे दी। भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी। पेरिस ओलंपिक में 50 किग्रा वर्ग में हिस्सा लेने वाली विनेश फोगाट ने लोम्बार्ड के हवाई किराये, वीजा शुल्क, भोजन, आवास तथा हंगरी में स्थानीय परिवहन के लिए मदद का अनुरोध किया था।

विनेश फोगाट बुडापेस्ट में 6 से 9 जून तक होने वाली यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग 2ठुस्र रैंकिंग सीरीज (पोलाक इमरे एवं वर्गा जानोस मेमोरियल टूर्नामेंट) में हिस्सा लेंगी। एमओसी ने विनेश फोगाट के मैड्रिड में 5 से 7 जुलाई तक होने वाले स्पेन के ग्रैंड प्रिक्स में हिस्सा लेने के अनुरोध को भी मंजूरी दे दी।

मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरा चोपड़ा 29 मई से 18 जून तक कुओर्टेन (फिनलैंड) में प्रशिक्षण लेंगे। उनके साथ कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज और फिजियो इशान मारवाह भी होंगे। जैवलिन थ्रोअर (भाला फेंक खिलाड़ी) नीरज चोपड़ा 19 जून से 7 जुलाई तक जर्मनी के सारब्रुकेन में पेरिस ओलंपिक खेलों की तैयारी करेंगे। इसके बाद 26 साल का यह खिलाड़ी 8 जुलाई से तुर्की के ग्लोरिया स्पोर्ट्स एरिना में होंगे।




## गायत्री-त्रिशा की जोड़ी सिंगापुर ओपन से बाहर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड नंबर-4 जापान की नामी मात्सुयामा और चिहारू शिडा ने भारतीय जोड़ी को 23-21, 21-11 से हराया। भारत की गायत्री गोपीचंद और त्रिशा जॉली की जोड़ी सिंगापुर ओपन से बाहर हो गई है।

सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर-4 जापान की नामी मात्सुयामा और चिहारू शिडा ने 47 मिनट चले इस मैच में भारतीय जोड़ी को 23-21, 21-11 से हराया। इसके साथ ही टूर्नामेंट में भारत का सफर समाप्त हो गया है। भारत के सात्विक-चिराग, पीवी सिंधु और एचएस प्रणय पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं।

### लगातार गेम में हारी भारतीय जोड़ी

जापान और भारत के बीच हुए विमेंस डबल्स के सेमीफाइनल में पहला गेम काफी रोमांचक रहा। दोनों ही जोड़ी एक पॉइंट्स से ज्यादा की लीड नहीं ले पा रही थीं। जापान ने तीन बार मैच पॉइंट्स का मौका गंवाया। हालांकि, भारतीय जोड़ी की गलती के कारण मात्सुयामा और शिडा गेम जीतने में कामयाब रहीं। दूसरे गेम में भारतीय टीम दबाव में नजर आई। शुरुआती 2 पॉइंट्स के बाद टीम पिछड़ती चली गई। गायत्री और त्रिशा को दूसरे गेम में 21-11 से हार मिली और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

भारत की त्रिशा और गायत्री का यह इस सीजन का पहला सेमीफाइनल था। उन्होंने राउंड -16 में वर्ल्ड नंबर-2 साउथ कोरिया की बेक हा ना और ली सो ही को तीन गेम 21-9, 14-21, 21-15 से हराया था। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में वर्ल्ड नंबर-6 साउथ कोरिया जोड़ी किम यिओंग और कॉन्ग यॉन्ग को 21-18, 21-9, 24-23 से मात देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इससे पहले दोनों साल 2023 के ऑल इंग्लैंड ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची थी। टीम ने तीसरे नंबर पर फिनिश किया था।

# महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन धनवार प्रखंड में फेल

**गिरडीह/राजधनवार।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन का हाल धनवार प्रखंड में पूरी तरह से फेल साबित हो गई है। इस योजना के तहत वर्ष 2024 तक हर घर पानी पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित था, लेकिन अभी पांच माह बीतने को है, लेकिन कई ऐसे गांव हैं जहां पर पानी का पाइप तक नहीं बिछा है। मुख्यमंत्री विशेष कार्य के तहत वर्ष 2014 से हर घर पानी पहुंचाने की योजना शुरू हुई थी। लेकिन कार्य शुरू हुए लगभग 9 वर्ष हो चुका है। अभी भी हर घर नल नहीं पहुंचा है।

सर्वप्रथम योजना की शुरुआत 14 करोड़ की लागत से आदर्श पंचायत गादी व जरीसिंगा से शुरू हुई थी। दोनों पंचायत के लगभग बारह हजार की आबादी को पानी देना था। लेकिन अभी भी 30 प्रतिशत आबादी के घर पानी नहीं पहुंच सका है। इसके बाद वर्ष 2021-22 में बरजो पंचायत व अम्बाटांड़ पंचायत में लगभग 12-12 करोड़ की दो योजना की शुरुआत हुई । जरीसिंगा, गादी, बरजो व अम्बाटांड़ तीनों का संवेदक शिल्पी कंस्ट्रक्शन है। बरजो व अम्बाटांड़ पंचायत में साठ प्रतिशत कार्य हुआ है।



अभी तक पानी घर तक नहीं पहुंचा है। पाइप बिछाया गया है। वहीं बांधी पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत लगभग सात करोड़ की लागत से वर्ष 2022 में कार्य की शुरुआत हुई थी। पानी टंकी भी बनाई गई है। लालबाजार और बांधी पंचायत के सभी गांवों के हर घर पानी पहुंचाना है लेकिन अभी तक कहीं पानी नहीं पहुंचा है।

पांच-पांच हज़ार लीटर का पीएचइडी का जल मीनार- प्रखंड क्षेत्र सिरसाय, गरजासारण, महेशमरवा, चन्दरखो, बलहारा आदि पंचायत के सभी गांवों में आबादी के बीच पांच पांच हजार लीटर का पीएचडी के द्वारा ऊंची ऊंची जलमीनार लगाया जा रहा है। जलमीनार से हर घर पानी देने की कवायद शुरू है। जनता कार्य की गुणवक्ता पर सवाल खड़ा कर रही है। लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। ग्रामीणों की शिकायत है कि विभाग के जेई साहब कभी नहीं आते हैं। शत प्रतिशत एक सौ फीट के अंदर बोरिंग की गई है।

पीएचइडी के जेई आशुतोष कुमार से मोबाइल पर सम्पर्क साधा लेकिन कॉल रिसीव नहीं किये। सिरसाय पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संजय पांडेय ने बताया कि मेरे पंचायत में लग रहा जलमीनार में संवेदक के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। कार्य की गुणवत्ता में कमी है। बोरिंग सभी जगह कम की गई है। विभाग के जेई से गुणवत्ता पर सवाल खड़ा किया है तथा जनता के बीच सिरसाय आने की आग्रह किया है।

महेशमरवा पंचायत में पानी की किल्लत~ महेशमरवा पँचायत के तिलैया, कोनमरवा,भलुवाई में रहनेवाले आदिवासी परिवार पानी की किल्लत झेल रहे हैं। इन गांव में लगे जलमीनार बेकार पड़े हुए हैं। हर जगह पर लोग खेत मे बने कुएं से पीने का पानी भरते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रेजुएट कॉलेज में गर्मी की छुट्टियों में चलेंगी विशेष कक्षाएं

**रांची।** कोल्हान विश्वविद्यालय के अंगीभूत कॉलेजों में 1 जून से गर्मी की छुट्टियां शुरू हो रही हैं। इन छुट्टियों में भी इस बार विशेष कक्षाएं संचालित की जाएंगी। पहले घाटशिला कॉलेज घाटशिला ने इसका एलान कर दिया था, अब ग्रेजुएट कॉलेज जमशेदपुर ने भी छुट्टियों में विशेष कक्षाएं संचालित करने का निर्णय लिया है। गुरुवार को ग्रेजुएट कालेज में इस बाबत आवश्यक बैठक की गई। अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. वीणा सिंह प्रियदर्शी ने की। इसमें कहा गया कि पिछले दिनों विभिन्न कारणों बहुत सारी छुट्टियां होने से पाठ्यक्रम समय से पूरा करना चुनौती है। इसलिए तय किया गया कि ग्रीष्मावकाश के दौरान ग्रेजुएट कॉलेज में पाठ्यक्रम पूरा करने के उद्देश्य से स्नातक और स्नातकोत्तर की विशेष कक्षाएं कॉलेज के समय पर ही चलेंगी। इसके तहत स्नातक सेमेस्टर 2, सेमेस्टर 3 तथा सेमेस्टर 6 एवं स्नातकोत्तर के सेमेस्टर 1 और सेमेस्टर 4 की कक्षाएं गर्मी छुट्टी के दौरान भी ली जाएंगी। यहां गर्मी की छुट्टियां 1 जून से शुरू हो रही हैं जो 20 जून तक चलेंगी। कक्षा का संचालन आवश्यकता आधारित शिक्षक, अतिथि शिक्षक और वैसे नियमित शिक्षक, जो जमशेदपुर में रहते हैं, वे करेंगे। मालूम हो कि स्नातक सेमेस्टर 6 और स्नातकोत्तर सेमेस्टर 4 में 100 अंक का लघु शोध करना होता है। इस दौरान उनके लिए कक्षाएं जरूरी हैं। बैठक में प्राचार्या डॉ. वीणा सिंह प्रियदर्शी, बॉटनी विभाग अध्यक्ष डोरीस दास, संस्कृति विभाग अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिन्हा, डॉ. विनय कुमार सिंह, डॉ. अनुराधा वर्मा, फरजाना नइम, डॉ. संगीता बिरुआ, अनामिका कुमारी, डॉ. सुलेखा कुमारी, डॉ. ज्योति कुमारी, डॉ. मुकुल भेंगराज, डॉ. पूनम रजक, डॉ. कमलेश कुमार कमलेंदू, डॉ. फिरदौस जबीन और राकेश कुमार पांडेय उपस्थित थे।

### गोमो बिजली एसडीओ से मारपीट मामले में चार नामजद सहित एक सौ पर केस

**गोमो।** बिजली एसडीओ के साथ मारपीट तथा बिजली कार्यालय पर प्रदर्शन करने को लेकर तोपचांची थाने में शुक्रवार को मामला दर्ज किया गया है। बिजली एसडीओ संतोष कुमार मंडल के आवेदन पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। एसडीओ ने आवेदन में आरोप लगाया है कि बिजली विभाग के कार्यालय में बिजली आपूर्ति में समस्या को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया और मारपीट की। बताया कि दुग्धा में तकनीकी खराबी के कारण बिजली आपूर्ति में बाधा उत्पन्न हो रही थी, अपने कार्यालय में बैठ कर काम कर रहे थे। इसी दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंच कर हाथापाई व दुर्व्यवहार किया। जान से मारने की नियत से हमला किया। सरकारी काम में बाधा पहुंचाया। तोपचांची पुलिस ने चार नामजद तथा एक सौ अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने घारा 149, 341, 342, 323, 353, 447 के तहत मामला दर्ज किया है। नामजद में पुलिस ने नामु खान, शंभु दास, बुधन चौरसिया तथा अमित यादव के उपर मामला दर्ज किया है।

### फ्लिपकार्ट में डिलीवरी रेट कम करने पर कर्मचारियों ने की हड़ताल

**जमशेदपुर।** फ्लिपकार्ट के कर्मचारियों ने डिलीवरी रेट कम करने के खिलाफ गुरुवार को हड़ताल कर दी। इससे जमशेदपुर में एक हजार से ज्यादा डिलीवरी प्रभावित हुई। आक्रोशित कर्मचारियों ने गोलमुरी व बिष्टूपुर कार्यालय के समक्ष देकर दोपहर में विरोध जताया। कर्मचारियों ने कहा कि दूसरी कंपनी में कर्मचारियों का वेतन और कमीशन बढ़ाने का नियम है। जबकि फ्लिपकार्ट डिलीवरी का रेट कम कर रहा है। अमित राव, चंदन साहू, सौरभ दत्ता व लखबीर ने बताया कि कोरोना लॉकडाउन से पूर्व प्रति पार्सल डिलीवरी करने में 17-18 रुपये मिलते थे। बाद में 14 रुपये कर दिया गया, अब डिलीवरी का रेट सात रुपये हो रहा है, जो कर्मचारियों के साथ अन्याय है। कर्मचारियों ने कहा कि कई महीनों से काम कर रहे हैं। डिलीवरी रेट बढ़ाने की जगह और घटना दिया गया है, जिससे उन्हें परेशानी होगी। प्रबंधन द्वारा नया रेट वापस नहीं लेने तक हड़ताल जारी रहेगी। बताया जाता है कि अभी फ्लिपकार्ट कार्यालय से डिलीवरी कार्य में 70 युवक जुड़े हैं। युवको ने बताया कर्मचारियों को पेट्रोल खर्च भी नहीं मिलता है। वहीं कन्वर्जन सिस्टम लागू किया जा रहा है। इससे ऑर्डर के अनुसार 90 प्रतिशत पार्सल नहीं पहुंचाने पर डिलीवरी रेट काटी जाएगी।

## पर्यावरण है तो जीवन है : डॉ. लाल्ती तिर्की

**चाईबासा।** कॉलेजों में 1 जून से गर्मी छुट्टी घोषित होने के कारण 31 मई को कोल्हान विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। दिवस का आरंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभागाध्यक्षा डॉ. गीता सोय द्वारा पर्यावरण दिवस मनाने के कारणों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने सभी छात्राओं को जीवन में एक पेड़ लगाने का अनुरोध किया। मुख्य अतिथि के रूप में मनोविज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ. लाल्ती तिर्की ने कहा पर्यावरण है तो जीवन है। इसलिए पर्यावरण की रक्षा करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर चित्रकार, प्रश्नोत्तरी, बेकार समान का प्रयोग आदि का आयोजन किया गया है । चित्रकारी में क्रमशः पहला और द्वितीय स्थान सुलेखा उगुरसाडी व प्रियंका नायक को मिला । बेकार समान प्रयोग में क्रमशः पहला और द्वितीय स्थान विनिता बोयपाई व नुपुर किरण सिंकू को मिला ।इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. गीता सोय, मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. लाल्ती तिर्कि शिक्षक कमला बानरा, जयराम हेस्सा और काफी संख्या में छात्र - छात्राएँ उपस्थित थे । इस दिवस को सफल बनाने में नुपुर किरण सिंकु, विकास राम, दीपिका, राकेश टुडू, मानसिंह एवं समीर हाईबुरु आदि का महत्वपूर्ण रहा। दिवस का समापन वृक्षारोपण द्वारा किया गया ।

## पोषक तत्वों की कमी के कारण बौने हो रहे झारखंड के बच्चे

**जमशेदपुर।** भोजन में पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पाने के कारण झारखंड के बच्चे बौने हो रहे हैं। पांच साल की उम्र तक के बच्चों की लंबाई उतनी नहीं बढ़ पा रही है, जितनी बढ़नी चाहिए। झारखंड स्टेट फूड कमीशन की ओर से जारी डिस्ट्रिक्ट न्यूट्रिशन प्रोफाइल में इसका खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, झारखंड के 40 प्रतिशत बच्चों की लंबाई आदर्श बीएमआई (बॉडी मस इंडेक्स) से कम है।

झारखंड के बच्चों में पाई जा रही इस समस्या के समाधान के लिए झारखंड स्टेट फूड कमीशन ने मध्याह्न भोजन के माध्यम से निर्धारित पोषक तत्व बच्चों के भोजन में शामिल किया है। दरअसल, झारखंड के लगभग सभी जिलों में 50 फीसदी आबादी ग्रामीण है। इन इलाकों में भोजन में पोषक तत्व बच्चों को नहीं मिल पाता है। इसलिए स्कूलों में मध्याह्न भोजन में बच्चों को कैलोरी काउंट के अनुरूप भोजन दिया जा रहा है। कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों को दिए जाने वाले पके भोजन में कैलोरी की मात्रा 450 ग्राम होती है तो प्रोटीन की मात्रा 12 ग्राम होता है। वहीं, पांच से आठ तक के बच्चों को 700 ग्राम कैलोरी व 20 ग्राम प्रोटीन वाला भोजन दिया जा रहा है। पूर्वी सिंहभूम में 49.8त्न बच्चे अंडरवेट, 66.5त्न एनेमिक

झारखंड स्टेट फूड कमीशन के डिस्ट्रिक्ट प्रोफाइल के मुताबिक पूर्वी सिंहभूम में पोषण की कमी के कारण पांच साल तक की उम्र वाले 39.3त्न बच्चे बौनेपन के शिकार हो रहे हैं। वहीं, 49.8त्न बच्चे अंडरवेट हैं। वहीं, 66.5त्न बच्चे यहां एनेमिक हैं। इसी तरह रांची की हालत पूर्वी सिंहभूम से भी खराब है। यहां 40.7त्न बच्चों की लंबाई आदर्श लंबाई से कम है। 43.8त्न बच्चे अंडरवेट हैं तो 64.8त्न बच्चे एनेमिक हैं। धनबाद में भी स्थिति ठीक नहीं। यहां 38.5त्न बच्चे बौनेपन के शिकार हैं। 42.6त्न बच्चे अंडरवेट हैं तो 69.9त्न बच्चों को एनीमिया की समस्या है। सरायकेला-खरसावां में बौनेपन की शिकायत और अधिक है। यहां पांच साल से कम उम्र के 45.1त्न बच्चों की लंबाई औसत से कम है। बाकी के अन्य जिलों का भी औसतन ऐसा ही हाल है। बताते चलें कि पांच वर्ष की उम्र तक बच्चों की निर्धारित लंबाई 107.9 सेमी होनी चाहिए। झारखंड के बच्चे पांच साल की उम्र तक इतने लंबे नहीं हो पा रहे हैं।

# झारखंड के एक और मंत्री जाएंगे जेल? सरयू राय ने सबूतों के साथ ईडी को भेजा आरोपपत्र

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के खिलाफ प्रमाण सहित एक आरोप पत्र प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक को भेजा है। इसमें मांग की गई है कि बन्ना गुप्ता के धन शोधन एवं आय से अधिक संपत्ति की जांच कराई जाए। आरोप पत्र में उल्लेखित 10 बिन्दुओं के माध्यम से कहा कि स्वास्थ्य मंत्री के आचरण के कारण सरकारी खजाने को भारी चपत लगी है।

इनमें एंबुलेंस और अस्पतालों के लिए जरूरी उपकरणों की खरीद में अनियमितता बरतना, अनधिकृत रूप से चिकित्सकों, सिविल सर्जनों एवं अन्य वरिष्ठ चिकित्सा पदाधिकारियों का तबादला करना तथा आयुष्मान योजना से आच्छादित अस्पतालों के साथ साठगांठ के लिए निशुल्क सहयोग करने वाले परामर्शी की बहाली करना आदि आरोपों का जिक्र प्रवर्तन निदेशालय को प्रेषित आरोप पत्र में है। राय ने कहा कि यदि इन आरोपों की जांच प्रवर्तन निदेशालय करता है तो अवैध धन का खुलासा होगा और आयुष्मान योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग में हुई अनियमितताएं सामने आएंगी।



**ये आरोप लगाए :** वित्तीय वर्ष 2021-22 में कोविड प्रोत्साहन राशि का अनुचित लाभ स्वयं एवं अपने मंत्री कोषांग में कार्यरत कर्मियों के नाम पर लेने का प्रयास मंत्री द्वारा किया गया।

स्वास्थ्य मंत्री की साठगांठ से स्वास्थ्य विभाग में करोड़ों की दवा की खरीद काफी ऊंची दर पर की गई।

झारखंड सरकार की कार्यपालिका नियमावली के विहित प्रावधानों का खुला उल्लंघन करते हुए मंत्री ने अनधिकृत रूप से वैसे चिकित्सकों, सिविल सर्जनों एवं अन्य वरिष्ठ चिकित्सा पदाधिकारियों का तबादला अपने स्तर से बड़ी संख्या में किया है, जिनके स्थानांतरण-पदस्थापन-प्रतिनियुक्ति का अधिकार गठित उच्चस्तरीय समिति को है।

समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी मिली कि प्रवर्तन निदेशालय ने आयुष्मान घोटाला के संबंध में जांच शुरू की है। इस मामले में भी अस्पतालों से साठगांठ कर सरकार द्वारा प्रदत्त निधियों का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा किया गया है।

# सदर अस्पताल परिसर में खुलेगा दूसरा मेडिकल कॉलेज

**जमशेदपुर।** खासमहल सदर अस्पताल में पूर्वी सिंहभूम जिले का दूसरा मेडिकल कॉलेज खुलेगा। वहीं, राज्य के खूंटी, बोकारो, साहिबगंज, रामगढ़ व गिरीडीह के सदर अस्पताल को अपग्रेड कर मेडिकल कॉलेज खोलने की योजना है। यहां 100 सीटों पर एमबीबीएस की पढ़ाई होगी। झारखंड स्वास्थ्य विभाग से फरवरी में सदर अस्पतालों में मेडिकल कॉलेज खोलने का प्रस्ताव नेशनल मेडिकल कमीशन में भेजा गया है।

दूसरी ओर, स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह सदर अस्पतालों में विस्तार की संभावना और उपलब्ध सुविधाओं की जांच कर रहे हैं। इससे जल्द जमशेदपुर सदर अस्पताल में उपलब्ध सुविधा का निरीक्षण हो सकता है, ताकि एनएमसी को स्थिति से अवगत कराने के साथ मेडिकल कॉलेज के लिए एलओपी (लेट ऑफ परमीशन) प्राप्त कर सके। अभी जमशेदपुर में एमजीएम समेत धनबाद, रांची, दुमका, पलामू व हजारीबाग में मेडिकल कॉलेज हैं। बोकारो, रामगढ़, साहिबगंज, खूंटी एवं गिरिडीह में मेडिकल कॉलेज खुलने से राज्य के छात्रों को सहूलियत होगी।

**320 बेड होने से अस्पताल को मेडिकल कॉलेज का लाइसेंस :** स्वास्थ्य सचिव के अनुसार, 320 बेड वाले सदर अस्पताल में मेडिकल कॉलेज कॉलेज खोलने का प्रावधान है। इससे जमशेदपुर समेत बोकारो, रामगढ़, साहिबगंज, खूंटी व गिरिडीह के सदर अस्पतालों को अपग्रेड करने की तैयारी है, जबकि ब्लड बैंक, आईसीयू, डायलिसिस सेंटर, ऑक्सीजन प्लांट की सुविधा मानक के अनुसार है। मालूम हो कि अस्पताल में सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन लगाने का प्रस्ताव राज्य मुख्यालय भेजा गया है।

**2013 में 48 मरीज से शुरू हुआ था सदर अस्पताल**

जिले में सौ बेड का सदर अस्पताल तीन एकड़ जमीन पर साढ़े चार करोड़ से जनवरी 2013 में 48 मरीजों से शुरू हुआ था। जहां अभी रोज 700 से ज्यादा मरीज आते हैं। जनवरी 2017 में टीबी जांच केंद्र, अक्तूबर 2019 में ब्लड बैंक, मई 2021 में बच्चा वार्ड व आईसीयू के बाद अक्तूबर 2021 से डायलिसिस सेंटर और ऑक्सीजन प्लांट बना। सदर अस्तपाल में विस्तार योग्य जमीन है। इससे सदर अस्पताल भवन में एक मंजिल बढ़ाकर चिकित्सा यंत्र लगाने के साथ बेड बढ़ सकता है।

# लोदना के ग्रामीणों ने पिट वाटर के लिए चाणक पर किया प्रदर्शन

**धनबाद/अलकडीहा।** लोदना कोलियरी के सात नम्बर में पिट वाटर की समस्या क़ो लेकर ग्रामीणों का आक्रोश शुक्रवार क़ो फूट पड़ा। दर्जनों की संख्या मे ग्रामीण लोदना एक नंबर चानक पहुंच गये। प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। बाद मे कोलियरी अभियंता अंकित कुमार ने ग्रामीणों क़ो आश्वासन दिया कि एक और मोटर पम्प लगाने की कोशिश हो रही है। पिट वाटर की समस्या नहीं होगी। तब जाकर ग्रामीण शांत हुए।

बताते है कि लोदना एक नंबर चानक से पाइप के द्वारा पानी लोदना छः नंबर स्थित टंकी मे गिराया जाता है। उसके बाद उक्त टंकी के माध्यम से लोदना सात नम्बर, लोदना कोलियरी के आपपास के क्षेत्र आदि जगहों पर पिट वाटर की सप्लई की जाती है। लेकिन पिछले एक माह से टंकी मे पानी जिस मात्रा मे पहुंचना चाहिये वह नहीं पहुंच पा रहा है। जिसके कारण सभी जगहों पर पानी नहीं पहुंच पा रहा है। साथ ही पाइपलाइन में भी कई जगहों पर डैमेज़ रहने के कारण पानी रास्ते में ही बह जा रहा हैं। यहां के लोगों का कहना है कि प्रबंधन पानी की व्यवस्था नहीं कर पा रहा हैं। तो सभी लोगों को सभी सुविधाएं के साथ विस्थापन कर दे। ग्रामीणों ने चेतावनी दिया कि पानी कि समस्या का समाधान नहीं होने पर कभी भी उग्र आंदोलन हो सकता है। जिसकी जवाबदेही प्रबंधन की होंगी।

बताते है कि पहले एक नंबर चानक मे 2900 जीपी एम का पंप लगा था जो चोरी हो गया। उसके स्थान पर 1400 जीपीएम का पंप लगाया गया है। जिसके कारण टंकी भर नहीं पा रहा है और लोगों को पानी मिलने में कठिनाई हो रही है। इसके अलावा कई जगह पाइप क्षतिग्रस्त हो गया है। बीच रास्ते में ही कई लोगों ने पाईप क्षतिग्रस्त कर कनेक्शन ले लिया है। जिसके कारण लोदना कोलियरी के लगभग 10,000 आबादी के समक्ष पिट वाटर की समस्या बरकरार है। आंदोलन करने वालों में राकेश कुमार पासवान, मो सागीर आलम ,रंजन शर्मा, लखन चंदन राउत ,अरविंद राउत ,कार्तिक राउत, विजय, अंकित पासवान, विनोद यादव ,सोनू यादव आदि शामिल थे।

## हंगामा के बाद मृत कर्मी के पुत्र को मिला नियोजन

**धनबाद/अलकडीहा।** जयरामपुर कोलियरी में टीआर ट्रामर के पद पर कार्यरत बलराम कुंभकार (46) की तबीयत गुरुवार को ड्यूटी के दौरान ख़राब हो गई। उनके सहकर्मियों द्वारा केंद्रीय अस्पताल धनबाद ले जाया गया। जहां शुक्रवार की सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इसके बाद पोस्टमार्टम करा कर उनके शव क़ो लाया गया। मजदूर यूनियनों द्वारा लोदना प्रबंधन पर उनके आश्रित को नियोजन देने का मांग की जाने लगी। कहा कि ड्यूटी के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ी थी। इसलिए कंपनी के नियमानुसार उनके आश्रित को नौकरी दिया जाए। काफी जद्दो जेहद के बाद लोदना महाप्रबंधक के साथ वार्ता हुई। जिसमें बलराम के बड़े पुत्र गोरांग कुंभकार को प्रोविजनल जॉइनिंग दिया गया। इसके बाद परिजन द्वारा शव का अंतिम संस्कार करने के लिये ले गये। मृतक कि पत्नी मालोती देवी और छोटे पुत्र निताई कुंभकार का रो रोकर बुरा हाल है। वार्ता में लोदना जीएम एन चक्रवर्ती, पीओ एके पाण्डेय,डीके भगत, युनियन प्रतिनिधियों में योगेन्द्र यादव, बिहारी लाल चौहान, मुद्रिका पासवान,अनिल सिंह,संजय यादव, दयाराम सिंह यादव, सतेन्द्र गुप्ता, इस्माईल मल्लिक, सुदर्शन प्रसाद, सहादत हुसैन आदि थे।

## रिम्स में ओपीडी कॉम्प्लेक्स निर्माण और अंडरपास निर्माण पर बनी सहमति, 2 माह में नेत्र संस्थान सौंपने के निर्देश



**रांची , एजेंसी।** रिम्स निदेशक प्रो. डॉ. राजकुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को संपदा समिति और सभी विभागाध्यक्षों की बैठक संपन्न हुई। इसमें रिम्स के विकास को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। रिम्स प्रबंधन के अनुसार, ट्रॉमा सेंटर के पीछे स्थित डीआईजी ग्राउंड में नए ओपीडी बिल्डिंग का निर्माण होना है। बैठक में नई बिल्डिंग के निर्माण स्थल को चिह्नित कर लिया गया है। साथ ही बिल्डिंग की रूपरेखा पर सभी की सहमति ले ली गई है।

हालांकि निर्माण प्रक्रिया कब शुरू होगी, एजेंसी का चयन, टेंडर आदि पर फिलहाल किसी तरह की जानकारी नहीं दी गई। इसके अलावा बैठक में अंडरपास की अंतिम रूपरेखा पर भी चर्चा हुई। इस अंडरपास के माध्यम से पुरानी बिल्डिंग और नए ओपीडी भवन को जोड़ने पर सहमति बनी।

वहीं, क्षेत्रीय नेत्र संस्थान की बिल्डिंग पर काम कर रही एजेंसी को 2 महीने में बिल्डिंग का काम समाप्त कर हैंडओवर करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में डीन डॉ. विद्यापति, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिरेंद्र बिरुआ, संपदा पदाधिकारी डॉ. शिवप्रिय, उपाधीक्षक डॉ. शैलेश त्रिपाठी समेत अन्य मौजूद थे।

# दुमका रेल लाइन में रेल से कट कर युवक की मौत

**देवघर, एजेंसी।** देवघर-दुमका रेल लाइन मोहनपुर थाना क्षेत्र के कुरेवा गांव के पास रेल से कट कर 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई है। घटना की जानकारी आस-पास के लोगों को होते ही शव देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। मामले की जानकारी स्थानीय लोगों ने मोहनपुर स्टेशन के रेल पुलिस को दी । आरपीएफ मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल करते हुए सूचना मोहनपुर थाना प्रभारी को दे दी । जानकारी मिलते ही मोहनपुर पुलिस घटना स्थल पहुंचकर शव का पंचनामा उपस्थित भींड़ के समक्ष कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं मृतक युवक का फोटो सोशल मीडिया एवं देवघर पुलिस की ग्रुप में भेज दिया है। जिसके आधार पर अज्ञात मृत युवक की पहचान करने में सहयोग हो सके। खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पाई है। फिलहाल शव की पहचान करने के लिए शव को मोहनपुर पुलिस ने बैद्यनाथधाम ओपी प्रभारी के जिम्मेदारी देते हुए पोस्टमार्टम हाउस में 72 घंटे के लिए सुरक्षित रख दिया है। इस मामले में थाना प्रभारी प्रिय रंजन कुमार ने बताया की शव की पहचान के लिए वरीय पुलिस पदाधिकारी को जानकारी दे दी गई है। उसकी पहचान होने के बाद मामले की जांच पड़ताल किया जा सकता है। कैसे उसकी मौत हुई।

# रोहिणी नक्षत्र के सप्ताह भर बाद भी किसानों को नहीं मिला सरकारी बीज

**गिरिडीह।** रोहिणी नक्षत्र का प्रवेश होते ही किसान खेती-किसानी में जुट गए हैं। खेतों में कंपोस्ट डालने के साथ उसकी जुताई-कोड़ाई का कार्य प्रारंभ हो गया है। लेकिन सरकारी बीज अबतक किसानों की पहुंच से काफी दूर है। यूं तो राज्य सरकार की ओर से गिरिडीह जिले के 88 हजार हेक्टेयर भूमि में धान की फसल लगाने के अलावा मक्का, दलहन, तेलहन और मोटे अनाज की खेती कराने का कृषि विभाग को लक्ष्य दिया गया है।

लेकिन इसके लिए किसानों को सरकारी बीज उपलब्ध कराने की दिशा में कोई खास गतिविधि नहीं देखी जा रही है। किसानों का कहना है कि धान की फसल के लिए बीज बोआई का निर्धारित समय रोहिणी नक्षत्र में शुभ माना जाता है।



इस नक्षत्र में धान के बीज का बुआई करने से धान की फसलों का उत्पादन बेहतर होने की संभावना बनी रहती है। इस नक्षत्र में बीज लगाने से धान की फसल में किसी भी प्रकार का रोग नहीं होने की संभावना रहती है।

लेकिन रोहिणी नक्षत्र प्रवेश करने के लगभग एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी सरकार की ओर से किसानों को बीज नहीं मिल पाया है। इससे किसान महाजनों से कर्ज लेकर बीज की खरीदारी करने को मजबूर हैं। समय पर धान का बिचड़ा तैयार नहीं होने से किसानों को धनरोपनी के कार्य में कठिनाई बढ़ जाती है। इसका असर फसल उत्पादन पर भी पड़ता है। प्रखंड , धानरोपनी का लक्ष्य, मक्का का लक्ष्य, मोटे अनाज का लक्ष्य

किसान कार्तिक प्रसाद वर्मा, कैलाश प्रसाद वर्मा, जय प्रकाश वर्मा आदि का कहना है कि सरकार किसानों को समय पर बीज उपलब्ध नहीं करा पाती है।

इससे किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। जिले के छोटे किसान बेहतर फसल उत्पादन के लिए महाजनों से ब्याज पर राशि लेकर बजार से ऊंचे दामों पर बीज की खरीदारी कर धान, मक्का, दलहन, तेलहन व मोटे अनाज के बीज की बोआई करने को मजबूर हैं। जैसे-जैसे रोहिणी नक्षत्र निकल रही है वैसे-वैसे किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। जबकि किसानों को सरकारी बीज मिलने के कोई आसार अबतक नहीं दिख रहे हैं। समय पर बीज नहीं मिलने से इसका असर उसकी खेती पर पड़ेगी।

## 35 साल के युवक ने लगाई फांसी

**बोकारो।** बोकारो के चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के कारीपानी बस्ती निवासी मेघलाल सिंह (35 वर्ष) ने बीती रात अपने घर में फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली।

घटना की सूचना मिलने के बाद शनिवार की सुबह मकोली ओपी प्रभारी संजय सिंह और चंद्रपुरा थाना की पुलिस पहुंची और शव को फंदे से उतार कर कागजी प्रक्रिया के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विदित हो कि मेघलाल सिंह मूल रूप से जामताड़ा का रहने वाला था। यहां वह अपनी पत्नी मंजू देवी और दो बच्चों के साथ रहता था। कारीपानी लोकल सेल ट्रकों में कोयला ढुलाई का कार्य कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि मेघलाल बीती रात्रि खाना खाने के बाद अलग रूम में सोने चला गया था।